आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
10.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.51
सूर्यास्त 05.16

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष कृष्ण पक्ष तृतीया 06:25 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2082

रविवार, 7 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 13, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये

■ सीजेआई का कड़ा संदेश- उच्चतम न्यायालय आम लोगों के लिए है - 12

■ केंद्रीय वित्त मंत्री बोली- सीमा शुल्क को सरल बनाना होगा अगला बड़ा सुधार - 12

■ जयशंकर बोले भारत-रूस संबंध वैश्विक स्तर पर लंबे समय से सबसे स्थिर - 13

■ शुभमन गिल को पहले टी-20 मैच में खेलने के लिए मिली हरी झंडी - 14

एक और फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, सरगना समेत 6 पकड़े

संवाददाता, पीलीभीत/घुंघचिहाई

- 3 मोबाइल, 13 लैपटॉप, 2 कंप्यूटर एलईडी, यूएई का सिम बरामद

अमृत विचार: पुलिस ने एक और फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश कर छह जालसाजों को गिरफ्तार किया है। ये सभी दुबई में कॉल सेंटर में नौकरी कर चुके थे और अब अपना गिरोह चला रहे थे। कई प्रदेशों में इन्होंने ठगी की है।

एनसीआरपी पोर्टल से प्राप्त स्थानीय क्षेत्र के पॉश वेरिफिकेशन के दौरान 3 दिसंबर को पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा था। अमृतपाल गिरोह का सरगना था। उससे पूछताछ में पुलिस को सुराग मिले थे। इसी आधार पर एक और फर्जी कॉल सेंटर का धंधा पकड़ा गया। एसओजी और घुंघचिहाई पुलिस ने गिरोह के सरगना बसंतपुर नौनेर निवासी मनजीत सिंह उर्फ सोनू, गाबा चौक रुद्रपुर (उत्तराखंड) निवासी विक्रांत पंडित उर्फ विक्की सानागांव और च्रक खड़का, भोपाल के कालरा चौक निवासी कपिल मेहरा व कुनाल प्रजापति, भोपाल के ही दानिशकुंज के प्रशांत सिंह को पकड़ा। इनके पास से 13 मोबाइल, 13 लैपटॉप,2 कंप्यूटर, एलईडी, की-बोर्ड, 01 प्रिंटर जेरोक्स मशीन, 1160 रुपये, 2 सिम कार्ड खुरचे हुए, एक सिम यूएई का और तीन आधार कार्ड भी बरामद किए गए हैं।

बाउंड्रीवाल व छत्र से सुरक्षित होंगी बाबा साहेब की प्रतिमाएं

- महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री ने की घोषणा, विरोधी दलों पर निशाना
- संविदा व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मिलेगी न्यूनतम मानदेय की गारंटी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को दो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जहां भी बाबा साहेब की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां बाउंड्रीवाल और प्रतिमाओं पर सुरक्षा के लिए छत्र लगाए जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने घोषणा की कि चतुर्थ श्रेणी, संविदा और सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देने की गारंटी सरकार अगले एक-दो महीने के भीतर उपलब्ध करा देगी।

सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने कुछ शरारती तत्वों द्वारा प्रतिमाओं को क्षति पहुंचाने की घटनाओं से नाराजगी जताते हुए कहा कि बाबा साहेब की प्रतिमाओं पर छत्र और उनके चारों ओर मजबूत बाउंड्रीवाल बनाकर स्थायी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। आयोजक आंबेडकर महासभा के अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल की मांग का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि सरकार ने आउटसोर्स सेवा निगम का गठन कर दिया है और अब चतुर्थ श्रेणी, संविदा व सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय देना सुनिश्चित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि जीरो पॉवर्टी मिशन ते कहत अनुसूचित जाति-जनजाति और अतिपिछड़े गरीबों की पहचान लगभग पूरी हो चुकी है। जिनके पास अभी आवास या आयुष्मान कार्ड नहीं है, उन्हें घर और पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर उपलब्ध कराया जाएगा। योगी ने कहा कि बाबा साहेब ने सामाजिक विषमताओं को तोड़कर वंचितों, दलितों और अति पिछड़ों को सम्मानजनक जीवन का मार्ग दिखाया। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं—राशन, आवास, शौचालय, छात्रवृत्ति, पेंशन, आयुष्मान कार्ड संविधान की भावना में निहित न्याय, समता और बंधुता की ही परिणति हैं।

उन्होंने कहा कि हर मलिन बस्ती, दलित और जनजाति क्षेत्र को सड़क कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है और जहां भी कमी है, उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी संपन्नता आज दिखाई देती है, वह बाबा साहेब की प्रेरणा और मोदी सरकार की प्रतिबद्धता से संभव हो रही है। योगी ने भरोसा दिलाया कि कोई भी गरीब, दलित, वंचित या अभावग्रस्त परिवार लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

तुष्टिकरण करने वाले दल कर रहे देश का अहित

मुख्यमंत्री योगी ने मंच से विपक्षी दलों पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की नीति पर चलने वाले दल भारत का अहित कर रहे हैं और बाबा साहेब के आदर्शों का भी अपमान कर रहे हैं। उन्होंने ने एक ऐतिहासिक प्रसंग का हवाला देते हुए कहा कि बाबा साहेब ने स्वयं चेताया था कि जो लोग भारत भूमि को पवित्र नहीं मानते, उनके विचार देशहित में नहीं हो सकते।

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानवाधिकार समानता की ओर एक कदम व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

सरकार सख्त : 18 हजार से ज्यादा किराया नहीं ले सकेंगी एयरलाइंस

दूरी के हिसाब से टिकट दरें तय, इंडिगो को आज रात तक रिफंड के निर्देश

- 500 किमी तक की दूरी तक के लिए अधिकतम किराया होगा 7500 रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने इंडिगो संकट के बीच दूरी के हिसाब से अधिकतम किराया तय कर दिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि 500 किलोमीटर तक की दूरी तक के लिए अधिकतम किराया 7500 रुपये होगा। वहीं, 500 किमी से 1,000 किमी तक की दूरी के लिए किराये की सीमा 12,000 रुपये तय की गयी है। एयरलाइंस 1000 से 1500 किमी के लिए 15000 रुपये से ज्यादा नहीं ले सकेंगी। 1,500 किमी से ज्यादा की सभी दूरी के लिए अधिकतम किराया 18000 रुपये तय किया गया है।

मंत्रालय ने कहा है कि अधिकतम किराया सीमा में यूजर डेवलपमेंट फी, यात्री सेवा शुल्क और कर शामिल नहीं हैं। साथ ही, बिजनेस श्रेणी की सीटों और उड़ान योजना के तहत आरक्षित सीटों पर भी यह सीमा लागू नहीं होगी। उसने कहा है कि यह व्यवस्था अस्थायी है और स्थिति सामान्य होने तक लागू रहेगी। इससे पहले मंत्रालय ने कहा था कि उसकी जानकारी में है कि इंडिगो की उड़ानें रद्द होने का फायदा उठाकर कुछ एयरलाइनें भारी-भरकम किराये वसूल रही हैं। मंत्रालय ने कहा है कि किसी तरह की अनियमितता दिखने पर सुधारात्मक कार्रवाई की जायेगी। मंत्रालय ने इंडिगो से कहा है कि वह बिना किसी देरी के सभी प्रभावित यात्रियों को पूरा रिफंड दे। रद्द या प्रभावित उड़ानों के मामले में रिफंड का काम रविवार 07 दिसंबर 2025 को रात आठ बजे तक पूरा करने का निर्देश दिया गया है। इसमें देरी होने पर नियामक कार्रवाई की जायेगी। एयरलाइंस से कहा गया है कि जिन यात्रियों ने बैगेज चेक-इन करा लिया था उसके बाद उनकी उड़ान रद्द हो गयी या उसमें देरी हुई, उनके बैगेज यात्री के घर पर या उनके द्वारा उपलब्ध कराये गये पते पर भिजवा दिये जाएं। सरकार ने पूरे मामले की जांच के लिए डीजीसीए के एक संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति गठित की है। समिति इंडिगो संकट के कारणों की जांच करेगी और भविष्य ऐसी स्थिति से बचने के उपाय सुझायेगी।

कोलकाता : नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रतीक्षा करते यात्री।

इंडिगो की 800 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं

नई दिल्ली। इंडिगो की शनिवार को 800 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एयरलाइंस ने बताया कि शनिवार को रद्द उड़ानों की संख्या घटकर 850 से कम रह गयी है। उसने कहा है कि आने वाले दिनों में इस संख्या को और कम करने तथा परिचालन सामान्य करने के लिए वह प्रयासरत है। 04 दिसंबर में करीब 400, 05 दिसंबर को 1,000 से अधिक और 06 दिसंबर को 800 से ज्यादा उड़ानें रद्द रही हैं।

अतिरिक्त उड़ानों का संचालन करेगी एयर इंडिया

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि वह यात्रियों और उनके बैगेज को जल्द से जल्द उनके गंतव्यों तक पहुंचाने के लिए अतिरिक्त उड़ानें शुरू करने के विकल्प तलाश रही है। एयर इंडिया ने दावा किया है कि उसने 04 दिसंबर से जारी भारी मांग के बीच खुद ही पहल करते हुए किराये की कैपिंग की है ताकि यात्रियों को परेशानी न हो।

टीएमसी के निलंबित विधायक ने मुर्शिदाबाद में बाबरी जैसी मस्जिद की नींव रखी

बहरमपुर, एजेंसी

- केंद्रीय बलों की रही तैनाती, सऊदी अरब के धार्मिक नेता मंच पर मौजूद रहे
- कबीर ने मंच से कई बार कहा - प्रस्तावित ढांचा किसी भी कीमत पर बनकर रहेगा

टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के रेजीनगर में अयोध्या की बाबरी मस्जिद के मॉडल पर आधारित एक मस्जिद की नींव रखी। आरएएफ और केंद्रीय बलों की भारी तैनाती के बीच, कबीर ने मौलवियों के साथ, रेजिनगर में एक विशाल मंच पर औपचारिक फीता काटा, जबकि वास्तविक मस्जिद निर्माण स्थल आयोजन स्थल से लगभग एक किलोमीटर दूर था। वहां मौजूद लोगों में से कई प्रतीकात्मक रूप से अपने सिर पर ईंट लिए हुए थे। यह कार्यक्रम छह दिसंबर को निर्धारित किया गया था, जिस दिन 1992 में उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहा दी गई थी।

आयोजन के तिथि चयन को लेकर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रिया भी आई। न केवल रेजिनगर में, बल्कि निकटवर्ती बेलडांगा क्षेत्र में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई, जिसे प्रशासन ने भीड़ बढ़ने और तनाव बढ़ने की आशंका के मद्देनजर प्रभावी रूप से उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में तब्दील कर दिया था। कबीर को तृणमूल कांग्रेस ने सांप्रदायिक राजनीति में शामिल होने के आरोप में इस हफ्ते की शुरुआत में निलंबित कर दिया था। कबीर ने कार्यक्रम के मंच से कई बार कहा कि प्रस्तावित ढांचा किसी भी कीमत पर बनकर रहेगा। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं कुछ भी असंवैधानिक नहीं कर रहा हूं। उपासना स्थल बनाना एक संवैधानिक अधिकार है। बाबरी मस्जिद जरूर बनेगी। कबीर ने दावा किया कि इस परियोजना में किसी भी वित्तीय बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा।

कबीर ने कहा कि मुख्य मस्जिद तीन कट्ठा जमीन पर बनाई जाएगी, जबकि पूरा परिसर लगभग 25 बीघा में फैला होगा। कबीर ने स्थल के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण पेश करते हुए घोषणा की कि इस परिसर में एक अस्पताल, एक मेडिकल कॉलेज, एक विश्वविद्यालय, एक होटल और एक हेलीपैड भी होगा, जिसकी कुल अनुमानित लागत लगभग 300 करोड़ रुपये होगी। उन्होंने बताया कि एक स्थानीय डॉक्टर ने इस परियोजना के लिए पहले ही एक करोड़ रुपये दान कर दिए हैं।

आज गीता पाठ, पांच लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद

कोलकाता। कोलकाता में रविवार को 'हिंदुओं के आध्यात्मिक जागरण' के लिए भगवद् गीता का पाठ आयोजित किया गया है जिसमें करीब पांच लाख श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजक सनातन संस्कृति संसद के प्रवक्ता ने बताया कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के भी 'एक साथ पांच लाख गीता पाठ' नामक कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। प्रवक्ता ने बताया कि रामदेव, धार्मिक गुरु धीरेन्द्र शास्त्री और कार्तिक महाराज इस अवसर पर मौजूद श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे और गीता पाठ में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि राज्यपाल के अलावा, हमने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी निमंत्रण भेजा है, लेकिन उनके कार्यालय ने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। यह एक आध्यात्मिक कार्यक्रम है जिसका राजनीति से कोई संबंध नहीं है।

ब्रीफ न्यूज

जुबिन मौत मामले की जांच पूरी, 12 को दाखिल होगा आरोप पत्र

गुवाहाटी। गायक जुबिन गर्ग की मौत की जांच लगभग पूरी हो गई है और 12 दिसंबर को आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा। जुबिन की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में तैरते समय संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। सीआईडी के विशेष पुलिस महानिदेशक मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जांच पूरी हो चुकी है। आरोप पत्र में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जुबिन मौत मामले की जांच कर रहे एसआईटी का नेतृत्व कर रहे गुप्ता ने कहा कि अब तक सात गिरफ्तारियां की गई हैं और 300 से अधिक गवाहों से पूछताछ की गई है। आरोप पत्र सीआईडी द्वारा 18/2025 संख्या से दर्ज प्राथमिकी में दायर किया जाएगा।

नीट पीजी अभ्यर्थी अपने ही संस्थान में होंगे सीनियर रेजिडेंट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- काउंसिलिंग तक प्रभावी रहेगी व्यवस्था सेवा अवधि होगी बांड में शामिल
- पीजी पूरी करते ही सीनियर रेज़िडेंट पदों पर होगी त्वरित तैनाती

अमृत विचार : राजकीय मेडिकल कॉलेजों से परास्नातक कर रहे नीट पीजी 2022 (एमडी-एमएस) तथा नीट पीजी 2023 (डिप्लोमा) अभ्यर्थियों के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। ऐसे अभ्यर्थियों को फिलहाल अपने-अपने संस्थान में ही बतौर सीनियर रेज़िडेंट सेवाएं देनी होंगी।

यह सुविधा 29 जनवरी से प्रस्तावित नीट पीजी 2025 की ऑन लाइन काउंसिलिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्ति तक प्रभावी रहेगी। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय ने सभी चिकित्सा विश्वविद्यालयों, चिकित्सा संस्थानों और राजकीय मेडिकल कॉलेजों को भेज दिया है। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय के अपर निदेशक आलोक कुमार ने बताया कि यह व्यवस्था 29 जनवरी से प्रस्तावित नीट पीजी-2025 की ऑनलाइन काउंसिलिंग के माध्यम से होने वाली नियुक्ति तक प्रभावी रहेगी। इस अवधि के दौरान दी गई सेवा को दो वर्ष की अनिवार्य सेवा बांड में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन पीजी अभ्यर्थियों का अंतिम वर्ष का परिणाम घोषित हो चुका है और वे उत्तीर्ण हैं। उन्हें रोगीहित व छात्रहित में तुरंत प्रभाव से अपने संस्थान में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सीनियर रेज़िडेंट के रूप में नियुक्त किया जाएगा। साथ ही स्पष्ट किया कि यह नियुक्ति अस्थायी होगी और सभी पात्र अभ्यर्थियों का चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय द्वारा आयोजित काउंसिलिंग में सम्मिलित होना अनिवार्य है। काउंसिलिंग के बाद होने वाली अंतिम नियुक्ति उसी के आधार पर मान्य होगी। अभ्यर्थियों द्वारा इस अवधि में दी गई सेवाओं को अनिवार्य सरकारी सेवा बांड में जोड़ा जाएगा, जिससे मेडिकल कॉलेजों में मानव संसाधन की उपलब्धता में भी मदद मिलेगी।

कुवैत से भरवाया एसआईआर फॉर्म, तीन पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

- मां ने बेटों के फार्म पर किए हस्ताक्षर सिविल लाइंस थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

अमृत विचार: रामपुर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गलत जानकारी देने के आरोप में एक महिला और विदेश में रहने वाले उसके दो बेटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। मां ने दो बेटों के एसआईआर फार्म पर हस्ताक्षर करके जमा कर दिए थे। सुपरवाइजर की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

विधानसभा क्षेत्र 37 की भाग संख्या 237 से 248 तक के सुपरवाइजर दिनेश कुमार हैं। बीएलओ द्वारा फॉर्म का डिजिटाइजेशन करने पर पता चला कि भाग संख्या 248 की क्रम संख्या 646 पर दर्ज आमिर पुत्र मुश्ताक हुसैन और क्रम संख्या 648 पर दर्ज दानिश खां पुत्र मुश्ताक हुसैन निवासी पानी की टंकी के सामने, ज्वाला नगर के गणना प्रपत्रों पर इनकी माता नूरजहां द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं। जांच में पाया गया कि दोनों व्यक्ति लंबे समय से कुवैत में रह रहे हैं। इनकी मां ने इनका गणना प्रपत्र भरकर हस्ताक्षर करके बीएलओ को दिया जो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 31 का उल्लंघन है। दोनों भाइयों व उनकी माता द्वारा तथ्यों को छिपाकर धोखाधड़ी की। बीएलओ की तहरीर पर पुलिस ने तीनों पर बीएनएस 237 और बीएनएस 318(2), रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पिपुल एक्ट 1950 की धारा-31 में रिपोर्ट दर्ज की है। इस संबंध में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि तीन लोगों पर गलत तरीके से एसआईआर कराने के लिए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जो रात में जहां विश्राम करता है वोट वहीं से बनवाए।

विकास | मोदी ने कहा कि आर्थिक वृद्धि को उसके धर्म से जोड़ना क्या अनजाने में हो सकता है? यह उपनिवेशी मानसिकता का ही प्रतीक था

तब हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ कहने वाले अब खामोश क्यों : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि के आंकड़े उन बुनियादी परिवर्तनों का प्रतिनिधित्व करते हैं जो देश में पिछले 10 साल में हुए हैं, और यह दर्शाता है कि भारत दुनिया की आर्थिक वृद्धि का एक मजबूत इंजन बन गया है।

"जीडीपी की 8.2 प्रतिशत की वृद्धि प्रगति की नयी गति को दर्शाती है। ये आंकड़े ऐसे समय में आये हैं जब वैश्विक वृद्धि दर लगभग तीन प्रतिशत और जी-7 देशों की वृद्धि औसत डेढ़ प्रतिशत के आसपास है। भारत की आर्थिक वृद्धि के ताजा आंकड़े एक दशक के सुधारों का परिणाम हैं।

मोदी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुछ दिन पहले जारी दूसरी तिमाही के जीडीपी के आंकड़ों का उल्लेख किया जिनमें 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये आंकड़े प्रगति की नयी गति को दर्शाते हैं। ये आंकड़े ऐसे समय में आये हैं जब वैश्विक वृद्धि दर लगभग तीन प्रतिशत और जी-7 देशों की वृद्धि औसत डेढ़ प्रतिशत के आसपास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत उच्च वृद्धि और कम मुद्रास्फीति का मॉडल बनकर उभरा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इतनी तेज वृद्धि के बावजूद आज कोई इसे हिंदू रेट ऑफ ग्रोथ नहीं कहता। यह शब्द तब इस्तेमाल होता था, जब भारत दो-तीन प्रतिशत की वृद्धि के लिए संघर्ष करता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी देश की आर्थिक वृद्धि को उसके धर्म या लोगों की पहचान से जोड़ना क्या अनजाने में हो सकता है? यह उपनिवेशी मानसिकता का ही प्रतीक था। इसमें पूरे समाज और परंपरा को अकर्मण्यता और गरीबी से जोड़ने की कोशिश की गयी। उपनिवेश काल में भी भारत हथियारों का बड़ा उत्पादक था, ऑर्डिनेंस फैक्ट्रियों का विस्तृत नेटवर्क था, और भारत हथियारों का निर्यात करता था। लेकिन स्वतंत्रता के बाद रक्षा निर्माण प्रणाली ध्वस्त कर दी गयी। उपनिवेशी मानसिकता के कारण सरकार ने भारत में बने हथियारों को महत्व नहीं दिया, और भारत दुनिया के सबसे बड़े रक्षा आयातकों में शामिल हो गया। उन्होंने कहा कि भारत सदियों तक जहाज निर्माण का प्रमुख केंद्र रहा था। पहले भारत के 40 प्रतिशत व्यापार का परिवहन भारतीय जहाजों से होता था। लेकिन विदेशी जहाजों को प्राथमिकता दी गयी, और परिणामस्वरूप आज भारत अपने 95 प्रतिशत व्यापार के लिए विदेशी जहाजों पर निर्भर है - जिसके कारण हर वर्ष लगभग 75 अरब डॉलर (करीब छह लाख करोड़ रुपये) विदेशी शिपिंग कंपनियों को चुकाने पड़ते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे जहाज निर्माण हो या रक्षा निर्माण, आज हर क्षेत्र उपनिवेशी मानसिकता को पीछे छोड़कर नयी ऊंचाइयों की ओर बढ़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्र को हर क्षेत्र में उपनिवेशी मानसिकता से पूरी तरह मुक्त होना है।

... आज चर्चा होती है कम मुद्रास्फीति की

मोदी ने याद किया कि एक समय अर्थशास्त्री ऊंची मुद्रास्फीति को लेकर चिंतित रहते थे, लेकिन आज वही अर्थशास्त्री देश की कम मुद्रास्फीति की चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की उपलब्धियां साधारण नहीं हैं, और न ही वे केवल आंकड़ों की बात हैं, बल्कि वे उस बुनियादी परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो देश में पिछले दशक में आया है। इस परिवर्तन में विश्वास की नींव आज किये जा रहे कार्यों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि आज के सुधार और आज का प्रदर्शन कल के परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत की एक बड़ी क्षमता लंबे समय तक अप्रयुक्त रही। जब इस अप्रयुक्त क्षमता को अधिक अवसर मिलते हैं, और जब यह बिना बाधा देश के विकास में पूरा योगदान देती है, तो देश का परिवर्तन निश्चित है।

अमृत विचार

बरेली, रविवार, 7 दिसंबर 2025

शाहजहांपुर

74.67 करोड़ से चमकेंगी सीवर लाइन से क्षतिग्रस्त हुईं 109 सड़कें

महानगर में सड़कों की स्थिति चमाचम करने के लिए योगी सरकार ने दी है मंजूरी, स्मार्ट सिटी योजना के तहत होगा कार्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: महानगर में सीवर लाइन की खुदाई के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को अब नया रूप मिलने जा रहा है। इसके लिए 74.67 करोड़ रुपए की स्वीकृति योगी सरकार ने प्रदान की है, जिसके बाद जल्द ही 109 सड़कों का पुनर्निर्माण और सुधारीकरण किया जाएगा। स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की प्रभावी पैरवी के चलते यह मंजूरी मिली है। वित्तमंत्री ने पत्रकार वार्ता कर इस संबंध में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मंजूरी मिलते ही अब टेंडर प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके।

शनिवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कलेक्ट्रेट में वित्तमंत्री ने बताया कि सीवर लाइन की खुदाई के कारण महानगर की अधिकांश सड़कें खराब स्थिति में आ गई थीं। अब इस बजट के माध्यम से शहर की लगभग सभी सड़कें चमकेंगी। साथ ही रिंग रोड स्थित रेलवे क्रासिंग संख्या 325 सी पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए कार्ययोजना भी स्वीकृत कर दी गई है। इसके अतिरिक्त 152 डेकोरेट लाइट लगाने की मंजूरी भी प्रदान की गई है। वहीं सीवर लाइन हैंडओवर करने की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। वित्तमंत्री ने कहा कि इसके बाद शायद ही महानगर में कहीं कोई क्षतिग्रस्त सड़क रह जाएगी। लगभग सभी सड़कें बेहतर हो जाएंगी। जनता को इससे आवागमन में सहूलियत होगी। खराब सड़कों से पूरी तरह छुटकारा मिल जाएगा। उन्होंने कराए गए विकास कार्यों के लिए जनता की तरफ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। वित्त मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री की विकास वाली सोच के कारण साल दर साल शाहजहांपुर का विकास नित नई ऊंचाईयां छू रहा है।

ओवरब्रिज निर्माण को कार्ययोजना स्वीकृत : रिंग रोड स्थित रेलवे क्रासिंग संख्या 325 सी पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की कार्ययोजना भी स्वीकृत कर दी गई है। ओवरब्रिज निर्माण से आवागमन सुगम होगा तथा क्रासिंग पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार कार्ययोजना के बाद आगे की कार्रवाई नियमानुसार चरणबद्ध रूप से संचालित की जाएगी। इसके अलावा शासन स्तर से 152 डेकोरेट लाइट लगाने की मंजूरी भी प्राप्त हुई है, जिससे शहर की प्रमुख सड़कों का स्वरूप बेहतर होगा और रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था मजबूत होगी। वहीं सीवर लाइन का हैंडओवर प्रोसेस भी तेज कर दिया गया है, ताकि भविष्य में निर्माण कार्यों में विलंब न हो और सार्वजनिक सुविधाओं का संचालन व्यवस्थित रूप से हो सके।

पत्रकार वार्ता में परियोजनाओं की जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

42 सड़कें हॉटमिक्स व 67 सीसी से होंगी पुनर्निर्मित

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नवसृजित महानगरों में विकास को ध्यान में रखते हुए सीवर निस्तारण परियोजना तथा अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल पाइप लाइन डालने का कार्य चल रहा है। इसी क्रम में शाहजहांपुर शहर में भी सड़कों की खुदाई कर सीवर लाइन एवं पेयजल पाइप लाइन डाली गई थी, जिसके कारण नगर के अधिकांश मुख्य मार्ग क्षतिग्रस्त होकर उबड़-खाबड़ हो गए थे। इन मार्गों के पुनरोद्धार, नवीनीकरण एवं विस्तारीकरण हेतु नगर निगम द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर शासनादेश के माध्यम से स्वीकृति प्राप्त हो गई है। राज्य सेक्टर योजना के अंतर्गत कुल 109 सड़कों के निर्माण पर 7467.784 लाख रुपये अर्थात 74.678 करोड़ रुपये व्यय होना प्रस्तावित है। स्वीकृत परियोजना के अनुसार 42 सड़कें हॉटमिक्स (डामर) द्वारा तथा 67 सड़कें सीसी निर्माण विधि से बनाई जाएंगी। कुल 59.76 किलोमीटर लंबाई की सड़कों को दोबारा तैयार किया जाएगा, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था सुगम होगी और नागरिकों को आवागमन में राहत मिलेगी। कुल 42 मार्ग हॉटमिक्स निर्माण के तहत 32.29 किमी लंबाई में 4139.508 लाख रुपये की लागत से जबकि 67 मार्ग सीसी निर्माण के तहत 27.47 किमी लंबाई में 3328.276 लाख रुपये की लागत से बनाए जाएंगे। इस प्रकार कुल 109 सड़कों के लिए 7467.784 लाख रुपये स्वीकृत हैं।

वित्त मंत्री की अपील: दुकानों से बाहर न करें व्यापार

वित्तमंत्री ने महानगर में बड़े पैमाने पर सड़कों के निर्माण की घोषणा करते हुए व्यापारियों से दुकान की सीमा में रहकर व्यापार करने की अपील की। वित्तमंत्री ने कहा कि कुछ व्यापारी सामान दुकान के बाहर सजा कर बैठ जाते हैं। जिससे सड़कें संकुचित हो जाती हैं और जाम की स्थिति बनती है। जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने सभी कारोबारियों से अपील करते हुए कहा कि सामान दुकान के अंदर ही रखें ताकि आपका व्यापार जाम का कारण न बने और आवागमन सुचारू रूप से होता रहे। उन्होंने कहा कि अगर व्यापारी सड़क पर कारोबार करेंगे तो जनता को परेशानी होगी। ऐसे में नगर निगम को कार्रवाई करनी पड़ सकती है।

यह सड़कें होंगी चकाचक

- घंटाघर से चार खंभा तक
- गोविंदगंज फाटक से सदर चौराहा होकर घंटाघर तक
- सुभाषनगर तिराहा से कनौजिया हॉस्पिटल तिराहा तक
- कच्चा कटरा से राजघाट पुलिस चौकी तक
- ग्रीन वैली स्कूल से मेजबान होटल तक
- शहीद स्तंभ (गोविंदगंज फाटक) से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस तक
- स्टेशन रोड महिला थाना से गदियाना चुंगी तक
- पंडित रामप्रसाद बिस्मिल पार्क से लाल इमली चौराहा तक
- निशात टाकीज से घंटाघर रोड तक
- इस्लामिया इंटर कॉलेज से पचराहा तक
- अंटा चौराहा से अंजान चौकी तक
- बैरी चौकी से मालखाना कच्चा कटरा मोड़ तक
- एबी रिच इंटर कॉलेज से सुनेहरी मस्जिद तक
- खोया मंडी व अनाज मंडी रोड
- लाल इमली चौराहा से सुभाष तिराहा तक
- जामा मस्जिद क्षेत्र सड़क
- मोहल्ला जियाखेल एनएच-24 हरिओम पान दुकान से अब्दुलागंज होते हुए मघईटोला एसटीपी तक
- चार खंभा से किला रोड तक
- खिरनीबाग काली बाड़ी मंदिर से कचहरी तक
- घंटाघर से लकड़ी मंडी रोड तक
- सुभाषनगर तिराहा से स्मार्ट रोड तक
- सरायकाईयां तिराहा से पुत्तूलाल चौराहा तक
- सुजात खां पुलिया से निगोही रोड तक
- छाया कुआं से हनुमतधाम तक
- कवि तिराहा से दुर्गा होटल तक
- खिरनीबाग रामलीला ग्राउंड से आर्य महिला डिग्री कॉलेज तक
- खिरनीबाग से सदर बाजार तक
- अजीजगंज वृंदावन गार्डन की आंतरिक सड़कें
- आवास विकास कॉलोनी (महमंद जलालनगर) आंतरिक सड़क
- ईदगाह से मोहल्ला ककरा कलां तक
- मोहल्ला जलालनगर बाहर चंगी–गदियाना–निगोही रोड पंचपीर तिराहा से शहवाजनगर रोड चांदनी पुलियातक
- लोहारो वाले चौराहे से ककरा न्यू सिटी मार्ग तक

रैन बसेरों का निरीक्षण किया

शाहजहांपुर, अमृत विचार : नगर आयुक्त ने महानगर क्षेत्र में स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण किया। उन्होंने निगम के अधिकारियों को बेसहारा व निराश्रित लोगों की सुविधा को लेकर रैन बसेरों में सभी आवश्यक इंतजाम के निर्देश दिए।

34 शिकायते आईं, तीन का निस्तारण

तिलहर, अमृत विचार : संपूर्ण समाधान दिवस में विधायक सलोना कुशवाहा ने फरियादियों को सुना। इस दौरान आईं 34 शिकायतों में से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। शनिवार को ब्लॉक सभागार में सबसे पहले विधायक विधायक सलोना कुशवाहा व एडीएम अरविंद कुमार ने फरियादियों से एसआईआर फॉर्म भरे जाने की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि अधिकारी शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर करें जिससे कि फरियादी दोबारा शिकायत न कर सके। इस दौरान एसडीएम सदानंद सरोज, सीओ ज्योति यादव, कोतवाल राकेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।

महानगर की स्वच्छता के लिए मातहतों को निर्देश

शाहजहांपुर, अमृत विचार : नगर आयुक्त डॉ बिपिन कुमार मिश्र ने आज नगर निगम कार्यालय में महानगर को स्वच्छ रखने के लिए नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, सफाई नायक, सहायक सफाई नायक के साथ बैठक की गई, जिसमें महानगर को स्वच्छ रखने की दिशा में बेहतर से बेहतर स्वच्छता रखने व व्यवस्थित रूप से कार्य को करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता से सम्बंधित कार्यो को करने में किसी प्रकार की लापरवाही भी न किये जाने के निर्देश दिए। बैठक में महाप्रबंधक जल भी उपस्थित रहे।

आंबेडकर एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, शाहजहांपुर महानगर के तत्वावधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर सामाजिक समरसता दिवस के रूप में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंचाशीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर प्रबंधक एनटीआई कॉलेज डॉ. अंशुमान मैसी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं।

चित्रकार क़मर को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : महानगर में बाडूजई स्थित तौक़ीर आर्केड में चित्रकला में लड़कियों के लिए रोजगार की संभावनाओं पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में एलबीडी गर्ल्स कॉलेज तिलहर व शहर के जीएफ कॉलेज की छात्राओं ने आधुनिक कला की बारीकियों को सीखा। साथ ही, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा व बांग्लादेश के कलाकारों की पेंटिंग का अवलोकन किया।

इस अवसर पर प्रख्यात चित्रकार व तौक़ीर आर्केड के निदेशक डॉ मोहम्मद क़मर को जीएफ कॉलेज चित्रकला विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ उषा गर्ग व एलबीडी गर्ल्स कॉलेज तिलहर की पूर्व प्रधानाचार्य व कला प्रवक्ता सुनीता देवी, शिक्षिका रीना सक्सेना और छात्राओं ने स्मृति चिन्ह देकर व शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर डॉ उषा गर्ग ने कहा कि लड़कियां अपनी प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारने पर ध्यान दें। डॉ क़मर की कला यात्रा यथार्थवादी है। कला समीक्षक कला प्रवक्ता सुनीता देवी ने कहा कि क़मर अपनी कल्पना की नाव पर सवार होकर आकाश की ऊंचाई से लेकर समुद्र की गहराई तक मौजूद प्रकृति के विद्यमान स्वरूपों को रेखाओं के सहारे कैनवस व कागज पर उजागर करते हैं। इस अवसर पर कला प्रेमियों में प्रमुख रूप से मानसी, शबाना, अलीशा, प्रिया, प्रियंका चांदनी, पूनम, पिंकी, सरोजनी देवी, ज्योति, रचना, सोनाली, मधु, अनामिका, सरगम सिंह, नेहा, शीतल, कहकशां, यसरा, उमरा, सीमा, दीपा, सरोज, अग्रिमा पाल, मोहम्मद तय्यब, सबा नक़वी, देवघर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

चित्रकार क़मर को सम्मानित करते कला प्रेमी। ● अमृत विचार

- चित्रकला में लड़कियों के लिए रोजगार की संभावनाए

किसानों ने दी चेतावनी

बंडा, अमृत विचार: राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन ने बकाया गन्ना भुगतान न होने व किसानों को परेशान किये जाने का आरोप लगाते हुए गन्ना महाप्रबंधक चीनी मिल मकसूदापुर को ज्ञापन देकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। किसान यूनियन ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि यूनियन ने पत्र के माध्यम से अवगत कराया था कि किसानों का बकाया गन्ना भुगतान 15 अक्टूबर तक नहीं कराया गया तो समस्त कार्यकर्ता व सट्टा किसान चीनी मिल की चैन बंद करने के साथ अनिश्चितकालीन धरना, उग्र आंदोलन को विवश होंगे। यूनियन ने छह दिसम्बर को आंदोलन का ऐलान करते हुए कहा कि 9 दिसम्बर तक बकाया भुगतान नहीं किया गया तो 10 दिसम्बर को उग्र आंदोलन के साथ मिल के सभी कार्यालयों में तालाबंदी की जाएगी।

आंबेडकर का योगदान महत्वपूर्ण

- परिनिर्वाण दिवस पर लोनिवि विभाग ने की श्रद्धांजलि अर्पित
- आंबेडकर ने शिक्षा को प्रगति का विकल्प बताया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून मंत्री, संविधान निर्माता और भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के 70वें परिनिर्वाण दिवस पर लोनिवि खंड-1 के अधिशासी अभियंता रथिन सिन्हा समेत विभागीय कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि दी। बाबा साहब के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए सिन्हा ने कहा कि अंबेडकर ने शिक्षा को प्रगति का विकल्प बताया था। बिना शिक्षित हुए व्यक्ति कोई भी कार्य बेहतर ढंग से नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में बाबा साहब की भूमिका अतुलनीय रही है और देश की उन्नति के लिए उनके बताए मार्ग पर चलना आवश्यक है। इस मौके पर अंबेडकर के जीवन पर आधारित भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में जारी डाक टिकट का प्रतिरूप प्रतीक चिन्ह डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के जिला सचिव अहमद मुबीन ने अधिशासी अभियंता सिन्हा को भेंट किया।

कार्यक्रम में सहायक अभियंता महेंद्र कुमार, दिनेश सिंह यादव, डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के जिला अध्यक्ष राम औतार मौजूद रहे।

परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब का चित्र भेंट करते अधिकारी। ● अमृत विचार

बाबा साहब आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम
- समतामूलक समाज पर केंद्रित विचारों पर हुई चर्चा

अमृत विचार : संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस जिला शाहजहांपुर के बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने की। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व व योगदान पर चर्चा की।

सपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि अंबेडकर की विरासत भारत की राष्ट्रीय पहचान का अभिन्न हिस्सा है। उनके विचार भविष्य की पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बाबा साहब की भारतीय संविधान के माध्यम से प्रस्तुत समावेशी व समतावादी समाज की परिकल्पना आज देश के विकास के लिये मार्गदर्शक सिद्धांत बनी हुई है। सपा जिला महासचिव रणंजय सिंह यादव ने कहा कि अंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में याद किया जाता है। कार्यक्रम में सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा नेता लखन प्रताप सिंह, सपा नेता जितेंद्र प्रसाद प्रधान, सपा नेता कमल किशोर कठेरिया, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष अजफर अली, सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पार्थ यादव, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, सपा छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनोजिया, सपा जिला सचिव संतोष कुमार पाल, सपा यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव अजीम खान, शाहाब खान, मोहम्मद जकी, अजय भोजवाल, राम रतन लाल सोनी, राजकुमार शर्मा, पी.एल गौतम, बादाम सिंह यादव, शिशुपाल सिंह यादव, सर्वेश, पार्वती सैनी, नीलम आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

25 दिसंबर तक पोर्टल पर मांगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में दी जाएगी मार्जिन मनी सहायता
- अनुसूचित जाति को चार व जनजाति को दो इकाइयों का लक्ष्य
- 22.32 लाख अनुदान, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में मौका

अमृत विचार : अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों के लिए उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम योजना के तहत स्वरोजगार इकाइयां स्थापित करने के लिए 25 दिसंबर तक ई-पोर्टल पर आवेदन मांगे गए हैं। योजना में मार्जिन मनी सहायता दी जाएगी। अनुसूचित जाति के लिए चार और जनजाति के लिए दो इकाइयों का लक्ष्य है। कुल 22.32 लाख रूपये अनुदान के तौर पर दिए जाएंगे। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नई इकाइयां लगाने का मौका दिया गया है।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया कि योजना के अन्तर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में निर्माण उद्योगों के लिए अधिकतम 50 लाख रुपये व सेवा उद्योगों के लिए 20 लाख रुपये तक योजना लागत की नई ग्रामोद्योग इकाइयों की स्थापना के लिए बैंकिंग संस्थाओं के माध्यम से भवन, मशीन, उपकरण व कार्यशील पूंजी के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में मशीन-उपकरण टर्म लोन शामिल किया जाना अनिवार्य है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में अधिक इकाइयां स्थापित कराने के लिए सामान्य वर्ग के पुरुष लाभार्थियों को योजना लागत का 15 से 25 प्रतिशत व अन्य सभी वर्गों के पुरुष-महिला लाभार्थियों, सामान्य वर्ग की महिलाओं व दिव्यांगों को 25 से 35 प्रतिशत तक मार्जिन मनी अनुदान दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में निर्माण उद्योग के लिए अधिकतम 25 लाख व सेवा उद्योग के लिए 10 लाख रुपये योजना लागत तक की इकाइयों को तीन वर्ष तक ब्याज उपादान का लाभ भी मिलेगा।

इच्छुक आवेदक ऑनलाइन पोर्टल पर केवीआईबी एजेंसी का चयन कर आधार कार्ड, फोटो, प्रोजेक्ट प्रोफाइल, समरी, जाति प्रमाणपत्र, जनसंख्या प्रमाण पत्र, शैक्षिक व तकनीकी प्रमाण पत्र व स्कोर कार्ड अपलोड कर 25 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। उद्योग संचालन, उत्पादन से बिक्री तक का ज्ञान व उद्योग स्थापना के लिए भूमि-भवन की उपलब्धता अनिवार्य है। आवेदक संबंधित जानकारी के लिए दूरभाष 8318374411 पर या जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मोहल्ला सुभाषनगर तिराहा निकट डायमण्ड मैरिज लॉन में संपर्क कर सकते हैं।

कर्नल एकैडमी में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

सिंधौली, अमृत विचार: क्षेत्र के कर्नल अकैडमी ग्लोबल में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। कक्षा दो सी के मोहम्मद अदीब मंसूरी ने गेट रेडी फॉर स्कूल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया। पिता एम ए पब्लिक स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने अदीब मंसूरी को गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर बधाई। इस पर उनके पिता राम चीज सिंह ने हर्ष व्यक्त कर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। कार्यक्रम में स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल व कक्षा अध्यापिका तनफीज खान, स्कूल की डायरेक्टर प्रिंसिपल व स्पोर्ट्स टीचर शरन सिंह, वसंत सिंह आदि मौजूद रहे। सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

दूसरे दिन रोवर्स-रेंजर्स को गांठ बंधन सिखाया

जीएफ कॉलेज में रोवर्स-रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन शामिल छात्र।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत

अमृत विचार : जीएफ कॉलेज में रोवर्स-रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत स्काउट-गाइड के ध्वजारोहण व झंडा गीत से हुई।

जिला स्काउट ट्रेनिंग कमिश्नर करुण कुमार पांडे ने रोवर्स-रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन गांठ बंधन, पायनियरिंग, पोस्टर प्रतियोगिता, फूड प्लाजा आदि की जानकारी दी। रोवर्स प्रभारी डॉ मोहम्मद तुफैल और रेंजर्स प्रभारी डॉ हिना के नेतृत्व में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में रोवर्स दिनकर बाबू, रेहान, नवाज़, अब्दुल रहमान, अभिषेक वर्मा, सत्यम, महेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार पटेल, चांदनी, कशिश, ग़ज़ाला, शगुफ्ता, संध्या, रौशनी आदि मौजूद रहे।

ग्लोबल इन्टरनेशनल स्कूल के 15वें वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार : ग्लोबल इन्टरनेशनल स्कूल सिविल लाइन्स का 15वाँ वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हो गया। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने देश की संस्कृति, उपलब्धियों, खेल, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण को समर्पित अनेक शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र का अनावरण, दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना की प्रस्तुति की। छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत, अपना हर दिन ऐसे जियो इंडिया, नाटक सोशल मीडिया से होने वाले मानसिक व शारीरिक शोषण पर प्रस्तुति, राजनीति पर प्रस्तुति दी। इनके अलावा कक्षा 4 व 5 के बच्चों ने "बप्पा मोरया", जूनियर केजी की छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण प्रस्तुति दी।

मुमुक्षु क्रिकेट : मुकाबला रहा आर्ट इलेवन के नाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सेमीफाइनल में पहुंची आर्ट इलेवन, साइंस इलेवन, यूथ इलेवन और एसएसएमवी इलेवन

अमृत विचार : स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में चल रही मुमुक्षु क्रिकेट लीग में तेरहवें दिन का मैच स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज की टीम आर्ट-11 और स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज की टीम एसडीएस-11 के बीच खेला गया। मैच का टॉस आर्ट-11 टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

आर्ट-11 टीम ने 16 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 208 रन स्कोर किए। एसडीएस-11 की टीम ने जवाबी पारी में हालांकि बेहतरीन प्रदर्शन किया, पर यह टीम 16 ओवर में 5 विकेट खोकर महज 140 रन ही बना सकी। परिणामतः जीत आर्ट-11 की हुई। 29 गेंदों पर 5 छक्के और 7 चौके जड़कर 73 रन बनाने वाले आर्ट-11 के खिलाड़ी डॉ प्रमोद यादव को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। खेल की कमेंट्री डॉ आलोक कुमार सिंह व डॉ अंकित अवस्थी ने की।

इस मौके पर कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव डॉ अवनीश मिश्र, प्राचार्य प्रो आरके आजाद, डॉ जयशंकर ओझा, डॉ अमीर सिंह यादव, प्रो प्रभात शुक्ला, प्रो आदित्य कुमार सिंह, डॉ दीपक सिंह, डॉ राजीव कुमार, डॉ रमेश चंद्रा सहित भारी संख्या में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

गन्ना शोध संस्थान | वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया उद्घाटन, 40 किसानों ने किया प्रतिभाग

पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम किया शुरू

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शोध आधारित तकनीक से बढ़ेगा उत्पादन-उन्नति
- बिहार के विभिन्न जिलों से पहुंचे किसान

अमृत विचार : गन्ना शोध संस्थान में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कार्यक्रम की शुरूआत की। यह प्रशिक्षण बिहार सरकार के मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हो रहा है, जिसमें पटना, बेगूसराय, नालंदा आदि जिलों से आए 40 कृषक शामिल हैं।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि गन्ना शोध संस्थान की विकसित उन्नत किस्मों ने किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान प्रदेश का प्रमुख शोध केंद्र है और इसकी उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। उन्होंने कहा कि बिना शोध के उपलब्धि संभव नहीं।

हर प्रगति के पीछे शोध की अहम भूमिका है। खन्ना ने किसानों को सलाह दी कि वे प्रशिक्षण मनोयोग से ग्रहण कर वैज्ञानिकों की तकनीक अपनाएं, जिससे उत्पादन बढ़ेगा और आर्थिक लाभ मिलेगा।

उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद के निदेशक वी.के. शुक्ला ने वित्त मंत्री का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि संस्थान लगातार किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है।

गन्ना शोध संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। ● अमृत विचार

कार्यक्रम में जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र मिश्र, प्रगतिशील किसान कौशल मिश्र, संस्थान के वैज्ञानिक व अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रसार अधिकारी डॉ. संजीव पाठक ने किया।

उन्होंने बताया कि बिहार से आया यह सातवां प्रशिक्षण दल है। पूर्व में उत्तराखंड के दो तथा हरियाणा के एक दल को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस बार प्रशिक्षण में किसानों को नवीन तकनीक, उन्नत गन्ना किस्में, कृषि प्रबंधन व उत्पादन बढ़ाने की विधियां बताई जाएंगी।

न्यूज ब्रीफ

व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

निगोही। निगोही थाना क्षेत्र के ढकिया तिवारी में 45 वर्षीय व्यक्ति ने शुक्रवार की रात पारिवारिक कलह हो लेकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। परिवार वालों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना पर कोई सूचना नहीं है।

ट्रैक्टर-ट्राली को ट्रक ने मारी टक्कर

तिलहर, अमृत विचार : पराली की गांठों से भरे ट्रैक्टर ट्राली को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे हाईवे पर जाम लग गया। पुवायां के शोभित पटेल शुक्रवार रात ट्रैक्टर ट्राली से पराली की गांठे लेकर बरेली जा रहे थे। तिलहर मंडी समिति गेट के सामने पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी, दोनों वाहन फंस गए। हादसे के बरेली जाने वाले मार्ग पर जाम लग गया। कोतवाल राकेश कुमार ने पहुंचकर जाम खुलवाया।

बिजली राहत योजना में सक्रिय हुए उपभोक्ता

सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार : कस्बे के तिराहा स्थित बादशाहनगर विद्युत उपकेंद्र के कर्मचारियों ने बिजली राहत योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए शिविर लगाया। जागरूकता के परिणामस्वरूप करीब 29 उपभोक्ताओं ने अपना नामांकन कराया। एक दिसंबर से प्रारंभ हुई राहत योजना के तहत लगाए गए शिविर में पहुंचे एसडीओ राजेश कुमार, जेई अरविंद कुमार, टीजी-2 मंजेश यादव, लाइन मैन राजेश कुमार, राम लड़ैते व श्रद्धेय मिश्र मौजूद रहे। जेई अरविंद कुमार ने बताया कि शिविर में कुल 29 उपभोक्ताओं ने नामांकन कराया तथा 94 हजार 400 रुपये की राशि जमा की गई।

चेतना समिति के संयोजक उपवास पर

शाहजहांपुर . अमृत विचार : प्रबुद्ध चेतना समिति के संयोजक जगदीश चंद्रा विगत 3 वर्षों की भाँति सामाजिक समस्याओं के निराकरण के लिए संविधान निर्माता डा .अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस 50 घंटे के उपवास पर बैठे है। शनिवार की सायं 4 बजे उन्होंने पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार में डा अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत वे उपवास पर बैठ गए है। इस अवसर पर प्रबुद्ध चेतना समिति के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र मोहन सहित सियाराम दिनकर, अरविन्द कुमार, जगदीश प्रसाद, अजय वर्मा, विनोद कुमार समेत अन्य रहे।

छात्रा ने गर्रा पुल से लगाई छलांग नदी में पानी कम होने से बची जान

रामचंद्र मिशन की रहने वाली है छात्रा, कूदने पर चोट लगी, सूचना पर पहुंचे परिजन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

पुल पर लगी लोगों की भीड़ ● अमृत विचार

अमृत विचारः गर्रा नदी पुल पर एक छात्रा ने अपना बैग नीचे रख दिया और नदी में छलांग लगा दी। नदी के किनारे खड़े लोगों ने छात्रा को बचा लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा को मेडिकल कॉलेज भेज दिया। नदी में पानी कम था। सूचना पर छात्रा के परिवार वाले मौके पर पहुंच गए।

चौक कोतवाली क्षेत्र में गर्रा नदी से कुछ दूरी पर एक छात्रा शनिवार की दोपहर 12 बजे उतरी। वह गर्रा नदी पुल पर आयी। वह अपनी पीठ पर स्कूल की किताबों का बैग लिया। पुल की रेलिंग के पास घूम रही थी। उसने स्कूल का बैग पुल के किनारे रख दिया और एक दम रेलिंग पर चढ़कर नदी में छलांग लगा दी। लोगों ने उसे नदी में गिरते देखा तो नदी के आस-पास जानवर चरा रहे लोग दौड़कर गए और छात्रा को नदी से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही राजघाट पुलिस के दरोगा और सिपाही पहुंच गए और छात्रा को पुल के ऊपर लेकर आए। नदी में पानी कम होने के कारण उसके शरीर में चोट आ गयी थी। छात्रा दर्द के कारण चिल्ला रही थी। पुलिस बैग की तलाशी ली तो उसके बैग में कालेज का पहचान पत्र मिला। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा है और कक्षा नौ की

- **परिजन भी इस आत्मघाती कदम के विषय में कुछ बता नहीं पा रहे**

छात्रा है। पुलिस ने बेहोशी की हालत में छात्रा को मेडिकल कालेज भेज दिया है। पुलिस ने परिवार वालों को सूचना कर दी। परिवार वाले मेडिकल कालेज पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव उधौपारा की की छात्रा है। वह शहर में एक इंटर कालेज की कक्षा नौ की छात्रा है। उन्होंने बताया कि छात्रा कुछ बता नहीं रही है कि नदी में क्यों छलांग लगा दी है। परिवार वालों का कहना है कि घर से सुबह सही सलामत कालेज गई थी और यह कदम क्यों उठाया, कुछ जानकारी नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

झगड़ों को दुनियावी अदालतों में ले जाने के बजाय शरिया विभाग में हल करवाए

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

मदरसा अरबिया अनवारुल उलूम में हुई दस्तारबंदी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मदरसा अरबिया अनवारुल उलूम में सालाना जलसा दस्तारबंदी का आयोजन किया गया। जिसमें 50 हाफिजों की दस्तादबंदी कर उन्हें उपाधि प्रदान की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दारुल उलूम देवबंद के मौलाना मुफ्ती सैयद मुहम्मद सलमान मंसूरपुरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पवित्र कुरआन इस्लाम का एक ज़िंदा और हमेशा रहने वाला चमत्कार है। इस्लामी मदरसे दीन के किले हैं। जहाँ से इंसानियत का सबक सिखाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि एक मुसलमान को भलाई करने वाला होना चाहिए, भलाई की भावना से जीना ही मुसलमान की पहचान है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि मुस्लिम समाज को अपने मसलों को जाने-माने विद्वानों और दारुल इफ्ता की तरफ़ रुख करके सुलझाना चाहिए। अपने झगड़ों को दुनियावी अदालतों में ले जाने के बजाय शरिया विभाग में हल करवाना चाहिए।

- **जलसे में 50 हाफिजों को दस्तारबंदी की उपाधि दी गई**

इसके अलावा नायब अमीर शरीयत मौलाना मुफ़्ती कलीमुल्लाह, मौलाना इस्लामुल हक़ असजद, मौलाना मुफ़्ती एहसानुल्लाह ने जलसे को संबोधित किया। नायब अमीर-उल-हिंद की दुआ के साथ जलसा खत्म हुआ। इस मौके पर प्रोफेसर मुहम्मद नोमान, मुफ्ती अब्दुल हक, मुफ्ती साबिर, मौलाना हंजला इस्लाम, मौलाना वकार इस्लाम, कारी मुहम्मद इमरान, मुफ्ती अनस, मौलाना उस्मान, डॉ. हिकमतुल्लाह, इंजीनियर महफूज, हाजी इकरार, अब्दुल सबूर खान, डॉ. इसहाक बेग, सैयद रिजवान, नौशाद, मशहूद आफाक, हाजी अजीज मौजूद थे।

अनियंत्रित वाहन ने युवक को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, सिंधौली

अमृत विचारः गांव गैरतपुर निवासी श्यामबेटी ने प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया कि 27 नवंबर की सुबह उनके पति हरिवचन प्रतिदिन की तरह टहलने निकले थे। इसी दौरान बिलंदपुर की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में हरिवचन की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

सिंधौली में कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल : शहर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी अतुल गुप्ता ने न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई प्राथमिकी में बताया कि 24 सितम्बर की रात वह अपने भतीजे गोपाल के साथ स्कूटी से पुवायां से घर वापस लौट रहा था। कोरोंकुइयां के नजदीक रास्ते में लघुशंका के दौरान शाहजहांपुर की दिशा से आई एक अनियंत्रित कार ने गोपाल को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

मधुमक्खियों के हमले से दंपत्ती घायल

कलान, अमृत विचार : गांव सथरी निवासी विमलेश शाक्य व उनकी पत्नी रुचि शाक्य खेत में शाम 4 बजे तार लगाने गए थे। जहां कहीं से मधुमक्खियां आ गईं और दंपति पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से बचने के लिए युवती पानी भरे गहरे गड्ढे में घुस गई। तब उसकी जान बची। पीड़ित विमलेश ने बताया कि उसके पुत्र कृष्णा (10) व चचेरे भाई दिव्यांग सत्य राम को भी मधुमक्खियों ने हमला कर जख्मी कर दिया। वहीं खेतों पर काम कर रहे दर्जन भर लोगों को मधुमक्खियां ने हमला कर जख्मी कर दिया। घायल निजी चिकित्सकों के यहां इलाज करा रहे हैं। उधर, विमलेश, उनकी पत्नी रुचि, पुत्र कृष्ण व चचेरे भाई दिव्यांग सत्य राम को एंबुलेंस के माध्यम से कलान सीएचसी पर इलाज के लिए लाया गया।

आठ लाख की चोरी की जांच करेंगे सीओ सिटी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः रोडवेज बस अड्डे से नगदी, जेवर समेत आठ लाख की चोरी के खुलासे में पीड़ित संतुष्ट न होने से एसपी से आकर मिला। पीड़ित ने बताया कि विवेचना अधिकारी ने आरोपी के पास से बरामद जेवर में सिर्फ तीन अंगुठी और 550 रुपये दिखाए है। जबकि पूरा जेवर और रुपये बरामद हो गया था। विवेचनाधिकारी अन्य जेवर के बारे में कुछ नहीं बता रहे है। एसपी ने सीओ सिटी को जांच सौंपी है।

हरदोई जिले के बेहटा गोकुल के गांव सिरोमणीनगर निवासी बालकृष्ण बाजपेयी अपनी पत्नी के साथ शनिवार की दोपहर एसपी से आकर मिले और एक प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि 05 दिसंबर को परिवार समेत बरेली से ट्रेन से आने के बाद रोडवेज बस अड्डे पर गया। उन्होंने बस के अंदर बैग रख दिया और पत्नी व भाभी को सीट पर

- **पीड़ित परिवार एसपी से मिला चोरी के खुलासे से नहीं संतुष्ट**

बैठाकर पानी बोतल लेने के लिए चला गया। उनका बैग चोरी हो गया। बैंग में दो अंगुठी जेंट्स, तीन लेडिज अंगुठी, सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी झाले, साड़ियां और दस हजार रुपये थे। पुलिस ने बरेली जिले के चोर गुरदयाल को पकड़ा और उसकी निशानदेही पर फरीदपुर से एक सराफा की दुकान से जेवर बरामद किया था। पुलिस ने मात्र तीन अंगुठी दिखायी और अन्य जेवर के बारे में कुछ न बताकर कागज पर हस्ताक्षर कराने के लिए दबाव बनाया। उन्होंने कागज पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। पुलिस ने कहा कि दूसरा चोर भाग गया। वह चोरी के खुलासे संतुष्ट नहीं है। एसपी राजेश द्विवेदी ने पीड़ित को आश्वासन दिया कि जांच में जो दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

ससुराल वालों से परेशान महिला ने दी खुदकुशी की धमकी

शाहजहांपुर, अमृत विचारः रोजा थाना क्षेत्र के गांव जमुही निवासी पूजा मिश्रा ने थाना दी गई तहरीर में बताया कि उसकी शादी कई साल पहले आदेश निवासी बल्लिया थाना रोजा के साथ हुई थी। उसके मायके वालों ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। शादी के बाद उसके तीन बच्चे पैदा हुए।

आरोप है कि उसका पति उसके साथ बराबर मारपीट करते है। पति और ससुराल वाले खर्चा नहीं देते है। ससुराल वाले बराबर घर से निकालने की धमकी देते है। उसके पति हरिद्वार में प्राइवेट नौकरी करते है। उसके पति वहां पर दूसरी औरत से शादी कर ली है। उसके ससुराल वाले बल्लिया में किराए के मकान में रहते है। पीड़िता ने कहा कि ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह बच्चों समेत आत्महत्या करने के लिए मजबूर होगी। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने पीड़िता की तहरीर पर ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संवाददाता, कलान

अमृत विचार : थाना क्षेत्र गांव मकरंदपुर में खून की उल्टियां होने से वृद्ध महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पड़ोसी पर धक्का देकर मार डालने का आरोप लगाया है।

गााव निवासी ऋषिपाल राठौर की पत्नी फूलमती 75 वर्ष को शुक्रवार की रात खून की उल्टियां हुईं और उनकी मृत्यु हो गई। बताया जाता है कि मृतका के पुत्र दाताराम, लालाराम, रमेश ने पड़ोस के ही एक रिटायर शिक्षक पर धक्का देकर मार डालने का आरोप लगाया है। इसी आरोप के चलते गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। बताते हैं कि इसकी जानकारी जब थाना प्रभारी प्रभास चंद्र को हुई तो वह तत्काल पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल मकरंदपुर गांव पहुंच गए और लोगों से जानकारी की। बातवीत के बाद मामला कुछ हद तक शांत हो गया।

- **परिजनों ने पड़ोसी पर लगाया हत्या करने का आरोप**

लेकिन इसके बावजूद परिजन शव के पोस्टमार्टम कराने पर अड़े रहे। जिस कारण पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में ले लिया। तनाव की स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी प्रभास चंद्र ने पुलिस अधीक्षक व सीओ जलालाबाद अजय राय को घटना के बारे में बताया। इस पर सीओ भी घटना स्थल पर पहुंच गए और विधि प्रयोगशाला टीम को भी बुला लिया। टीम ने स्थिति का जायजा लिया। वहीं परौर पुलिस भी मौके पर पहुंचीं। कलान पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र ने बताया कि अभी तक कोई प्रार्थना पत्र नहीं मिला है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही प्रकरण का खुलासा हो सकता है। जबकि उसकी मृत्यु हार्ट अटैक से बताई जा रही है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचारः डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर नगर के मोहल्ला गांधी नगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अवनीश कुमार (अध्यापक) के आवास पर संपन्न हुआ, जहां उपस्थित जनों ने बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में बहुजन समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

सभा के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के महान कार्यों, शिक्षाओं और समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने यह संकल्प लिया कि वे बाबा साहब के

- **बाबा साहब के दिखाए मार्ग पर चलेंगे का लिया प्रण**

दिखाए मार्ग पर चलेंगे, समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने और शिक्षा के प्रति जनजागरण को बढ़ावा देने का प्रयास करेंगे। अवनीश कुमार ने कहा कि "शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो पिएगा वही दहाड़ेगा।" उन्होंने शिक्षा को समाज की तरक्की का सबसे बड़ा साधन बताते हुए कहा कि बिना शिक्षा जीवन पशु के समान है। उन्होंने भारतीय संविधान को सभी को समानता प्रदान करने वाला महान दस्तावेज बताया।

जिला पंचायत सदस्य ब्रजेश कुमार ने समाज को एकजुट रहने और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने की अपील की। वहीं, अध्यापक महिपाल सिंह ने संविधान को संसार का सबसे बड़ा और पवित्र ग्रंथ बताते हुए कहा कि इसने दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक व महिलाओं को नया जीवन और अधिकार दिए हैं।

कार्यक्रम को वरिष्ठ शिक्षक रामनिवास, दिनेश कुमार (अध्यापक) सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में रामरतन कन्नौजिया फौजी, सत्यप्रकाश गौतम (अध्यापक), रोहित कुमार, मोहित कुमार, प्रदीप कुमार, राहुल भारती, अक्षांश कुमार कन्नौजिया, राशि, नेहा, मुस्कान, पंकज, सुनीता, प्रमोद, नीतू, वंदना, सतीश कुमार समेत अनेक लोगों ने उपस्थित होकर डॉ. आंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अवैध धार्मिक ढांचा गिराने की मांग

शाहजहांपुर, अमृत विचारः हिंदूवादी संगठनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर हटाने की मांग की।

पदाधिकारियों ने बताया कि नगर निगम कार्यालय के पास विवाहों में उपयोग होने वाली कुआंवारा भूमि पर अवैध धार्मिक ढांचा बनाया गया था, जिसके खिलाफ सिविल कोर्ट ने 2013 में हटाने का आदेश दिया था, लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। संगठनों ने धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर हटाने, नदियों के किनारे कब्जा की जा रही सरकारी भूमि खाली कराने तथा कुआंवारा स्थल से अवैध कब्जे हटवाने की मांग उठाई। कहा गया कि बच्चों की परीक्षाएं निकट हैं और बुजुर्गों को ध्वनि प्रदूषण से समस्या होती है, इसलिए लाउडस्पीकर हटाए जाएं।

नगरिया बुजुर्ग के दो युवाओं का थल सेना में चयन से परिजनों में खुशी

संवाददाता, जलालाबाद

अंशुल सिंह यादव। ● अमृत विचार

शौरव कुमार ● अमृत विचार

अमृत विचारः भारतीय थल सेना में चयनित होकर सात माह का प्रशिक्षण पूरा कर लौटे नगरिया बुजुर्ग गांव के दो जवानों का शनिवार को याकूबपुर पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्ण स्वागत किया। गांव में सेना के जवानों की आमद की खबर फैलते ही वातावरण उल्लास से भर गया। बुजुर्गों से लेकर युवाओं व बच्चों तक सभी में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

गांव के अंशुमान सिंह यादव पुत्र देशपाल सिंह यादव और सौरभ कुमार पुत्र अनिल कुमार ने कड़ी मेहनत और जुनून के साथ सेना प्रशिक्षण पूरा किया है। करीब सात महीने तक चले प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना कर सफलता प्राप्त की। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों और साथियों ने दोनों का मालाएं पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाई। बच्चे उत्साहित होकर जवानों के साथ सेल्फी लेते नजर आए। परिजनों ने भावुक होते हुए कहा कि पुत्रों ने देश की सेवा का मार्ग चुना है, यह पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। अंशुमान सिंह ने बताया कि यह उनका अंतिम प्रयास था और यह सफलता बुजुर्गों के आशीर्वाद से मिली है। हैदराबाद ट्रेनिंग सेंटर में हुए प्रशिक्षण ने न केवल शारीरिक रूप से मजबूत किया है, बल्कि राष्ट्र सेवा की भावना और भी दृढ़ की है। गांव के संभ्रांत लोगों ने कहा कि सेना में भर्ती होकर युवा न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं।

किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद की सजा

शाहजहांपुर, अमृत विचारः पॉक्सो एक्ट के आरोपी नन्हेलाल निवासी कोलामझरा रैपुरा, थाना जलालाबाद को एएसजे-08 द्वारा आजीवन कारावास तथा 2 लाख 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। एसपी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग सेल, थाना जलालाबाद पुलिस व अभियोजन विभाग के समन्वय से समयबद्ध साक्ष्य व प्रभावी पैरवी की गई। केस संख्या 151/2022 थाना जलालाबाद में आरोपी नन्हेलाल पर अपनी नाबालिग पुत्री से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का आरोप था। साक्ष्यों और प्रभावी पैरवी के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया।

रिश्तेदारों पर संपत्ति का हिस्सा हड़पने का आरोप

संवाददाता, जैतीपुर

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर निवासी रसवीर ने रिश्तेदारों पर संपत्ति का हिस्सा हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

रसवीर ने बताया उनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। कुछ रिश्तेदारों ने उनके हिस्से के मकान और कृषि भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया है। आरोप है कि उन्हें ट्रैक्टर, ट्रॉली, बाइक और पशुओं में भी हिस्सा नहीं दिया जा रहा है। कहा कुछ माह पूर्व खेत में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ दो लाख रुपये में बेच दिए गए थे, लेकिन उन्हें उसमें भी कोई हिस्सा नहीं मिला। तीन दिन पहले जब वह अपने घर आया तो दोनों रिश्तेदारों ने उन्हें घर में घुसने नहीं दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। कहा जब वह अपने हिस्से की बात करते हैं, तो उनके भाई गाली-गलौज करते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। इस मजबूरी के कारण वह अपनी पत्नी के साथ ससुराल में रहकर किसी तरह गुजारा कर रहा हैं। थाना प्रभारी गौरव त्यागी ने बताया अभी प्रार्थना पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। प्रार्थना पत्र प्राप्त होते ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

70 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज : शाहजहांपुर चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दीवान जोगराज निवासी सुक्खनलाल गुप्ता ने रोजा थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि रोजा मंडी समिति में एसएल फूड्स फर्म का प्रोपाइटर हूं और गुड़ व चीनी का थोक विक्रेता हूं। उनका मुख्य

- **माता-पिता की मृत्यु के बाद रिश्तेदारों ने खेत पर किया कब्जा**

कार्यालय बहादुरगंज में है। उन्होंने अपनी फर्म के माध्यम से पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में कलिमिया भंडार एवं नेकी गारमेंट्स से वर्ष 2017 से 2024 तक व्यापार किया था। उस फर्म के प्रोपाइटर शब्बीर एसके है। उन्होंने राव, गुड़ व चीनी की सप्लाई की थी। फर्म सप्लाई का भुगतान बैंक के माध्यम से खाते में करती थी। उन्होंने हिसाब लगाया तो फर्म पर 70 लाख 70 हजार 600 रुपये बकाया निकला है। वह बराबर भुगतान करने का आश्वासन देते आ रहे थे। फर्म के प्रोपाइटर ने भुगतान करने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दे रहे है। उनका आरोप है कि फर्म ने उनकी धनराशि हड़प कर ली है। रोजा थाना प्रभारी ने बताया कि धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

बढ़ौरा में विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी धमकियों के बाद भी थाने ने नहीं लिखी रिपोर्ट

पुवायां, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बढ़ौरा में तीन ग्रामीणों ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने और पैसे मांगने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। मनमून, महताब और एहसान ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया था कि वारिस, आरिफ़ और हिनाबानो ने उन्हें फर्जी कागज थमाकर ठगी की। पीड़ितों के अनुसार मनमून ने हिनाबानो के खाते में 90,000 और 1 लाख नकद दिए। महताब ने हिनाबानो के खाते में 43,000 तथा 1,10,000 नकद वारिस को दिए, जबकि एहसान ने 90,000 नकद और 10,000 खाते में जमा किए। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षों से रुपये मांगने पर आरोपी टालमटोल करते रहे। हाल ही में जब वे पैसे मांगने गए तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ितों का कहना है कि आरोपी पर पहले भी कई मामले दर्ज बताए जाते हैं। शिकायत के दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न किए जाने से पीड़ितों और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। पीड़ितों ने उच्च अधिकारियों से उचित कार्रवाई की मांग की है।

कीचड़ में फंस कर ठेली पलटी

जैतीपुर, अमृत विचार : विकासखंड के करकौर गांव में सफाई न होने से मुख्य गली में कीचड़ जमा हो गया है। शनिवार शाम 4 बजे इस कीचड़ में फंसकर एक कबाड़ ठेली पलट गई। ठेली पर बैठा कबाड़ी बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों ने मिलकर ठेली को सीधा किया।

ग्रामीणों का आरोप है कि सफाईकर्मी की लापरवाही के कारण गांव में गंदगी और कीचड़ की समस्या बनी हुई है। मुख्य गली में पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, जिससे ग्रामीण खुद सफाई करने को मजबूर हैं।ग्रामीण महावीर सिंह गुर्जर और बलवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने सफाईकर्मी से फोन पर बात की थी। सफाईकर्मी ने तीन दिन में आने का आश्वासन दिया था, लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी वह गांव नहीं आया। इस मामले में सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामौतार शर्मा से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

जीआरपी थाना शिफ्ट होने में समस्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

नए भवन में की जीआरपी थाना नहीं हुआ शिफ्ट।

- **नए भवन में पहुंच गया आरपीएफ थाना**
- **मालखाना खाली न होने से समस्या**
- **प्रभारी निरीक्षक को नहीं मिला आवास**

अमृत विचारः रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के पुराना थाना में मालखाना खाली न होने से जीआरपी थाना शिफ्ट नहीं हो पा रहा है। जबकि आरपीएफ थाना नए भवन शिफ्ट हुए कई माह हो गए है, लेकिन पुराना भवन में मालखाना उनके पास अभी भी है। इसी कारण जीआरपी थाना शिफ्ट नहीं हुआ है। जीआरपी थाना का भवन खाली न होने से सरकुलेटिंग एरिया में कार्य नहीं हो पा रहा है।

रेलवे स्टेशन पर सरकुलेटिंग एरिया में काम चल रहा था। अधिकारियों के निर्देश थे कि आरपीएफ थाना को दूसरे भवन शिफ्ट और जीआरपी थाना आरपीएफ के पुराने भवन शिफ्ट किया जाए। आरपीएफ थाना और आरएमएस प्लेटफार्म एक नए भवन में शिफ्ट हो गया है। जीआरपी थाना आरपीएफ के पुराने भवन शिफ्ट नहीं हुआ है। जीआरपी थाना दो कमरों में वर्तमान में चल रहा है। आरपीएफ का पुराना भवन में मरम्मत कराके जीआरपी के लिए पांच कमरे बना दिए गए है। आरपीएफ ने पुराने भवन में मालखाना का कमरा नहीं छोड़ा है। जबकि नए भवन परिसर में आरपीएफ के पास काफी जगह है। रेल अधिकारियों ने जीआरपी थाना को आरपीएफ के पुराने भवन में शिफ्ट होने के लिए कई बार कहा गया है, लेकिन मालखाना खाली न होने से जीआरपी थाना शिफ्ट नहीं हो पा रहा है। जीआरपी थाना शिफ्ट न होने से सरकुलेटिंग एरिया में कार्य में बाधा आ रही है। जबकि आरएमएस कार्यालय पूरा खाली हो गया है। इसके अलावा जीआरपी के सिपाहियों को सरकारी आवास दे दिया गया, लेकिन प्रभारी निरीक्षक को सराकारी आवास नहीं दिया गया है, किराए के मकान में रह रहे है। डीआरएम ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए थे कि प्रभारी निरीक्षक को सरकारी आवास दे दिया जाए। मंडल के अधिकारियों ने बताया कि मालखाना खाली करके जीआरपी थाना शिफ्ट किया जाए, जिससे सरकारी शीघ्र हो सके। कुल मिलाकर मालखाना खाली न होने से जीआरपी थाना शिफ्ट नहीं हो रहा है।

अमृत विचार

बरेली, रविवार, 7 दिसंबर 2025

शाहजहांपुर

शौर्य दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर

शाहजहांपुर, अमृत विचार : भारतीय बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्र नाहिल के जन्मदिवस व शौर्य दिवस पर भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का शुभारम्भ कार्यक्रम अध्यक्ष मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नेपाल सिंह व मुख्य अतिथि व्यापार मण्डल के प्रदेशाध्यक्ष किशोर गुप्ता ने किया। रक्तदान करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्र "नाहिल", प्रदेश महामंत्री मुनिराज सिंह, अंकित अवस्थी, दीपक सिंह, रोहित सिंह, अभिमन्यु चौहान, राजू राठौर रोहित यादव रिंकू राजपूत, मोहित शुक्ला, आशीष दीक्षित, आदर्श मिश्रा, हरप्रीत त्रिपाठी, सोनू चौहान, अमित राठौर एडवोकेट, विपिन सिंह छोटू, सचिन पांडे, रवि पंडित, मनीष पंडित, दिव्यांश सिंह, आदित्य सिंह, अभिषेक सिंह, आशीष अवस्थी, पुरुषोत्तम मिश्रा, अधिराज सिंह, अमन वर्मा, हर्षित धाकड़ एडवोकेट, आकाश राज, अनुज पांडे, प्रशांत सिंह चौहान, सूरज राठौर, देव कुमार, अमन सिंह, सत्यम सिंह चौहान, अथर्व मिश्रा, सोमदेव मिश्रा, सिद्धांत मिश्रा, आकाश चमन, सुखराज सिंह, अंश सक्सेना समेत अन्य रहे।

डॉ. आंबेडकर के विचारों को जीवन में उतारें

प्रांतीय एससी/एसटी बेसिक शिक्षक संघ ने मनाया डॉ. भीम राव आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

बुद्ध विहार में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में बोलते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- आंबेडकर को बताया वंचितों का मार्गदर्शक और देश का महान सुधारक
- पूर्व माध्यमिक विद्यालय मालूपुर में श्रद्धांजलि व संबोधन कार्यक्रम

अमृत विचारः प्रांतीय अनुसूचित जाति/जनजाति बेसिक शिक्षक संघ जिला शाहजहांपुर के तत्वावधान में पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार पर भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने और संचालन जिला महामंत्री विनोद कुमार ने किया।

प्रांतीय कोषाध्यक्ष सियाराम दिनकर ने कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल शोषित-वंचित वर्ग नहीं बल्कि पूरे देश के मसीहा थे। संविधान में उन्होंने मानव मात्र की सुरक्षा के लिए अधिकार सुनिश्चित किए तथा महिलाओं को सर्वाधिक अधिकार दिए। उनका कहना था कि यदि अंबेडकर ने लिंग परीक्षण पर प्रतिबंध न लगाया होता तो आज महिलाओं की स्थिति भिन्न होती।

जिलाध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा कि बाबा साहब ने तीन मूल मंत्र दिए कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष से भरा रहा और उन्होंने वंचित समाज को अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना सिखाया। वरिष्ठ शिक्षक अमर सिंह ने कहा कि विषमता, अन्याय व भेदभाव के खिलाफ संघर्ष कर समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व आधारित समाज का सपना अंबेडकर ने देखा, जो आज भी दिशा देता है। जिला महामंत्री विनोद कुमार ने कहा कि अंबेडकर ने घर-परिवार से ऊपर उठकर वंचितों के उत्थान में जीवन समर्पित किया। दिनेश पाल सिंह ने कहा कि जीवन लंबा नहीं महान होना चाहिए और बाबा साहब ने यह सिद्ध किया। कमलेश निगम ने शिक्षा को शक्ति बताया और कहा कि शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वह दहाड़ेगा। ब्लॉक अध्यक्ष तिलहर अरविंद वर्मा ने कहा कि यह दिन समाज के लिए अपूरणीय है, जितना मिला सब साहब का दिया हुआ है।

ब्लॉक मंत्री पुवायां नीरज वर्मा ने बताया कि 6 दिसंबर 1956 को मुंबई की सड़कों पर बाबा साहब की अंतिम यात्रा में 6 लाख से अधिक लोग शामिल थे। कार्यक्रम में राजीव वर्मा, लालमान गौतम पूर्व एआरपी, रितेंद्र कुमार पूर्व एआरपी, अशोक कुमार पूर्व एआरपी, दिनेश पाल सिंह, धनपाल सिंह, नीरज वर्मा, जगदीश चंद्रा, ज्ञानेंद्रमोहन ज्ञान, डेगपाल सिंह सहित अनेक लोगों ने विचार रखे।

जलालाबाद। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई द्वारा गांव मालूपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में सामाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

मुख्य वक्ता विपिन अग्निहोत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही छात्र हितों के लिए कार्य कर रही है। परिषद अंबेडकर पुण्यतिथि को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाती है। पूर्व जिला संयोजक संजय गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब केवल नेता नहीं थे, बल्कि उम्मीद थे उन लोगों के लिए जिन्हें समाज ने हाशिए पर रखा। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है, संगठन से शक्ति मिलती है और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष आवश्यक है। बाबा साहब ऐसा धर्म मानते थे जो समानता, प्रेम और मानवता को बढ़ावा दे। इस मौके पर प्रधानाध्यापक नरेंद्र पाल, अध्यापक विपिन अग्निहोत्री, जिला मेडिविजन संयोजक जितेंद्र पाल, जिला मीडिया संयोजक जय श्रीवास्तव, तहसील संयोजक सुजल गुप्ता एवं नगर सह मंत्री बाबू टाटा उपस्थित रहे।

कलान में यूरिया उपलब्ध, किसानों में वितरण जारी

शाहजहांपुर, अमृत विचारः सहायक आयुक्त व सहायक निबंधक सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि विकास खंड कलान के बी-पैक्स कलान, बी-पैक्स चौकिया, बी-पैक्स आंधीदेई, बी-पैक्स श्रीनगर, बी-पैक्स लक्ष्मणपुर तथा सहकारी संघ बारा खुर्द में यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

आंधीदेई में 57.50 मैटन, कलान में 7.00 मैटन, लक्ष्मणपुर में 17.50 मैटन, चौकिया में 51.50 मैटन, श्रीनगर में 44.00 मैटन व बारा खुर्द में 29.30 मैटन स्टॉक मौजूद है। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर किसानों की भीड़ मिली और वितरण टोकन व्यवस्था के माध्यम से किया जा रहा था। समिति सचिवों व संबंधित सहायक विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्टॉक लगातार उपलब्ध रहे और घटने पर तत्काल सूचना दें। बताया गया कि इफको आंवला प्लांट से आवश्यकतानुसार सीधा प्रेषण किया जा रहा है, जिससे निर्बाध वितरण सुनिश्चित हो सके।

अमृत विचार
MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर
डा. मोहित गुप्ता
M.Ch. Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व आपरेशन
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व आपरेशन
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी की गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का आपरेशन
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व आपरेशन
- सिर दर्द (माइग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज
- दिमाग के फोड़े का इलाज व आपरेशन
- गर्दन (सर्वाइकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का आपरेशन
- बच्चों के पीठ की गांठ का आपरेशन
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज
- रीढ़ की हड्डी व दिमाग की टी.बी. का इलाज व ऑपरेशन
- लकवा तथा पैरालायसिस का इलाज
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सुपर स्पेशलिटी सेन्टर
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
समय : प्रातः 10 12 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
लकवा के मरीजों के लिए 24 घंटे इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर
7017678157, 8077790358
7417389433, 9897287601

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO+TMT
हृदय रोग के लक्षण : घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
अत्याधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
11 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट)
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें
+91 78952 78992
समय : प्रातः 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक
पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP)
- गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL)
- गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL)
- पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286

डेढ़ माह से आधार सेंटर बंद, ग्रामीण परेशान

जैतीपुर, अमृत विचारः विकासखंड मुख्यालय पर स्थित आधार केंद्र पिछले डेढ़ माह से बंद है। इसके कारण आधार कार्ड बनवाने या उसमें सुधार कराने आने वाले ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रतिदिन 25 से 50 लोग अपने बच्चों के साथ आधार संबंधी कार्य के लिए ब्लॉक मुख्यालय पहुंचते हैं, लेकिन केंद्र बंद होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ता है। वर्तमान में केवाईसी और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए आधार अनिवार्य कर दिया गया है। आधार कार्ड में त्रुटि होने पर बच्चों के स्कूल एडमिशन भी नहीं हो पा रहे हैं।अभिभावक इन त्रुटियों को ठीक कराने के लिए ब्लॉक मुख्यालय आते हैं, लेकिन केंद्र पर ताला लगा देखकर वापस लौट जाते हैं। ब्लॉक मुख्यालय पर तैनात किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को केंद्र के बंद होने का कारण या उसके खुलने की संभावित तिथि के बारे में जानकारी नहीं है। मौके पर मौजूद एक पंचायत सहायक ने बताया कि आधार केंद्र के ऑपरेटर ने साइट न चलने का हवाला देते हुए पांच दिन में सेंटर खोलने की बात कही थी, लेकिन डेढ़ माह से अधिक समय बीत चुका है। वहीं चर्चा है कि ब्लॉक मुख्यालय के नाम पर यह सेंटर किसी अन्य स्थान पर संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनते जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

- 49 में से पांच शिकायतों का मौके पर निस्तारण

अमृत विचारः जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं व कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष प्रकरणों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें।

तहसील समाधान दिवस में अवैध कब्जा, बिजली, राशन कार्ड, पेंशन सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से पांच शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं के निराकरण को प्राथमिकता दी जाए व विभागीय शिकायतों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संबंधित विभाग मौके पर जाकर कार्यवाही करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि का फीडबैक भी लिया जाए। भूमि विवाद या कब्जा संबंधी शिकायतों के लिए पुलिस व राजस्व टीम को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि एक ही प्रकरण पर शिकायतकर्ता को बार–बार आने की आवश्यकता न पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने एसआईआर कार्य में लगे अधिकारियों को एएसडी वोटर सूची की सार्वजनिक पढ़त कर सत्यापन करने और सोमवार तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदर संजय पांडे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, सीओ प्रियंक जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

हनुमत धाम द्वार व मार्ग का लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

हनुमत धाम द्वार व मार्ग का लोकार्पण करते अतिथि। ● अमृत विचार

- भटपुरा रसूलपुर में कार्यक्रम नगर के बुजुर्ग हुए सम्मानित

अमृत विचार : जनपद की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर में हनुमत धाम द्वार व हनुमत धाम मार्ग का लोकार्पण किया गया। एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता व भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान सहयोग संस्था के पदाधिकारियों के साथ ग्रामीणों विशेषकर बुजुर्गों को कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि भटपुरा रसूलपुर वास्तव में जनपद का आदर्श गांव है। यहां की गलियों से गुजरने पर ऐसा अनुभव होता है कि किसी सुंदर स्थल पर हैं। अजय प्रताप यादव ने कहा कि यह ग्राम पंचायत विभाग में जिले का नाम रोशन कर रही है और सभी प्रधानों को इसी तरह कार्य करना चाहिए। सहयोग संस्था के संस्थापक शाहनवाज खान एडवोकेट ने कहा कि एक ही दिन ग्राम में दो महत्वपूर्ण कार्य होना सुखद है। प्रधान अनिल गुप्ता के सहयोग से बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करना बड़े सौभाग्य की बात है। संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने बताया कि भटपुरा रसूलपुर उनकी जन्मभूमि है और गांव की सराहना सुनना गौरव का विषय है।

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का ग्राम प्रधान ने माला पहनाकर स्वागत किया व उपहार स्वरूप देसी गुड़ भेंट किया। कार्यक्रम में ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार, अजय पाल वर्मा, रामदेव, महेंद्र दुबे, विकास सक्सेना, सुमन गुप्ता, शिवम वर्मा, सरदार अमरदीप सिंह खालसा, यशपाल सिंह, लड्डन अली, अनुज मिश्रा, श्रीकांत दीक्षित, सतीश, नसीरुद्दीन, सूरज गुप्ता, मनीष गुप्ता, मुनींद्र सिंह, सुधीर, सबाब, वेदपाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

युवती को भगाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, खुटार

- युवती के मामा से आरोपियों के परिजनों ने की मारपीट

अमृत विचार : क्षेत्र में एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसमें आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की ओर से थाने में दिये गए प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि उसकी 20 वर्षीय भांजी जो कि बंडा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहती है, बीती 29 नवंबर को वह अपने ननिहाल को आई हुई थी। जहां पर महुआ पिमई गांव निवासी संजय सिंह, उसका भाई विजय प्रताप, जितेंद्र सिंह, हर्षित सिंह, लल्ला सिंह, रिंकी पत्नी जितेंद्र सिंह, कोमल पत्नी विजय प्रताप सिंह, खुशबू पत्नी लल्ला सिंह ने साथ मिलकर उसकी भांजी को रात के समय घर से बहला फुसलाकर भगा ले गए उस समय पीड़ित व्यक्ति एक शादी समारोह में गया हुआ था। जब वह वापस घर पहुंचा तो देखा कि उसकी भांजी घर से गायब थी। जिस पर उसने इधर-उधर तलाश किया तब पता चला कि उक्त लोग उसकी भांजी को बहला फुसलाकर भगा ले गए हैं। जब पीड़ित आरोपियों के घर पहुंचा और भांजी के बारे में जानकारी लेनी चाही तो उक्त आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी और जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उसकी भांजी घर में रखी चार हजार की नगदी व कीमती जेवर भी साथ लेकर गई है। पुलिस ने आठों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

रेलवे फाटक खुलवाने को किसान यूनियन का धरना

संवाददाता, तिलहर

- आश्वासन पर खत्म हुआ प्रदर्शन

अमृत विचारः टिकैत गुट के युवा जिला अध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह के नेतृत्व में किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने शनिवार सुबह तिलहर–निगोही मार्ग स्थित रेलवे स्टेशन के पास बंद पड़े रेलवे फाटक को खुलवाने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन शुरू किया। सूचना मिलते ही तहसीलदार दीपेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर समाधान का आश्वासन दिया।

सुबह करीब 10 बजे युवा जिला अध्यक्ष समेत यूनियन के पदाधिकारी रेलवे फाटक पर एकत्र हुए। कार्यकर्ताओं ने बताया कि रेलवे विभाग द्वारा ओवरब्रिज निर्माण की तय समय सीमा काफी पहले समाप्त हो चुकी है, पर अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इसी कारण लगभग दो महीने से रेलवे फाटक बंद है। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान अपने गन्ने से भरे ट्रैक्टर-ट्राली और बैलगाड़ी लेकर दूर-दूर से घूमकर चीनी मिल पहुंचने को मजबूर हैं। साथ ही फाटक बंद होने से स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि लोग जोखिम उठाकर बाइक से फाटक पार कर रहे हैं, जिससे दो महीनों में तीन हादसे हो चुके हैं। गनीमत रही कि किसी की जान नहीं गई, लेकिन बाइकों के परखच्चे उड़ गए। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ओवरब्रिज निर्माण शुरू नहीं कराया गया।

बिना वर्दी में मिले कर्मी, एसीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते सहायक वाणिज्य प्रबंधक हरीश सिंह मीना।

- रेलवे स्टेशन के औचक निरीक्षण में मिली अनियमितताएं

अमृत विचारः मुरादाबाद मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक हरीश सिंह मीना ने रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया, जहां टिकट घर और पूछताछ कार्यालय में कर्मचारी मोबाइल चलाते और बिना वर्दी में मिले। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए अनुशासन बनाए रखने के निर्देश दिए।

शनिवार सुबह बेगमपुरा एक्सप्रेस से उतरते ही एसीएम पूछताछ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने वहां बैठे कर्मचारी से वर्दी के बारे में पूछा, लेकिन वह जवाब नहीं दे सका। एसीएम ने तत्काल उसकी फोटो ली। इसके बाद जनरल टिकट घर में एक महिला कर्मचारी को सीट पर बैठकर मोबाइल चलाते देखा, जिस पर चेतावनी देते हुए ड्यूटी के दौरान मोबाइल न चलाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान प्लेटफार्म नंबर एक पर मुख्य गेट के पास पानी भरा मिला। ठेकेदार स्टाफ ने बताया कि कैंटीन के अंदर पाइपलाइन लीकेज है। एसीएम ने संबंधित अधिकारी को बुलाकर तुरंत लीकेज बंद कराई, जिसे बाद में आईओडब्ल्यू कर्मचारियों ने ठीक किया। उन्होंने रिजर्वेशन, पार्सल घर सहित टिकट घरों में रजिस्टर, कंप्यूटर फीता, टिकट प्रिंट की गुणवत्ता, तत्काल फार्म व मोबाइल नंबर मिलान की स्थिति का भी परीक्षण किया। प्लेटफार्म पर निर्माण कार्य के चलते धूल न उड़ सके इसके लिए नियमित पानी छिड़काव करने के निर्देश दिए। पूछताछ काउंटर के पास रात में कोई न सोने पाए, इस पर आरपीएफ को मेमो जारी करने को कहा। सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर इसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद एसीएम दोपहर को ट्रेन से मुरादाबाद लौट गए।

न्यूज ब्रीफ

भाजपा नेता का हार्ट अटैक से निधन

बदायूं, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला एसएफसी संयोजक शशांक शर्मा के पिता भाजपा नेता ओमपाल शर्मा का शुक्रवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया। निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सामाजिक व राजनीतिक गलियारों में मातम पसरा हुआ है। ओमपाल शर्मा लंबे समय से सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय थे। वह वर्तमान में योगी आदित्यनाथ यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष थे। बड़े बेटे शेखर शर्मा ने बताया कि सुबह खेत में दवा लगाकर घर आते ही तबीयत बिगड़ गई। आनन फानन में उन्हें लेकर बदायूं निजी अस्पताल आए। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। देहांत के बाद तमाम राजनीतिक लोग उनकी शोक सभा में शामिल हुए।

पुलिस ने मतभेद दूर कर मिलाए परिवार

बदायूं, अमृत विचार : शनिवार को पुलिस लाईन परिसर आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र पुलिस ने आपसी कलह और मतभेद दूर कर बिखरते परिवारों को मिलाया। परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलर ज्वाला प्रसाद गुप्ता, गिरधारी सिंह राठौड़, शिव स्वरूप गुप्ता, सुषमा कथूरिया और अशोक खुराना के द्वारा परिवारवाद संबंधित 28 मामलों को सुना गया। इनमें से 22 मामलों में सुनवाई की गई। चार परिवारों में समझौता कराया। तीन को निरस्त कर दिया गया। परिवार वाद सुनवाई के दौरान माया देवी, डोली, राखी महिला कांस्टेबल उपस्थित रहीं।

दो भाइयों को पीटा एफआईआर दर्ज

विजय नगला, अमृत विचार : घर के सामने गाली दे रहे लोगों को मना करना पड़ा दो भाइयों को महंगा पड़ गया। लोगों ने दोनों को जमकर पीटा। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव कंडेला निवासी प्रियंक कुमार ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उनके गांव के अवनीश और डालचंद, इंद्रजीत, राजकुमार पुत्र राजपाल शराब के नशे में गालियां दे रहे थे। 4 दिसंबर की शाम लगभग 5 बजे वह अपने भाई योगेंद्र के साथ घर के दरवाजे पर बैठे थे। वह लोग आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने लाठी-डंडे से हमला कर दिया। दोनों भाइयों को जमकर पीटा। शोर सुनकर मोहल्ले के लोग आ गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की है।

कॉलेज से आ रहे बाइक सवार दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत

बरेली-मथुरा राजमार्ग पर गांव चंदन नगर खरैर के पास शनिवार दोपहर हुआ हादसा

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर

आदित्य।

अंशुल।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीर और पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कॉलेज जा रहे दो छात्रों की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों छात्रों की मौत हो गई, जबकि तीसरा छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्र को जिला अस्पताल भेजा। कुछ देर के बाद परिजन चीत्कार करते पहुंचे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

हादसा बरेली-मथुरा राजमार्ग स्थित गांव चंदन नगर खरैर के पास हुआ। बिनावर क्षेत्र के गांव पुठी सराय निवासी आदित्य शर्मा (19) पुत्र मोहित, अंशुल (18) पुत्र भोजराज और गांव वृंदावन निवासी गौरव (18) पुत्र कल्याण सिंह आईटीआई के छात्र थे। वह सालारपुर स्थित कॉलेज से आईटीआई कर रहे थे। शनिवार को वह तीनों कॉलेज से बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। रास्ते में गांव चंदन नगर खरैर के पास विपरीत दिशा से आए वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलने पर बिनावर पुलिस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस बुलाकर तीनों छात्रों को जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने आदित्य और अंशुल को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस न शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिनावर के थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंचे थे। हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई है। शवों का पोस्टमार्टम के बाद टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जाएगी।

ट्रक में घुसी डीसीएम, चालक की जान गई

बदायूं, अमृत विचार : बदायूं-मेरठ राजमार्ग पर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार से आई डीसीएम की भिड़ंत हो गई। हादसे में डीसीएम चालक की मौत हो गई, जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा शुक्रवार देर शाम सहसवान कोतवाली क्षेत्र में चौकी नंबर चार स्थित पेट्रोल पंप के पास हुआ। गुन्नौर की ओर से तेज रफ्तार से आई डीसीएम राजमार्ग पर पेट्रोल पंप की ओर मुड़ रहे ट्रक में जा घुसी। हादसे में डीसीएम चालक जिला एटा के गांव सुराया निवासी शमसुद्दीन पुत्र लियाकत की मौत हो गई जबकि क्लीनर फिरोजाबाद के थाना आजाद नगर के रामगढ़ निवासी जुबैद पुत्र अकरम घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। चालक और क्लीनर को सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां शमसुद्दीन की मौत घोषित कर दी। जुबैद को भर्ती किया गया। वहीं हादसे के बाद जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन से डीसीएम हटवाकर आवागमन दुरुस्त कराया।

29 शिकायतों में तीन का मौके पर किया निस्तारण

बदायूं, अमृत विचार : शनिवार को बिल्सी तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। इसमें जिलाधिकारी अवनीश राय ने लोगों की समस्याओं को सुना। उनके समक्ष 29 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 03 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश कराने, भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने सहित कुल 29 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती एवं प्रार्थना पत्रों का सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ केशव कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

शिकायत सुनते डीएम। ● अमृत विचार

रोडवेज बस की टक्कर से सेवानिवृत्त कर्मचारी की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सुबह डिपो से जिला अस्पताल मार्ग पर हुआ हादसा

हादसे के बाद बस खड़ी करके मौके से भाग गया चालक।

अमृत विचार : रोडवेज बस चालकों की लापरवाही कम नहीं हो रही है। जिसकी वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। शनिवार सुबह डिपो चौराहे से जिला अस्पताल जाने वाले मार्ग पर रोडवेज बस की टक्कर से बिजली विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी की मौत हो गई। वह दूध लेकर लौट रहे थे कि बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद ही चालक मौके से भाग निकला। सूचना मिलने पर परिवहन निगम के अधिकारियों ने चालक की जानकारी जुटाई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शिवपुरम की गली नंबर चार निवासी किशोरी लाल पुत्र धर्मदास बिजली विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे। वह रोज सुबह दूध लेने के लिए पैदल जाते थे। शनिवार सुबह वह दूध लेकर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान एक रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में किशोरी लाल की मौके पर मौत हो गई। चालक बस मौके पर छोड़कर भाग गया। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। किशोरी लाल को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उनकी मौत की पुष्टि कर दी। मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बस को पुलिस ने खड़ा करा लिया है। चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों की तहरीर के बाद रिपोर्ट दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्ट्रेट परिसर में 17.50 लाख से बनेगी सीसी रोड

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

वकीलों से वार्ता करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

- सदर विधायक ने सीसी रोड निर्माण के लिए किया शिलान्यास

अमृत विचार : कचहरी परिसर में 17.50 लाख की लागत से सीसी रोड का निर्माण होना है। इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। शनिवार को सीसी रोड निर्माण का सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने शिलान्यास किया।

शिलान्यास कार्यक्रम ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। इसमें सदर विधायक ने कहा कि बदायूं विधान सभा के विकास और लोगों की समस्या दूर करना मेरा कर्तव्य है, जो भी संभव होगा, इसके विकास के लिए वह पूरा करने की पूरी कोशिश करूंगा। कहा कि कचहरी परिसर में सीसी रोड निर्माण की मांग लोग कर रहे थे। जिसे पूरा किया जा रहा है। इस दौरान सदर विधायक ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर वाईपी सिंह, नरेंद्र सिंह तोमर, महेंद्र गुप्ता , गोपाल कृष्ण बंधु, देवेंद्र गुप्ता, दीपक पाठक, धर्मेंद्र सिंह सहित तमाम वकील और बार एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

लाउडस्पीकर तेज आवाज में बजाने की एसडीएम से शिकायत

बदायूं, अमृत विचार : बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव लक्ष्मीपुर के ग्रामीणों ने तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाए जाने की शिकायत एसडीएम राशि कृष्णा व सीओ सुनील कुमार से तहसील दिवस के दौरान की।

ग्रामीणों का कहना था कि गांव में होने वाले आयोजनों में तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाया जाता है। जिससे होने वाले ध्वनि प्रदूषण से लोगों को दिक्कत होती है। जिसे बंद कराया जाए। इस दौरान सीओ सुनील कुमार सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि लाउडस्पीकर एवं डीजे की अनुमति आयोजकों द्वारा संबंधित तहसील से ली जाती है। कहा बिना अनुमति कहीं भी लाउडस्पीकर नहीं बजेगा। शिकायत करने वालों में शब्बीर अहमद, मुकीम खान, अय्यूब खान आदि मौजूद रहे।

डिजिटल एक्सरे मशीन दो दिन से बंद, मरीज परेशान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

एक्स कराने वालों की लगी भीड़। ● अमृत विचार

- जिला अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन पड़ी है बंद

> मशीन लगाने वाली कंपनी को पत्र लिखा गया है। एक सप्ताह के अंदर नई मशीन आने की संभावना है। नई दो मशीनों के लगने के बाद करीब 100 तरह की जांच कराई जाएगी। किसी मरीज को बाहर जांच कराने की जरूरत नहीं होगी।
> - डॉ. अमित वार्ष्णेय, सीएमएस

अमृत विचार : जिला अस्पताल में दो दिन से डिजटल एक्सरे मशीन बंद है जिससे मरीजें के एक्सरे नहीं हो पा रहे हैं। डिजिटल एक्सरे मशीन एक माह में दूसरी बाद बंद हुई है। मरीज बिना एक्सरे कराए वापस लौट रहे हैं।

जिला अस्पताल में कई तरह की समस्याओं से मरीजों को जूझना पड़ रहा है। लेकिन कहीं पर भी सुधार होता नहीं दिख रहा है। मरीजों को हर दिन समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। पिछले दो दिन से डिजिटल एक्सरे मशीन बंद है । डिजिटल एक्सरे कराने वालों की सुबह दस बजे से लाइन लग जाती है। शनिवार को चार दर्जन मरीज डिजिटल एक्सरे कराने को लाइन में लगे रहे। बाद में बताया गया कि मशीन खराब है इसलिए डिजिटल एक्सरे नहीं हो पाएंगे। लाइन में लगे मरीजों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। मरीजों का कहना था कि सुबह को ही यदि बता दिया गया होता तो वह लोग एक बजे तक यहां क्यों बैठते ।मरीजों ने कहा कि यहां पर जानबूझ कर परेशान किया जाता है।जिला अस्पताल में पिछले दिनों डिजिटल एक्स रे की फिल्म खत्म हो गयी थी जिससे करीब तीन तदन तक डिजिटल एक्सरे मशीन बंद रही। मरीजों ने जमकर हंगामा किया मगर उनका डिजिटल एक्सरे नहीं हो सका। अस्पताल प्रशासन का कहना था कि फिल्म के आने पर ही काम होगा। मरीजों को धैर्य से काम लेना होगा। एक्स रे टेक्नीशियन ने बताया कि इस बार मशीन में खराबी के कारण एक्सरे नहं हो पा रहे हैं। बाहर से टेक्नीशियन को बुलाया गया है। जल्द ही मशीन ठीक करा दी जाएगी।

लैब में हो रही बुखार की जांच

जिला अस्पताल में नई पैथोलॉजी लैब में भी तक वहीं पुरानी जांच हो रही हैं। जबकि अस्पताल प्रशासन की ओर से कहा गया था कि जल्द ही नई मशीन आने के बाद यहां पर सभी तरह की जांच करायी जाएगी। बताया गया कि अभी तक नई मशीन नहीं पहुंची है इसलिए अभी तक वहीं पुरानी बुखार व कुछ अन्य बीमारियों की जांचें ही हो रही हैं।

दातागंज विधायक ने किसानों में बांटे दलहन बीज के पैकेट

संवाददाता ,दातागंज

महिला किसान को दलहन किट देते दातागंज विधायक।

अमृत विचार : विकास खंड कार्यालय प्रांगण में एक दिवसीय किसान मेला का आयोजन किया गया। किसान मेला को क्षेत्रीय विधायक एवं सभापति विधायन समिति राजीव सिंह बब्बू भैया ने फीता काटकर आरंभ किया।

मेले में कृषि के संबंधित विभिन्न प्रकार के स्टालों को लगाया गया था। मेले में क्षेत्र के उपस्थित किसान बंधुओं को दलहन बीज किट का निःशुल्क वितरित करने का कार्य किया।

सरकारी सब्सिडी से प्राप्त ट्रैक्टर की चाबी भेट किसान बंधुओं को देने का कार्य किया है। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि मोदी और योगी के निर्देशन में केंद्र व राज्य सरकार किसान बंधुओं को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ निरंतर दिया जा रहा है। सम्मान निधि की बात हो या फिर किसानों को अधिक उन्नतशील बनाने के लिए खेती किसान में उपयोग किए जा रहे। नई टेक्नोलॉजी को अपनाते हुए नए उपकरणों पर सरकार द्वारा अधिक से अधिक सब्सिडी देने का कार्य किया है।

बदायूं-दिल्ली हाईवे पर बह रहा नाले का पानी

रोड पर पानी आने के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण।

बदायूं दिल्ली हाईवे पर बह रहे नाले की पानी से गुजरते वाहन।

संवाददाता, उझानी

- ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, नाले की सफाई कराने की मांग

अमृत विचार : बदायूं दिल्ली हाईवे किनारे बना नाला कीचड़ व मिट्टी से पट चुका है। पानी हाईवे पर आ गया है। पानी हाईवे पर बहने से हादसे की संभावना बन गई है। नाले की सफाई कराने के लिए ग्रामीणों ने रोड पर खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने नगर पालिका प्रशासन और प्रशासनिक अधिकारियों से नाले की सफाई कराने की मांग की है।

बदायूं दिल्ली हाईवे स्थित गांव कुड़ा नरसिंहपुर तमाम ग्रामीणों ने रोड पर बह रहे पानी को रोकने के लिए नाले की सफाई कराने की मांग करते हुए शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। विरोध दर्ज करा रहे गांव निवासी उमेश, राधे, रमेश, रोहित, विनोद, राम सिंह, चेतन कुमार, चंद्रपाल, देवेंद्र, अमर सिंह, यशपाल आदि का कहना था गांव के पानी की निकासी के लिए हाईवे के किनारे नाला बना हुआ है। जो मिट्टी आदि से पट चुका है। नाला भर जाने से की वजह से उसका पानी रोड पर बह रहा है। रोड पर नाले के पानी का बहाव होने की वजह से हादसे की संभावना बन गई है। इस मार्ग पर दिल्ली, मेरठ, गाजियाबाद, अनूपशहर, बुलंदशहर, बदायूं, बरेली आदि जिलों के लिए वाहनों का आना जाना रहता है। वाहनों की संख्या अधिक होने के साथ ही यह रोड रह समय व्यस्त रहती है। रोड पर नाले का पानी बहने से कभी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से नाले की सफाई कराने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अजय, ओम प्रकाश, सत्येंद्र, रघुवीर सिंह, पवन, वीरपाल, हरि सिंह सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

110 बकाएदारों ने कराया ओटीएस, 12 लाख जमा कराए

संवाददाता, बिल्सी

उपभोक्ताओं का ओटीएस योजना की जानकारी देते बिजली अधिकारी।

अमृत विचार : नगर समेत नागर झूना, वजीरगंज एवं सैदपुर विद्युत उपकेंद्रों पर शनिवार को ओटीएस शिविर लगाया गया। इसमें विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों को सुना।

शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे उपभोक्ताओं ने बिल सुधार, ओटीएस योजना तथा बकाया जमा कराने से संबंधित समस्याएं दर्ज कराईं। शिविर में 110 बकाएदारों का ओटीएस योजना में पंजीकरण कराया गया। साथ ही विभाग ने करीब 12 लाख रुपये की बकाया धनराशि भी जमा कराई। अधिशासी अभियंता नागेंद्र कुमार सिंह ने सभी शिविरों का औचक निरीक्षण किया। साथ ही मौके पर मिले उपभोक्ताओं को योजना के संबंध में विस्तार जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जारी की गई उक्त योजना का सभी उपभोक्ताओं को प्राथमिकता से लाभ दिया जा रहा है। शिविर में एसडीओ जयप्रकाश राजपूत, जेई गजेंद्र पाल सिंह, उमाशंकर, मनोज कुमार, राजेश कुमार, सूरज पटेल, देवकी नंदन, कुंवरपाल, आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

खानापूर्ति तक सीमित रहा अतिक्रमण अभियान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

नेहरू चौक पर दुकानों के बाहर रखा सामान। ● अमृत विचार

- हटाने के कुछ देर बाद ही दोबारा हो गया अतिक्रमण
- दो दिनों से नगर पालिका चला रही बाजार में अभियान

> अतिक्रमण अभियान अभी थमा नहीं है। दो दिन बाद फिर से बाजार में अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फुटपाथ पर रखे सामान को जब्त किया जाएगा।
> - विनय कुमार, ईओ नगर पालिका

अमृत विचार : शहर की बाजारों के साथ प्रमुख मार्गों की फुटपाथों पर दुकानदारों ने कब्जा कर रखा है। इस वजह से रोड संकरे हो गए हैं। दुकानदारों के द्वारा कब्जा किए जाने से रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। दोपहर के समय हालात अधिक ही खराब रहते हैं। लोगों को पैदल निकलना भी मुश्किल होता है।

बाजार में जाम से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका ने दो दिनों तक अतिक्रमण अभियान चलाया, लेकिन अतिक्रमण अभियान खानापूर्ति तक सीमित रहा। बाजार की सड़कों पर अब भी दुकानदारों और ठेले वालों का कब्जा है। शनिवार को बाजार में अन्य दिनों की तरह ही स्थिति दिखाई दी। बीते दिन नगर पालिका प्रशासन द्वारा बाजार में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अतिक्रमण अभियान के दौरान नेहरू चौक, सब्जी मंडी, सदर तहसील होते हुए मुख्य बाजार तक अतिक्रमण अभियान चलाया गया। नगर पालिका के कर्मचारियों और अधिकारियों ने फुटपाथ पर बना रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाया। साथ ही ठेले वालों को हटाकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। शनिवार को अतिक्रमण अभियान बंद रहा। अतिक्रमण अभियान रुकते ही शहर के बाजार की स्थिति पुराने ढर्रे पर रही। नेहरू चौक, तहसील गेट, घंटाघर, मुख्य बाजार सहित छह सड़का रोड पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा दिखाई दिया। सड़कों की फुटपाथ पर दुकानदारों के द्वारा फिर से सामान रखा दिखाई दिया। पटरियों पर फल और अन्य सामान बेचने वाले ठेले खड़े दिखाई दिए। जिसकी वजह से सड़कें सिकुड़ी हुई दिखाई दी। सड़कें सिकुड़ी होने की वजह से बाजार में जाम की स्थिति बनी रही। बाजार में सामान की खरीदारी करने पहुंचे लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ा।

डीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

बदायूं, अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की डीएम के द्वारा समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध रूप से कार्य संपादन के निर्देश दिए गए। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। डीएम ने सभी से पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने की अपील की। बैठक में भाजपा से प्रतिनिधि शैलेन्द्र मोहन शर्मा एवं भगवान सिंह मौर्य, सपा से अशोक यादव, आप से दिनेश सिंह राठौर, बसपा से देवकी नंदन शाक्य, अपना एल (एस) से कान्ता प्रसाद शाक्य एवं कांग्रेस से सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

दातागंज के सैंजनी गांव में फैला बुखार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- तालाब में गंदगी से पनप रहे मच्छर, नहीं डाली गई दवा

> दोनों ब्लॉक क्षेत्रों में कुछ दिन पहले मच्छर नाशक दवा का छिड़काव कराया गया था, लेकिन ग्रामीण सफाई के प्रति जागरूक नहीं हैं जिससे बार बार मच्छर पनप रहे हें। - डॉ. योगेश कुमार सारस्वत, जिला मलेरिया अधिकारी

अमृत विचार : ब्लॉक दातागंज और समरेर के अनेक गांवों में मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। एक गांव में करीब दर्जन भर बुखार के मरीज सरकारी इलाज के लिए परेशान हैं, जबकि दूसरे गांव में भी बुखार पीड़ितों को सीएचसी से कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

जिले के ब्लॉक समरेर और दातागंज में संक्रामक बीमारियां बड़े स्तर पर पनपती हैं।ब्लॉक दातागंज के ग्राम सैजनी में मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। इस गांव के निकट तालाब में दूषित पानी होने से मच्छर पनप रहे हैं। मच्छरों के चलते लोगों को बुखार और मलेरिया ने घेर लिया है। गांव में आधा दर्जन लोग मलेरिया से पीड़ित हैं जबकि अन्य लोगों को बीमारी ने जकड़ रखा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में काफी समय से सफाई नहीं हुई है जिससे गलियों में गंदा पानी भरा होने से मच्छरों की संख्या बढ़ रही है।

गांव में कई जगह पर ग्रामीण गोबर डाल रहे हैं जिससे लोगों को और अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बुखार पीड़ितों को सीएचसी से से कोई लाभ नहीं मिल रहा है। गांव में अभी तक कैंप नहीं लगाया गया है। बुखार पीड़ित झोलाछापों से दवा ले रहे हें। उधर, गांव कांसपुर में भी बुखार पीड़ितों की संख्या दर्जनभर से अधिक है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में बुखार फैला होने की सूचना ब्लॉक दातागंज को दी जा चुकी है फिर भी गांव में स्वास्थ्य शिविर नहीं लगाया गया है।

हालांकि बुखार पीड़ितों को सीएचसी पर दवा दी जा रही है। लेकिन बुखार पीड़ितों के ब्लड की जांच नहीं कराई जा रही है। ब्लॉक समरेर के गांव नवदिया में भी गंदगी को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। बताया कि गांव में सफाई कर्मचारी कई कई दिन बाद आता है जिससे नालियों की सफाई नहीं हो पाती है।

गंदगी के चलते मच्छर पनपते हैं जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा पैदा हो गया है।

अमृत विचार

बरेली, रविवार,7 दिसंबर 2025 बदायूं

न्यूज ब्रीफ

परामर्श केंद्र पर चार फाइलों पर हुआ समझौता

बदायूं, अमृत विचार : पुलिस रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस परिवार परामर्श केंद्र के सहयोग से आपसी कलह और मतभेद में आकर बिखरते परिवारों को एक डोर से बांधने का सहारा बनी है। शनिवार को हुए आयोजन में काउंसलर ज्वादा प्रसाद गुप्ता, गिरधारी सिंह राठौर, शिव स्वरूप गुप्ता, सुषमा कथूरिया, अशोक खुराना के अलावा उपनिरीक्षक माया देवी, डॉली, राखी के सामने 28 फाइलें आईं। जिनमें से 22 फाइलों की काउंसलिंग हुई। काउंसलर्स ने दोनों पक्षों को सुना। 4 फाइल में समझौता और 3 फाइल निरस्त की गईं। शेष फाइलों में अग्रिम तिथि निर्धारित की गई है।

कॉलेज में हुआ करियर काउंसलिंग का आयोजन

बदायूं, अमृत विचार : शरह बरौलिया स्थित सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज में करियर व परीक्षाओं की तैयारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के एम इंटर कॉलेज इस्लामनगर के अंग्रेजी प्रवक्ता महावीर प्रसाद रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि छात्र शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान भी बने। संस्कार के बिना शिक्षा अलंकृत नहीं होती है। बिना संस्कार के शिक्षा प्राप्त करके हमारे बच्चों रोजगार पाकर अपनी उदरपूर्ति तो कर सकते हैं, लेकिन उनके पास इंसानियत को देने को कुछ नहीं होता। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा, विपलव भारती, डॉ प्रमोद शर्मा, प्रवीण मिश्रा, अश्वनी शर्मा, नितिन मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

सट्टा जुआ बंद न होने पर धरने की चेतावनी

बदायूं, अमृत विचार : शिव तांडव सनातन कल्याण संस्थान के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल त्रिवेदी ने बताया कि जिले के ज्यादातर कस्बों में जुआ और सट्टा जोरों पर चल रहा है। कस्बा अलापुर के वार्ड एक व तीन में खुलेआम सट्टा चल रहा है। दोपहर 4 बजे से सटोरियों की भीड़ जमा हो जाती है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। जानकारी होने के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं करती। उन्होंने कहा कि अगर कहीं भी सट्टा या जुआ होता मिले तो उन्हें सूचना देने वाले को 2100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही कहा कि अगर यह बंद नहीं होता है तो वह मुख्यमंत्री आवास पर भूख हड़ताल करेंगे।

संस्कृत स्कूलों के बच्चों को भी मिलेगा दोपहर में भोजन

डीआईओएस से मांगी जा रही स्कूलों और बच्चों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिले में संचालित हैं 15 संस्कृत विद्यालय व चार महाविद्यालय
- बच्चों की संख्या कम होने की वजह से चिंताजनक है स्कूलों की स्थिति

अमृत विचार : बेसिक और माध्यमिक स्कूलों की तर्ज पर संस्कृत विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को दोपहर में भोजन खिलाया जाएगा। इन स्कूलों में एमडीएम की तैयारी की जा रही है। शासन के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने इन स्कूलों के प्रधानाचार्यों से बच्चों की संख्या उपलब्ध कराने आदेश दिए हैं। इसके बाद शासन से बजट जारी होने के बाद इन स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था कराई जाएगी।

जिले में 2158 परिषदीय स्कूल, 308 माध्यमिक स्कूल संचालित हैं। 114 मदरसाओं का भी संचालन हो रहा है। इनमें सभी परिषदीय स्कूलों के साथ 42 सरकारी माध्यमिक और अनुदानित 39 विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को मिडडे मील का लाभ दिया जाता है। इन स्कूलों के बच्चों को दोपहर में खाना खिलाया जाता है। परिषदीय, सरकारी और वित्त पोषित माध्यमिक स्कूलों में दोपहर में भोजन दिए जाने की व्यवस्था होने के बाद भी जिले में संचालित संस्कृत विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चे इससे वंचित थे। अब प्रदेश सरकार संस्कृत विद्यालयों के बच्चों को भी मध्याह्न भोजन (एमडीएम) देने की तैयारी है। जिसके निर्देश शासन की ओर से जिला समन्वयक के साथ बीएसए को जारी किए हैं। शासन के आदेशानुसार जल्द ही अनुदानित संस्कृत विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भी दोपहर में भोजन दिया जाएगा।

शासन का आदेश मिलने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाचार्य को पत्र जारी कर बच्चों की संख्या मांगी है। जिससे उनमें मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था शुरू हो सके। बच्चों की संख्या का ब्योरा शासन में भेजा जाएगा। इसके बाद बजट जारी होते ही अनुदानित संस्कृत विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था शुरू कराई जाएगी।

जिले में संचालित हैं छह अनुदान संस्कृत विद्यालय

जिले में अनुदानित संस्कृत विद्यालयों की संख्या छह है। यह स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हैं। हिन्दी संस्कृत पाठशाला गरुईया, महात्मा गांधी संस्कृत विद्यालय बिसौली, नेहरू स्मारक हत्सा, संस्कृत विद्या मंदिर उझानी, आर्स संस्कृत माध्यमिक विद्यालय भदरौलिया और संस्कृत विद्यालय इस्लामगंज विद्यालय शामिल हैं। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को एमडीएम योजना का जल्द लाभ मिलेगा।

> संस्कृत विद्यालयों में भी एमडीएम का संचालन किया जाएगा। डीआईओएस कार्यालय से बच्चों की संख्या मांगी गई है। बच्चों का ब्योरा शासन में भेजा जाएगा। बजट जारी होने के बाद दोपहर के भोजन की व्यवस्था कराई जाएगी। -**वीरेंद्र कुमार सिंह,** बीएसए

अक्षरा ने बनाया सबसे अच्छा पोस्टर

प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं।

बदायूं, अमृत विचार : राजकीय महिला महाविद्यालय शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपने कौशल का परिचय दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में अक्षरा और भाषण में शिल्पी साहू प्रथम स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिताओं को आरंभ कराते हुए महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. वंदना ने कहा कि प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक दक्षता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना है। पोस्टर में 18 छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा अक्षरा प्रथम, प्राची दूसरे और तृतीय स्थान मंतशा हसन रहीं। भाषण प्रतियोगिता 22 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर छात्रा शिल्पी साहू, द्वितीय स्थान पर अक्षरा और, तृतीय स्थान मंतशा रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. अर्चना पाण्डेय, डॉ. ऋषभ भारद्वाज, डॉ. सरिता गौतम उपस्थित थे।

असेसमेंट टेस्ट से जांची जाएगी छात्रों की प्रगति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कक्षा नौ के छात्र-छात्राओं के लिए कराया जाएगा मिडलाइन असेसमेंट टेस्ट
- 12 दिसंबर को होगा राजकीय और वित्त पोषित स्कूलों में असेसमेंट टेस्ट

अमृत विचार : शिक्षा विभाग कक्षा एक से 12 तक के छात्र-छात्राओं के लिए मिडलाइन असेसमेंट टेस्ट कराया जाएगा। इसका मकसद परीक्षा पाठ्यक्रम के मध्य में छात्रों की सीखने की प्रगति और समझ के स्तर की जांचना है। इससे यह पता चलेगा कि छात्र अपने लक्ष्यों की ओर कितना आगे बढ़ चुके हैं। इस बार कक्षा नौ के विद्यार्थियों का असेसमेंट टेस्ट होगा। टेस्ट 12 दिसंबर को कराया जाएगा। जिसकी तैयारी स्कूलों में चल रही है।

जिले में संचालित राजकीय माध्यमिक स्कूलों में छात्रों की सीखने की प्रगति और समझ के स्तर को जानने के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद कक्षा नौ के छात्र-छात्राओं के लिए मिडलाइन असेसमेंट टेस्ट कराएगा। परीक्षा हिंदी, गणित विज्ञान व सामाजिक विज्ञान विषय की होगी। ओएमआर शीट पर आधारित यह परीक्षा ओएमआर शीट पर होगी। इसका समय सुबह 10 से 11.30 बजे तक रहेगा। डीआईओएस ने बताया कि असेसमेंट परीक्षा का इसका आयोजन राजकीय माध्यमिक स्कूलों में 12 दिसंबर को होगा। इस टेस्ट में कक्षा नौ के विद्यार्थी शामिल होंगे।

इसका मकसद परीक्षा पाठ्यक्रम के मध्य में छात्रों की सीखने की प्रगति और समझ के स्तर की जांच की जाएगी। इस टेस्ट के माध्यम से परीक्षा का परिणाम आने के बाद शिक्षकों को छात्रों की जरूरतों की जानकारी हो जाती है। इसके बाद शिक्षक उन्हें नई विधियों से शिक्षण सामग्री देने में काम करते हैं। इससे छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणाम अच्छा करने में मदद मिलती है। डीआईओएस लालजी यादव ने बताया कि टेस्ट कराने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस परीक्षा के परिणाम के बाद कक्षा नौ के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। टेस्ट 12 दिसंबर को कराया जाएगा। जिसकी तैयारी स्कूलों में चल रही है।

घूरे की चिंगारी से लगी आग, बछिया जलकर मरी

बदायूं, अमृत विचार : जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव बेरपुर मानपुर की एक पशुशाला में आग लग गई। इसमें एक पशु की जलकर मौत हो गई जबकि छह पशु बुरी तरह से झुलस गए। घटना के दौरान भीड़ एकत्र होना शुरू हो गई। लोगों ने इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया। पीड़ित को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया गया है।

गांव निवासी मेवाराम और सोनू पशु पालते हैं। दोनों अपने पशुओं को पशुशाला में बांधते हैं। शनिवार को पशुशाला में सात पशु बंधे थे। दोपहर घूरे से उठी चिंगारी से पशुशाला में आग लग गई। आग की लपटें देखकर ग्रामीणों ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक आग से एक बछिया की मौत हो चुकी थी और छह भैंसें झुलस गईं। इस दौरान तमाम ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। पशुशाला में रखा सामान भी जल गया। आग बुझाने में एक महिला भी झुलस गई। सूचना मिलने पर पशु चिकित्सक पहुंचे। पशुओं का इलाज गया। वहीं झुलसी महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

सहसवान में खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित

संवाददाता, सहसवान

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगी प्रशस्ति पत्र के साथ बैठे हुए। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नगर के पन्नालाल नगर पालिका इंटर कॉलेज के खेल मैदान में हुई खेलकूद प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत सहसवान ब्लॉक के 12 न्याय पंचायत के बेसिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। खेल कूद प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर 50, 100, 200 व जूनियर स्तर में 100, 200, 400 मीटर दौड़, कबड्डी, खो खो, लंबी कूद और ऊंची कूद, गोला फेंक व चक्का फेक का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बीएसए मनोज राम ने किया। बच्चों को खेल प्रतियोगिताओं के महत्व के बारे में अवगत कराया गया। प्राथमिक वर्ग के बालक वर्ग में दौड़ में 100 मीटर में नवाबगंज बेला, 200 मीटर में अलीपुर और 400 मीटर में कुआं टांडा विद्यालय के छात्रों ने बाजी मारी। प्राथमिक बालिका वर्ग में 100 मीटर में महमूदपुर 200 मीटर में महमूदपुर सौगना और 400 मीटर में जरीफ पुर गढ़िया के विद्यालय के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। बालिकाओं की कबड्डी और खो खो बहुत रोमांचकारी रही। अथितियों ने सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहसवान एसडीएम साईं आश्रित शाखमुरी ने विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण करते हुए कहा खेल से मानसिक व शारीरिक विकास होता है। खेल से अनुशासन की भावना जगृत होती हैं। इस मौके पर राजन यादव, नेहा सक्सैना, पंकज महेश्वरी, जीतू माहेश्वरी, नीलम रेंडर, अजय पाल सिंह, राजेंद्र गुलाटी, अशोक यादव, जमील अहमद, रामप्रताप, ओम प्रकाश, शोएब अहमद, सुनीलकुमार सिंह, मोहम्मद इस्लाम, सलीम खान, आमोद कुमार सहित समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

खो-खो में छात्राएं और कबड्डी में छात्र प्रथम

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार: फ्यूचर लीडर स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। जिसके दूसरे दिन भी विभिन्न प्रतियोगिताएं खेली गईं। खो-खो की में छात्राओं की और कबड्डी में छात्रों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खो खो खेल में कक्षा 8 की छात्राएं विजयी रहीं। कबड्डी के खेल में कक्षा 6 मेजर ध्यानचंद टीम के छात्र और छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्डल रेस में मानवी, एंटोनी प्रथम स्थान पर रहें। लॉन्ग जंप में श्रृष्टि और पूर्वी प्रथम स्थान पर रहं। इन खेलों के साथ 100 मीटर दौड़, 200 मीटर बाधा दौड़, गोला फेंक और चक्का फेंक आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेशनल बॉक्सिंग प्लेयर सुनील कुमार ने कहा, कि इस प्रकार के खेलकूद कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से न केवल शारीरिक विकास होता है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। विद्यालय के डायरेक्टर वी पी सिंह ने विद्यार्थियों को खेल भावना बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस मौके पर शिवओम शर्मा, दीक्षा वार्ष्णेय, साक्षी गुप्ता, रागिनी मिश्रा, ट्विंकल जैन उपस्थित रहें।

गोला फेंकता खिलाड़ी।

कबड्डी में प्रतिभाग करते खिलाड़ी।

पद्मांचल जैन मंदिर में किया वृक्षारोपण, पर्यावरण मित्र सम्मानित

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार : अरिहंत वृक्षारोपण सामाजिक सेवा समिति की ओर से शनिवार को पद्मांचल जैन मंदिर परिसर में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण मित्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कोई कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन शैली है। कोरोना काल से यह स्पष्ट हो गया कि प्रकृति की दी हुई ऑक्सीजन करोड़ों रुपये देकर भी नहीं खरीदी जा सकती। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ट्री मैन प्रशांत जैन, वनरक्षक शिवम शंखधार, विष्णु असावा, नीरज अग्निहोत्री, देव ठाकुर, वंश गोस्वामी, मृगांक जैन, रमेश बाबू शर्मा, अनुज वार्ष्णेय, अचिन शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा नेता विवेक राठी, मुदित असावा आदि मौजूद रहे।

पौधा लगाते राज्य सूचना आयुक्त।

जैन मंदिर का किया शिलान्यास

संवाददाता, बिल्सी

- महिलाओं ने निकाली मंगल कलश यात्रा, हुए धार्मिक अनुष्ठान

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला संख्या दो स्थित चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर के शिलान्यास समारोह का आयोजन शनिवार को छुल्लक रत्न श्री समर्पण सागर के निर्देशन में श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महिलाओं द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाल कर हुई।

महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर अटल चौक, सर्राफा बाजार, जैन मार्केट, थाना मोड़ होते हुए साहबगंज स्थित प्राचीन पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर तक शोभायात्रा निकाली। वहां से यात्रा अमर कॉलेज स्टोर होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। शिलान्यास स्थल पर पहुंचकर महिलाओं ने विधि-विधान के साथ मंगल कलशों से जलाभिषेक किया। इसके बाद समर्पण सागर ने मंत्रोच्चार के बीच विभिन्न धार्मिक क्रिया संपन्न कराईं। जैन समाज के लोगों ने बोलियां लगाकर शिलान्यास कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता शामिल हुए। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर, पूर्व राज्य मंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल, सहसवान के न्यायिक एसडीएम रिपुदमन सिंह, सीओ संजीव कुमार सिंह, कोतवाल मनोज कुमार सिंह समेत जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

जैन मंदिर का शिलान्यास करते समर्पण साग।

दहेज के लिए महिला से मारपीट कर घर से निकाला

संवाददाता, विजय नगला

अमृत विचार : अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने महिला को घर से निकाल दिया।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव मचलई निवासी रोशमीन ने एसएसपी को शिकायत पत्र देकर बताया कि उनकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से मुजाहिद पुत्र लल्लन के साथ हुई डेढ़ साल पहले हुई थी। माता-पिता ने हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। जिससे उसके ससुराल के लोग खुश नहीं थे और लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि उसके पति मुजाहिद, सांस रुखसाना, देवर गुड्डू, ननद सोनम शादी में कम दान दहेज का ताना मारने लगे और अपने घर से एक लाख रुपये दहेज लाने की बात करने लगे। महिला ने अपने पिता को जानकारी दी। पिता ने कहा कि उनके पास रुपये नहीं हैं। ससुराल वालों ने 24 नवंबर देर शाम लगभग 8 बजे महिला के साथ मारपीट की। महिला ने अपने माता-पिता को फोन करके सूचना दी। आरोप है कि दूसरे दिन मायका पक्ष पहुंचा तो ससुरालीजनों ने उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पारिवारिक मामला बताया और रिपोर्ट दर्ज नहीं की। एसएसपी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
द्वारा IVF कैम्प

दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RiSAA IVF
Creating life.... completing families.

अब अधूरे सपने होंगे पूरे

निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

परामर्श शुल्क मुफ्त

दिन : 8 दिसम्बर 2025 दिन सोमवार

समय : प्रातः 10:00 से 01 बजे तक

उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें सस्ती दरों पर
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) मार्केट रेट से 35% की छूट पर
★ लैब टेस्ट पर भारी छूट
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 150/- में

विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....

स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली
रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 6398018900, 8171925965

येलो हाउस ने जीती 200 मीटर रेस

बदायूं, अमृत विचार : बिसौली स्थित डी पॉल स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खेल भावना और टीमवर्क का शानदार परिचय दिया। दो सौ मीटर की दौड येलो हाउस ने जीती। कॉलेज प्रधानाचार्य ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी पॉल स्कूल के प्रबंधक फादर डॉक्टर मार्टिन बी.सी. ने वार्षिक खेल समारोह का मशाल प्रज्ज्वलित कर आरंभ कराया। कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही खेलों को अपना दिनचर्या का हिस्सा बनना चाहिए। खेल भाईचारा और टीम भावना को सिखाते हैं। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग 200 मीटर रिले रेस येलो हाउस ने जीती। रेड हाउस दूसरे, और ब्लू हाउस तीसरे स्थान पर रहा। बालक वर्ग में ग्रीन हाउस ने प्रथम स्थान, ब्लू हाउस ने द्वितीय स्थान व येलो हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग 200 मीटर रेस ग्रीन हाउस ने प्रथम, रेड हाउस ने द्वितीय, ब्लू हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

परेशानी | तीसरी बार ठीक की जा रही पानी की पाइप लाइन, जल निगम की लापरवाही पड़ रही भारी

सड़कें खोदी, पाइप लाइन चेक कर रहे ठेकेदार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जल जीवन मिशन द्वारा गांव गांव डाली गई पानी की पाइप लाइन चालू करने को एक बार फिर सड़कों को खोद कर चेक किया जा रहा है। इससे सड़कों पर चलना दूभर हो ग या है। ग्रामीणों का कहना है कि तीसरी बार पाइप लाइन चेक की जा रही है। फिर भी जगह जगह पाइप लीकेज कर रहे हैं। सउक़ों पर पानी भर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह बार बार सड़कों को खोद कर छोड़ दिया जाता है जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ब्लॉक जगत के गांव उदमई और झंडपुर में करीब तीन साल पूर्व सड़कों को खोद कर जल जीवन मिशन के तहत घर घर जल पहुंचाने को पाइप लाइन डाली गई। करीब एक महीने तक गांवों में सड़कों की खुदाई कर छोड़ दी गई जिससे सड़कों पर चलना दूभर हो गया था। इसे कुछ माह बाद फिर पानी की सप्लाई शुरू की गई और पाइप लाइन चेक की गई। यहां पर पाइप रिसाव कर रहे थे वहां पर सड़कों को खोद कर चेक किया गया, लेकिन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई। ग्रामीणों ने खुद ही किसी तरह सड़कों की मरम्मत की। गांव झंडपुर में पानी का ओवरहेड टैंक बनाया गया है। इससे दूसरे गांव सूरजपुर को भी पानी दिया जाएगा। सूरजपुर तक पानी की पाइप लाइन डाली गई है। अब कई साल बाद फिर से पाइप लाइन चेक की जा रही है। जल निगम कर्मियों का कहना है कि अब पानी की सप्लाई दी जाएगी इसलिए पाइप लाइन को चेक किया जा रहा है। सड़कों को खोदा जा रहा है। पूरे गांव में सड़कों को खोद कर छोड़ दिया गया है। जिससे लोगों को सड़कों पर चल पानी दूभर हो गया है। इसी तरह गांव सूरजपुर में भी सड़कों को खोद कर पानी की पाइप लाइन चेक की जा रही है। गांव में 20 जगहों पर गड्ढे किए गए हैं जिससे दो पहिया वाहन तक नहीं निकल पा रहे हैं।

गांव में खुदी सड़क से बह रहा पानी। ● अमृत विचार

ग्रामीणों को हो रही परेशानी

ग्राम पंचायत कुतरई उदमई में भी सड़कें खोदी जा रही हैं। सड़कों पर गड्ढे कर दिए जाते हैं, लेकिन इन गड्ढों को बंद नहीं किया जाता है जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क खोदने से पहले कहा गया था कि वह लोग सड़क की मरम्मत कर देंगे लेकिन मरम्मत नहीं की गई। सड़क को ऐसे ही छोड़ दिया गया है। चारो गांवों में सड़कें खुदी होने से भारी परेशनी का सामना करना पड़ रहा है। जल निगम कर्मचारियों का कहना है कि पानी की सप्लाई शुरू करने से पहले सभी सड़कों की मरम्मत की दी जाएगी। फिलहाल काम किया जा रहा है।

ब्रीफ न्यूज

छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर बजीं तालियां

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव व रजत जयंती समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरी। विजेता रही छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि चैतन्य स्वरूप डीआर, श्रवण कुमार, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन राजेश शंकर राजू, प्रबंध समिति के अध्यक्ष लव कुमार सर्राफ, उपाध्यक्ष विपिन कुमार गुप्ता, सचिव अजय कुमार आयरन व प्राचार्य डॉ. वीरेंद्र गुप्ता सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोबाइल के सदुपयोग और वर्तमान जीव से इसका प्रभाव का संदेश दिया। संजय कुमार, गौरव कुमार वार्ष्णेय, मेघा मल्होत्रा, पूजा शर्मा, प्रीति शर्मा, डॉ गीता, गीता रानी, नेमपाल सिंह यादव, राम तीरथ, यशपाल सिंह यादव, भगवान सिंह चौहान, भुवनेश कुमार, राजीव कुमार आदि सहयोग किया। संचालन डॉ. गीता तथा भगवान सिंह चौहान ने किया।

डॉ. आंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत भारतीय संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर का 69 वां महापरिनिर्वाण मनाया। बहजोई नगर के यादव कॉलोनी अंबेडकर पार्क में मूर्ति पर माल्यार्पण कर व मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया तो वहीं कहा कि बाबा साहब ने ही उन्हें एक समाज में रहने एक साथ समानता का अधिकार दिया है। इस दौरान अध्यक्ष दर्शन कुमार सभासद, श्री राम, लक्ष्मी बाबू, अंतर सिंह, प्रशांत गौतम, प्रताप सिंह, नरेश कुमार, प्रशांत कुमार, गुलाम, जीतू गौतम, विकास आदि मौजूद रहे।

विद्यार्थी परिषद ने मनाया सामाजिक समरसता दिवस

चंदौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया। मौलागढ़ स्थित डॉ. आंबेडकर छात्रावास में कार्यकर्ताओं ने मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाकर माल्यार्पण किया और बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभाग छात्रा प्रमुख संभल दर्शिका भारद्वाज ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने समाज के हाशिए पर खड़े समुदायों को अधिकार दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। दर्शिका ने कहा कि आंबेडकर का विजन सभी को साथ लेकर चलने वाला भारत है, जो आज भी समाज को प्रेरित करता है।

प्रेमी युगल ने जहर खाया किशोरी की मौत, युवक गंभीर

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: बदायूं के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला बीए प्रथम वर्ष के छात्र का प्रेम प्रसंग संभल जिले के चंदौसी कोतवाली क्षेत्र की हाईस्कूल की छात्रा के साथ चल रहा था। साथ जीने मरने की कसमें खाकर दोनों 28 नवंबर को घर से भाग कर गाजियाबाद चले गए थे।

थाना इस्लामनगर प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार सिंह ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर अनमोल पुत्र स्वदेशी और रॉबिन पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी जाफरपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस बीच शुक्रवार को युवक व किशोरी ने गाजियाबाद में जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों की हालत बिगड़ी तो उन्होंने परिजनों को फोन कर बताया।

युवक के परिजन दोनों को इस्लामनगर ला रहे थे। बबराला के पास दोनों की हालत बिगड़ गई। उन्हें पहले बबराला के निजी अस्पताल, फिर बहजोई के एक अस्पताल और अंत में संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां किशोरी ने दम तोड़ दिया। सूचना पर इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। इसके बाद पूरी सूचना बदायूं जिले के इस्लामनगर थाना पुलिस को भेजी गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोई भी पात्र मतदाता सूची से न रहे वंचित

संभल, अमृत विचार: एकता विहार कॉलोनी स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री एवं प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश सुभाष यदुवंश ने कहा कि कार्यकर्ता पुनरीक्षण कार्य में सक्रियता से जुटे रहें। कोई भी पात्र मतदाता मतदान सूची से वंचित न रह जाए। सुभाष यदुवंश ने बूथ वार प्रगति की समीक्षा करते हुए मंडल अध्यक्षों एवं बूथों पर नियुक्त पदाधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने जोर देकर कहा कि बीएलओ के पास जमा फार्मों की स्थिति की जानकारी सभी कार्यकर्ताओं को होनी चाहिए। गलत वोट हटाने और सही वोट जोड़ने की प्रक्रिया में सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

28 गांवों के ग्रामीणों को होगा फायदा, जलभराव की समस्या से मिलेगी निजात

1.48 करोड़ से बनेंगे सीसी रोड और नाला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- जिला पंचायत कराएगा निर्माण कार्य, चल रही टेंडर प्रक्रिया

अमृत विचार : गांवों बनी जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को जल्द निजात मिलेगी। ग्रामीणों की इस समस्या को जिला पंचायत ने गंभीरता से लिया है। 28 गांवों में एक करोड़ 4,8 लाख 86 हजार 581 रुपये से नाला और सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके बाद कार्य शुरू होगा। जनवरी माह तक ग्रामीणों को लंबे समय बनी समस्या से निजात मिल जाएगी।

जिले के 15 ब्लॉकों में 1036 ग्राम पंचायत हैं। इन गांवों में ग्राम पंचायत द्वारा निर्माण कार्य कराए जाते हैं। लेकिन समयानुसार भरपूर फंड न मिलने की वजह से कई निर्माण कार्य अधूरे रह जाते हैं। इनमें सीसी रोड और नाला निर्माण न होने की वजह से गांव की गलियों में जलभराव की समस्या बनी रहती है। इन समस्याओं के कारण ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए ग्रामीणों के द्वारा जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष भी मांग की थी। ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए जिला पंचायत के द्वारा ग्रामीणों क्षेत्रों में सर्वे कराया गया। सर्वे के दौरान 12 ब्लॉकों के 28 गांवों का चिन्हित किया गया। जहां लंबे समय से नाला न होने की वजह से गांव की गलियों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। छह गांवों के रोड खराब मिले। अब इन सभी गांवों में नाला और सीसी रोड का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए जिला पंचायत की पूर्व में हुई बोर्ड की बैठक में भी मंजूरी दे दी गई थी। इसके बाद ही सर्वे कराकर गांवों को चिन्हित किया गया था। नाला और निर्माण कार्य में 1 करोड़ 4,8 लाख 86 हजार 581 रुपए खर्च होंगे। निर्माण कार्य के लिए जिला पंचायत द्वारा टेंडर प्रक्रिया को पूरा किया जा रहा है। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लंबे समय गांवों में जलभराव की समस्या से भी ग्रामीणों को निजात मिलेगी।

> ग्राम पंचायतों में नाला और सीसी रोड का निर्माण होना है। निर्माण कार्य के लिए डेढ़ करोड़ की धनराशि स्वीकृत हुई है। टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इसके पूरा होने के बाद जल्द निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।
> **- दिनेश प्रताप सिंह**, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत

इन ब्लॉकों के गांवों में बनेगा नाला

जिला पंचायत के द्वारा 28 गांव में नाला और सीसी रोड निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य पर 1,48,86,581 धनराशि खर्च होगी। स्वीकृत धनराशि से जिला पंचायत द्वारा दातागंज, आसफपुर, जगत, इस्लामनगर, समरेर, उझानी, वजीरगंज, अंबियापुर, सहसवान, म्याऊं, बिसौली और कादरचौक के 28 गांवों में नाला और सीसी रोड निर्माण कार्य कराया जाएगा।

उर्स में भिड़े दो पक्ष, कुर्सियां चलीं और हुईं फायरिंग, 14 गिरफ्तार

कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव खासपुर में दो पक्ष में चल रहा पुराना विवाद

संवाददाता, कुंवरगांव

अमृत विचार : कुंवरगांव क्षेत्र के गांव खासपुर में दो पक्ष में वर्चस्व की जंग है। दो पक्ष अक्सर आमने-सामने आ जाते हैं। शुक्रवार रात उर्स में चल रही कव्वाली के दौरान रुपयों को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। कार्यक्रम में दोनों पक्ष के लोगों में मारपीट हुई। एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकी गईं। एक युवक के सिर पर चोट आई। पुलिस ने मामले को शांत कराया। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। मारपीट का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

गांव खासपुर में हर साल हजरत टिलिया सेमल वाले बाबा की मजार पर उर्स का आयोजन किया जाता है। जिसमें रात भर कव्वाली होती है। कव्वालों के ऊपर रुपये उड़ाए जाते हैं। शुक्रवार रात भी मोहम्मद मियां उर्फ गुड्डू चौधरी की देखरेख में गांव में आयोजन चल रहा था। दिन में थानाध्यक्ष न उर्स में शांति व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया था, लेकिन खुराफाती नहीं माने। रात में लोग कव्वालों के ऊपर नोट उड़ा रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान एक पक्ष के शाहिद आलम, दूसरे पक्ष के नन्हें, बदर, विकार में कहासुनी होने लगी। बात बड़ी और मारपीट शुरू हो गई। लात घूसे चलने लगे। एक-दूसरे पर कुर्सी फेकी। तमंचे से फायरिंग की गई। मौके पर अफरा तफरी मच गई। कुर्सियां फेंकी जाने के दौरान दो पुलिसकर्मी तमाशबीन बने रहे, लेकिन जब फायर की आवाज आई तो पुलिस बल पहुंचा। दोनों पक्षों को अलग किया। मारपीट में शाहिद आलम सिर में कुर्सी लगने से घायल हो गए। रात में उनका मेडिकल परीक्षण हुआ। शनिवार सुबह से ही मारपीट का वीडियो वायरल हुआ। एक दूसरे पर कुर्सियां बरसाना साफ नजर आ रहा है। एक फायर की भी आवाज सुनाई दे रही है। पुलिस ने घायल के भाई ग्राम प्रधान मोहम्मद सगीर की तहरीर पर अरमान, शारिक, शवाब, आफताब, मोहम्मद शाबेज, मोहम्मद शारिक, मोहम्मद महताब, मुशीर, तारिक, विकार, आकिब, आमीर, मोहम्मद हसनैन और अमजद हसन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार शर्मा, सिपाही नरेंद्र सिंह, राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, अनुज कुमार रहे। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि उर्स में दो पक्ष में मारपीट हुई थी। एक युवक के सिर में चोट लगी थीं।

कुर्सी लगने से घायल शाहिद आलम।

गांव में तैनात पुलिस।

प्रधान पर दर्ज हैं दर्जनभर मुकदमे

ग्रामीणों के अनुसार दोनों पक्ष में पुरानी रंजिश चल रही है। वह अक्सर आमने-सामने आ जाते हैं। पिछले साल भी सगीर और नन्हें के बीच आलू बीनने को लेकर झगड़ा हुआ था। दोनों ने एक दूसरे को पीटा था। दोनों पक्ष पर मारपीट, बलवा समेत कई मामले दर्ज हैं। 12 मई 2025 को भी मारपीट और फायरिंग हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शुक्रवार रात मारपीट में घायल हुए शाहिद आलम पर बलवा, जानलेवा हमला, धमकाने, गुंडा एक्ट, पूजा स्थल को नष्ट करने, चोरी, डकैती, हत्या आदि के अलावा रिपोर्ट दर्ज कराने वाले ग्राम प्रधान मोहम्मद सगीर पर बलवा, जानलेवा हमला, सीएल एक्ट, डकैती, हत्या समेत लगभग 13 मामले दर्ज हैं। वहीं दूसरे पक्ष पर भी कई मामले चल रहे हैं।

बरई गांव में बंद पड़े पांच घरों में लाखों की चोरी

चंदौसी, अमृत विचार: चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के गांव बरई में शुक्रवार रात चोरों ने बंद पड़े पांच मकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया।

प्रेम सिंह पुत्र श्रीराम का परिवार चार दिन पहले ही नोएडा काम के लिए गया था। चोरों ने शादी के बर्तन और बक्से में रखे बहू के जेवर चोरी कर लिए। सूचना मिलने पर उनकी बेटी सोनम पहुंची

बताया कि तीन महीने पहले भाई की शादी हुई थी। वहीं रामनिवास पुत्र रामकुमार रात में दूसरे मकान में सोने चला गया। सुबह वापस आया तो देखा कि चोर अलमारी से पाजेब, सोने का पेंडल, हसली और पीतल के बर्तन चोरी कर ले गए। महिपाल यादव भी परिवार के साथ एक कमरे में सो रहा था। चोर दूसरे कमरे का ताला तोड़कर 6000 रुपये ले गए। इसी तरह योगराज घर का ताला बंद कर पास के मकान में सो रहा था। चोर कपड़े, पाजेब, मंगलसूत्र, अंगूठी और गुल्लक उठा ले गए। रामनिवास के छोटे भाई रोहित का परिवार चंडीगढ़ में रहता है। उसकी दादी फूलवती ने बताया कि घर से कपड़े, सोने की लोंग, चेन, कमरबंद, पाजेब, कंगन और पीतल के बर्तन चोरी हुए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस न तो रात में गश्त करती है और न ही कार्रवाई होती है।

पछुआ हवाओं ने बढ़ाई ठिठुरन, गिर रहा तापमान

नेहरू चौक स्थित फुटपाथ पर लगी दुकान से टोपी मौजे खरीदते लोग।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सर्दी अब अपने चरम पर पहुंच रही है। दो दिनों से चल रही पछुआ हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई है। ठंडी हवाएं चलने से तापमान में भी गिरावट दर्ज हो रही है। दिन और रात के तापमान में 10 से 15 डिग्री सेल्सियस का अंतर आ गया है। दिन का तापमान जहां 24 से 25 डिग्री सेल्सियस पर बना हुआ है। वहीं रात का तापमान 6 से दस डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। तापमान में गिरावट आने के चलते धूप भी बेअसर साबित हो रही है। बाजार में गर्म कपड़ों और इलेक्ट्रिक उपकरणों की मांग बढ़ गई है।

शनिवार को सुबह से मौसम साफ रहा। दिन भर पछुआ हवाएं चलती रहीं। अन्य दिनों की अपेछा हवाओं की रफ्तार धीमी रही। 10 से 13 किलोमीटर के वेग से हवाएं चलती रहीं। ठंडी हवाएं चलने से धूप भी बेअसर साबित हुई। लोग ठंड दूर करने के लिए दिन भर छत पर बैठे रहे। तापमान में आ रही गिरावट की वजह बताते हुए कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पहाड़ों पर विक्षोभ सक्रिय हो गया हैं। पहाड़ों से मैदानी इलाकों की ओर सर्द हवाएं प्रवेश कर रही है। जिसकी वजह तापमान में गिरावट हो रही है। आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट दर्ज होगी। तापमान सामान्य से कम रहने के आसार बन रहे हैं। शनिवार को हवाएं चलने की वजह से अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम बेहद सर्द होने की वजह से बाजार में लोगों ने गर्म कपड़ों की खरीदारी की। फुटपाथ, पार्कों में लगी दुकानों के साथ लोगों ने बाजार पहुंचकर गर्म कपड़ों की खरीदारी की। गर्म कपड़ों के साथ लोगों के द्वारा हीटर, ब्लोअर, गीजर, हीटिंग रॉड की भी खरीदारी की गई।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल

N.H.-30, बंथरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश

Radiation Oncology Department

Cancer Facilities (कैंसर उपचार एवं सुविधाएं)

कैंसर की सटीक जाँच (Accurate Diagnosis)

नवीनतम तकनीक द्वारा कैंसर की प्रारंभिक एवं सटीक पहचान की सुविधा

- बायोप्सी
- रेडियो इमेजिंग (CT, MRI)
- ब्लड मार्कर जाँच

कीमोथेरेपी (Chemotherapy)

- सभी प्रकार के कैंसर की कीमोथेरेपी द्वारा उपचार की पूर्ण व्यवस्था

कैंसर की पूर्ण देखभाल (Comprehensive Cancer Care)

- कैंसर रोगियों के लिए पोषण, काउंसलिंग एवं पुर्नवास सहायता
- व्यक्तिगत (Individualised) उपचार योजना

रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट परामर्श उपलब्ध

- कैंसर के हर चरण के लिए सही मार्गदर्शन व उपचार योजना उपलब्ध।

(प्रतिदिन ओ.पी.डी. कमरा नं. 171 में प्रातः 9:00 से सायं 4:00 बजे तक)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 7521001988, 7521001989

तीन दिन पहले दें अतिक्रमण हटाने की सूचना

चंदौसी, अमृत विचार: अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने अतिक्रमण अभियान को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को रखा। ज्ञापन में कहा कि जहां भी अतिक्रमण हटाया जाना है, उस बाजार के व्यापारियों को कम से कम तीन दिन पहले नोटिस देकर समय दिया जाए ताकि व्यापारी स्वयं ही अतिक्रमण हटा सकें। संबंधित क्षेत्रों में अनाउंस करा कर अतिक्रमण हटाने की जानकारी दी जाए। नालियों के ऊपर बनी वे स्लैब, जिनसे सफाई कार्य में कोई दिक्कत नहीं आती, न तोड़ा जाए। इसके अलावा जुर्माना नोटिस पर भुगतान की अंतिम तिथि स्पष्ट रूप से अंकित करने की भी मांग उठाई गई, ताकि व्यापारियों को असमंजस का सामना न करना पड़े।

डॉ. भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर हुई गोष्ठी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि को परिनिर्वाण दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। गोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित विचारों के बारे में बताया गया।

मुख्य वक्ता इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने कहा कि जब तक समाज की निचली पायदान पर खड़ा व्यक्ति आत्मगौरव के साथ नहीं उठ खड़ा होगा, तब तक राष्ट्र का समग्र विकास और विकसित भारत का निर्माण संभव नहीं है। डॉ. आंबेडकर के जीवन से जुड़ी घटनाओं का उल्लेख करते हुए बाबा साहब के द्वारा गरीबों तथा महिलाओं को शिक्षित करने से संबंधित विचारों को रेखांकित किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश सिंह यादव ने डॉ. आंबेडकर के जल संरक्षण संबंधी प्रयासों का उल्लेख करते हुए नदी जोड़ो परियोजना के बारे में अवगत कराया। डॉ. अनिल कुमार, डॉ. हुकुम सिंह, डॉ. बबीता यादव, डॉ. सारिका शर्मा, डॉ. गौरव कुमार सिंह, डॉ. दिलीप कुमार वर्मा, डॉ. जुनेद आलम, वीर बहादुर सिंह, निखिल सिंह चौहान, पवन कुमार, विकास कुमार, महिमा भारती आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार और संचालन डॉ. रविंद्र सिंह यादव ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

संभल में 30 उपनिरीक्षकों के तबादले

संभल, अमृत विचार : संभल के 17 थानों में तैनात 30 उपनिरीक्षकों के तबादले किए गए हैं। दो उपनिरीक्षकों को नई तैनाती दी गई है। इसके साथ ही तीन थानों के वरिष्ठ उपनिरीक्षकों में बदलाव किया गया है, जबकि एक अन्य थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक का स्थानांतरण हुआ है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने चंदौसी कोतवाली क्षेत्र की घंटाघर पुलिस चौकी पर पुलिस लाइन में तैनात संजीव कुमार त्रिपाठी जबकि आवास विकास चौकी पर राजेंद्र सिंह को तैनात किया है। सत्यदेव सिंह को थाना हजरतनगर गढ़ी का वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाया गया है। राजा रामपाल सिंह को पुलिस लाइन से रजपुरा में वरिष्ठ उपनिरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। रोशन सिंह को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कैलादेवी जबकि उपदेश कुमार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना धनारी बनाया गया है। हजरतनगर गढ़ी के एसएसआई सुनील दिवाकर को हटाकर धनारी की सुल्तानगढ़ चौकी पर भेजा गया है।

संभल के राजा बने भगवान श्री कल्कि

संभल, अमृत विचार : संभल के ऐंचोड़ा कंबोह स्थित कल्कि धाम में चल रही कल्कि पुराण कथा के छठे दिन जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य ने भगवान कल्कि के विवाह प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि शिव की आज्ञा लेकर जब भगवान श्री कल्कि लौटे तो ज्ञात हुआ कि उनकी ननिहाल पर आततायों ने हमला कर दिया है। भगवान कल्कि ने सभी दुष्टों का संहार किया। इसके बाद भगवान श्री कल्कि संभल ग्राम में प्रवेश करते हैं। आठ वर्ष की आयु में भगवान श्री कल्कि को संभल का राजा बनाया गया। उस समय देवताओं ने आकाश से पुष्प वर्षा की। उसी समय उनका तोता उड़कर सिंहल द्वीप पहुंचा। वहां के राजा की पुत्री पदमा भगवान शंकर की आराधना करती थीं। भगवान शिव ने उन्हें आशीर्वाद दिया कि उनका विवाह भगवान कल्कि से होगा। पदमा ने बताया कि उनके पिता अगले दिन स्वयंवर करवाने वाले हैं। इस पर भगवान शंकर ने आशीर्वाद दिया कि स्वयंवर में जो भी पुरुष उन्हें कामवासना की दृष्टि से देखेगा, वह नारी बन जाएगा। स्वयंवर में आए सभी राजा ऐसे ही नारी में परिवर्तित हो गए और स्वयंवर रद्द करना पड़ा। तोते ने पदमा की व्यथा जानकर कल्कि भगवान को पूरा वृतांत सुनाया। इसके बाद भगवान कल्कि घोड़े पर सवार होकर सिंहल द्वीप पहुंचे।

आवश्यकता है

अनुभवी व्यक्तियों की

- पी.आर.ओ (पब्लिक रिलेशन आफिसर)
- सिक्यूरिटी गार्ड
- कंप्यूटर ऑपरेटर

वेतन योग्यतानुसार

सम्पर्क करें

एच.आर. ऑफिस एडमिन ब्लाक वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल एन.एच.-30, बन्थरा, शाहजहाँपुर

समय : प्रातः 10 बजे से सायं 04 बजे तक

मो. 7521001986

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9756905552, 8445507002

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले कु. भावना गुप्ता (KM BHAWNA GUPTA) प्रचलित था। किंतु, अब मैंने अपना नाम परिवर्तित कर भावना गुप्ता (BHAVANA GUPTA) कर लिया है । अब मुझे हर जगह इसी परिवर्तित नाम से ही जाना व पहचाना जाय। **भावना गुप्ता पत्नी मोहित गुप्ता निवासी-पलिया कलां, तहसील पलिया कलां, जिला खीरी।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले मोहित कुमार गुप्ता (M0HIT KUMAR GUPTA) प्रचलित था। किंतु अब मैंने अपना नाम परिवर्तित कर मोहित गुप्ता (MOHIT GUPTA) कर लिया है। अब मुझे हर जगह इसी परिवर्तित नाम से ही जाना व पहचाना जाय। **मोहित गुप्ता पुत्र रमेश चंद्र गुप्ता निवासी- पलिया कलां, तहसील पलिया कलां, जिला खीरी।**

सूचना

मैंने अपनी पुत्री उमा मौर्या को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। **श्याम लाल पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम फरीदापुर बरकली साहब पो. मोहनपुर थाना बिथरीचैनपुर जिला बरेली हाल निवासी शिवधाम कालोनी लाल फाटक थाना कैन्ट जिला बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अंश आहूजा (ANSH AHUJA) पुत्र जयन्त कुमार आहूजा (JAYANT KUMAR AHUJA) था जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम अंशदीप सिंह (ANSH DEEP SINGH) पुत्र जयन्त कुमार आहूजा (JAYANT KUMAR AHUJA) कर लिया है। ये दोनों नाम मेरे ही है और मुझे इन दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता है। **अंशदीप सिंह पुत्र जयन्त कुमार आहूजा निवासी 22 महावीर होटल के सामने, जनकपुरी, बरेली।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2018 में कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। मेरी इण्टरमीडिएट की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक 0881908 है। जो कि वास्तव में कहीं खो गई है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। **रोहिताश गंगवार पुत्र गेंदनलाल निवासी ग्राम अकबराबाद पो. नौगवां तह. बीसलपुर जिला पीलीभीत**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अमित कुमार गोस्वामी व उसकी पत्नी शीतल गोस्वामी को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **राकेश चन्द्र गोस्वामी निवासी मोहल्ला गांधी नगर निगोही, शाहजहांपुर**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का ये होगा तरीका

बरेली, अमृत विचार : साढ़े सात टन तक की गाड़ी (छोटा हाथी, बोलेरो, पिकअप आदि छोटे माल वाहन) में आगे की ओर सफेद और पीछे की ओर 20 मिलीमीटर चौड़ी रिफ्लेक्टिव पट्टी। साढ़े सात टन से अधिक (ट्रक, ट्रॉली आदि वाहनों) में 50 मिलीमीटर की पट्टी आगे सफेद व पीछे लाल रंग की लगाई जाएगी। इसी तरह यात्री वाहन में सफेद, लाल और 55 मिमी का टेप लगाया जाएगा। इसमें स्कूली बसें भी शामिल हैं। रोडवेज बसों में भी इन्हें लगाया जाना जरूरी होगा। ई-रिक्शा में आगे और पीछे 200 मिमी का लाल टेप अनिवार्य रूप से लगाना होगा।

10 मिनट देर से पहुंची बेंगलुरू फ्लाइट, छह सौ यात्रियों को मिली राहत

बरेली, अमृत विचार : इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट के परिचालन की व्यवस्था अब पटरी पर लौट रही है। दो दिन से सैकड़ों यात्री बड़ी दिक्कत झेल रहे थे लेकिन शनिवार को छह सौ से ज्यादा यात्रियों को बड़ी राहत मिली। बेंगलुरू फ्लाइट महज 10 मिनट की देरी से बरेली एयरपोर्ट पहुंची। जबकि सुबह से यह आशंका जताई जा रही थी कि फ्लाइट आज भी डेढ़ से दो घंटे देरी से आएगी। बरेली एयरपोर्ट अथॉरिटी के एक अधिकारी ने बताया कि 321 सीटर एयरबस दोपहर करीब 2:30 बजे लैंडिंग हुई और 3:05 बजे बरेली से बेंगलुरू के लिए फ्लाइट ने उड़ान भरी। इससे यात्रियों को बड़ी राहत मिली। फ्लाइट में बेंगलुरू और बरेली आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या 600 से ज्यादा रही।

49 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने छोड़ी सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक परीक्षा

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक अध्यापक प्रशिक्षित स्नातक एलटी श्रेणी की परीक्षा शनिवार को 21 केंद्रों पर दो पालियों में हुई। परीक्षा में जिले में 17098 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें पहली पाली में 9632 और दूसरी पाली में 7466 थे। इसमें से पहली पाली में 4765 और दूसरी पाली में 3958 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दी। दोनों पालियों में 8375 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली सुबह 9 बजे से 11 बजे तक और दूसरी पाली शाम 3 बजे से 5 बजे तक हुई। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा से शुरू होने से डेढ़ घंटे पहले एंट्री दी गई। केंद्रों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी गई। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों ने परीक्षा को सामान्य बताया। उनका कहना था कि पेपर में किसी प्रकार की जटिलता नहीं थी और इसे समय रहते हल कर लिया गया। प्रश्न पत्र में पूछे सवाल सीधे और पाठ्यक्रम आधारित रहे। कुल मिलाकर परीक्षा को लेकर उम्मीदवारों में राहत नजर आई।

शिक्षक अजय के परिजनों से मिले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष

कोतवाली के सामने आंबेडकर पार्क में प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

शिक्षक अजय के परिजनों के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचारः कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर शनिवार सुबह कोतवाली के सामने स्थित आंबेडकर पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उसके बाद उन्होंने कर्मचारी नगर, गली नंबर 5 निवासी दिवंगत शिक्षक अजय अग्रवाल के घर पहुंचकर उनके बेटे और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना प्रकट की।

मीडिया से बात करते हुए उन्होंने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा बाबा साहब के संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी। उन्होंने कहा कि तानाशाही भाजपा सरकार का राहुल गांधी मुकाबला कर रहे हैं। यही कारण है कि भाजपा सरकार डरी हुई है और घबराहट और जल्दबाजी से काम ले रही है। वह जल्द से जल्द एसआईआर का कार्य कराना चाह रही है। उससे उसकी नीयत पर पूरी तरह से सभी को शक है। इसी जल्दबाजी का परिणाम है कि लगातार एसआईआर के कार्य में लगे हुए कर्मचारियों की अत्यधिक तनाव के चलते मौत हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के लोग विपक्षी दलों के वोट घटवा रहे हैं और अपने वोट बढ़वा रहे हैं। भाजपा के संगठन में कोई मजबूती नहीं है, यह भावनाओं को भड़काती है। इनकी ताकत सिर्फ हिंदू-मुस्लिम करना है। जो असली मुद्दे हैं, उनके संबंध में इनके पास कोई जवाब नहीं होता है। उन्होंने कहा कि अजय अग्रवाल एसआईआर के कार्य में लगे थे और ब्रेन हैमरेज से उनकी मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में लोगों को जहरीला सिरप पिलाया जा रहा है, लेकिन कोई जवाब देने वाला नहीं है। कहा कि रूस के राष्ट्रपति भारत के दौरे पर आए तो नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को उनसे मिलने नहीं दिया गया। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि एसआईआर का कार्य देख रहे सरकारी कर्मचारियों पर अधिकारियों का अत्यधिक दबाव होने के साथ ही संसाधनों की कमी भी एक गंभीर चिंता का विषय है। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता डॉ. के बी त्रिपाठी, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला, महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा एडवोकेट, पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शुक्ला, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, जिया उर रहमान, राजन उपाध्याय, मुजम्मिल रजा एडवोकेट, उल्फत सिंह कठेरिया, सुरेश वाल्मीकि, मोबिन कुरैशी, डॉक्टर सरताज हुसैन, तीरथ मधुकर, कमरुद्दीन सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर बनाए संबंध

बरेली, अमृत विचारः प्रेमनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती ने बताया कि कुछ माह पहले उसकी इंस्टाग्राम पर अभय शर्मा निवासी सैनिक भवन, अशोकनगर, थाना सुभाषनगर से मुलाकात हुई थी।

आरोप है कि अभय ने उसे झूठे प्रेमजाल में फंसा लिया। उसके बाद उसने वीडियो कॉल पर कुछ अश्लील वीडियो बना ली। उसने वीडियो डिलीट करने को बोला तो आरोपी ने 10 नवंबर को उसे मिलने के लिए बुलाया। उसके बाद उसने संबंध बनाने पर जोर दिया। मना करने पर आरोपी ने कहा कि हम शादी कर लेते हैं फिर पति-पत्नी की तरह रहेंगे। उसके बाद उसके दोस्त माधुरी, जितिन कुमार सिंह और नितिन कुमार ने झूठे आश्वासन देकर एक अधिवक्ता के पास ले जाकर जबरदस्ती आर्य समाज के एक मैरिज सर्टिफिकेट पर साइन करवा लिए। आरोप है कि उसकी कक्षा 10 और 12 की मार्कशीट के अलावा दो सोने के कंगन और 9 हजार रुपये भी रख लिए। उसके बाद डरा धमकाकर वीडियो बनवाई कि मैं अपनी मर्जी से शादी कर रही हूं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप नहीं तो भरना पड़ेगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पहली बार पकड़े जाने पर 10 हजार का जुर्माना, तीन माह के लिए लाइसेंस भी होगा निलंबित
- कोहरे में दुर्घटनाओं की संभावना देख व्यवसायिक वाहनों के लिए टेप लगाना किया अनिवार्य

अमृत विचारः सर्दी के मौसम में कोहरा और धुंध की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं में कमी लाने को परिवहन विभाग ने सभी व्यवसायिक वाहनों में 'रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप' (रोशनी पड़ने पर चमकने वाली पट्टी) अनिवार्य कर दिया है। इसके लिए परिवहन विभाग ने मंडल के चारों जिलों में 11 जनवरी तक विशेष प्रवर्तन अभियान शुरू किया है। इस दौरान यदि कोई वाहन बिना टेप लगा मिलेगा तो वाहन स्वामी को 10 हजार रुपये जुर्माना देना होगा।

आरटीओ प्रशासन पंकज सिंह ने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि ट्रक, ट्रैक्टर-ट्रॉली, पिकअप, डाला और छोटा हाथी सरीखे विभिन्न तरह के व्यवसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा होता है। इसके चलते तेज गति में आ रहे वाहन के चालक को सड़क पर गाड़ी खड़ी होने का आभास तक नहीं हो पाता है और हादसा हो जाता है। इसे देखते हुए परिवहन विभाग ने अब सभी व्यवसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप को अनिवार्य कर दिया है। रेट्रो टेप न लगा होने पर पहली बार में 10 हजार रुपये तक का जुर्माना और तीन माह कारावास और चालक का तीन माह तक लाइसेंस निलंबित किया जा सकता है।

इसकी पुनरावृत्ति पर चालक और परिचालकों को छह माह तक कारावास और 10 हजार तक जुर्माना देना पड़ सकता है। यही नहीं टेप न होने पर व्यवसायिक वाहनों का प्रमाणपत्र भी जारी नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान राष्ट्रीय व राज्य मार्गों पर रात्रि प्रवर्तन बढ़ाने के साथ ही बस स्टैंड, ट्रांसपोर्ट नगर, हाईवे, बैरियर्स पर विशेष चेकिंग अभियान चलाने के साथ वाहन स्वामियों को व्हाट्सएप के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है।

बच्चों ने आत्मविश्वास से खेल भावना का किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- केशलता इंटरनेशनल स्कूल में किंडरगार्टन स्पोर्ट्स डे का हुआ आयोजन

अमृत विचार : बीसलपुर रोड स्थित केशलता इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को किंडरगार्टन स्पोर्ट्स डे का आयोजन हुआ। स्कूल का मैदान रंग-बिरंगी सजावट, मनमोहक संगीत और बच्चों की खिलखिलाहट से गूंज उठा। नन्हे-मुन्नों ने अपनी ऊर्जा और आत्मविश्वास से खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

बच्चों ने फ्रॉग जंप, रिंग रेस, लेमन-स्पून रेस, गुब्बारा दौड़, फन रिले और फैंसी ड्रेस, वॉक-पास्ट जैसी कई रोचक प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिक्षकों ने आयोजन में सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा। इस मौके पर प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी ने कहा कि खेल बच्चों के सर्वांगीण विकास और आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उप प्रधानाचार्या डॉ. निशा शर्मा ने बच्चों के प्रदर्शन की प्रशंसा की और शिक्षकों-अभिभावकों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। निदेशिका डॉ. लता अग्रवाल ने कहा कि स्कूल का उद्देश्य केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभाओं को उभारना भी है। कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, साहस और सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु ने कहा कि स्पोर्ट्स डे जैसे कार्यक्रम बच्चों को आनंद के साथ सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। समापन पर विजयी विद्यार्थियों कुशांत, दर्शिक, एकांश, अक्षिता, साक्षी, अनन्या, शौर्य, देवांश, विराज, तनवीर, वर्तिका, प्राक्षि आदि को मेडल देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में शिवानी, शबीना, रुचि, वर्षा, आशा, छाया एवं शिक्षकों का सहयोग रहा।

बवाल में शामिल आरोपी समेत 15 की खुली हिस्ट्रीशीट

बरेली, अमृत विचारः एसएसपी अनुराग आर्य ने लूट, चोरी, वाहन चोरी, हत्या की कोशिश, मारपीट गोकशी, मादक पदार्थ की तस्करी और साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने, अवैध हथियार बनाने, रंगदारी मांगने वाले 15 आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। एसएसपी ने संबंधित थानों की पुलिस को इनकी ज्यादा निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल में पुलिस ने प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुरा निवासी जुनैद अली खां उर्फ लकी शाह पर रिपोर्ट दर्ज की थी। लकी के खिलाफ 17 मुकदमे दर्ज हैं। एसएसपी ने 15 आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली है, जिसमें जुनैद अली खां उर्फ लकी शाह, इज्जतनगर के उजैर, मोहसिन, छुटका, लालू पटेल, अफरोज, सन्नी पटेल, हाफिजगंज के करन, सुभाषनगर के अनीश ठाकुर, मुकेश कुमार, आंवला थाना क्षेत्र के रहीस अहमद उर्फ घिर्री, मोबीन, ज्ञान सिंह, छोटा, केशव उर्फ टेढ़ा हैं।

तकनीकी सशक्तीकरण के साथ मानवीय पक्षों का भी हो संरक्षण

कार्यालय संवाददाता, बरेली

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के सभागार में वक्ता। ● अमृत विचार

- रुविवि में संगोष्ठी में 170 से अधिक अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के सभागार में शनिवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन पर अलग-अलग तकनीकी सत्रों में कई संस्थानों के प्रतिनिधित्व में ऑग्युमेंटेड रियलिटी, वर्चुअल रियलिटी एवं अन्य विषयों पर 170 से अधिक अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। सभी प्रतिभागियों ने एजुकेशन 5.0 की अवधारणा को समझते हुए कहा कि भविष्य की शिक्षा में तकनीक के साथ मानवीय मूल्य हमेशा प्राथमिक रहे।

विशेष वक्ता प्रो. तूलिका सक्सेना ने कहा कि हम सभी को तकनीक के समय में मानवीय गुणों का ध्यान रखने की आवश्यकता है। संस्थानों को एक ऐसा लर्निंग इको सिस्टम बनाने कि आवश्यकता है, जहां नवाचार के साथ अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर हो, साथ ही नैतिक जिम्मेदारी का एहसास भी हो। विशिष्ट वक्ता प्रो. आलोक श्रीवास्तव ने कहा कि सभी विद्यार्थियों की समस्या है कि अपना शोध कार्य करते समय वह एआई का प्रयोग करते हैं। सभी विद्यार्थियों को सावधानी और समझदारी से एआई टूल्स का प्रयोग करना होगा। ये हम सभी के लिए ये चुनौतीपूर्ण समय हैं। हमें मशीन और मनुष्य के मध्य संतुलन पर कार्य करना होगा। मुख्य वक्ता प्रो. मनोज सक्सेना ने बताया कि पूर्व की शिक्षा में शिक्षक बालक के निर्माण का प्रमुख केंद्र रहा। डॉ. शकुंतला मिश्रा, प्रो. कौशल शर्मा, प्रो. यशपाल सिंह, प्रो. सुधीर कुमार वर्मा, डॉ. तरुण राष्ट्रीय, डॉ. प्रेमपाल, डॉ. कीर्ति प्रजापति, डॉ. रश्मि रंजन, कपिल मोहन तिवारी, शिवि, सना अबरार, आकाश, जगदीश आदि उपस्थित रहे।

अवैध गैस रिफलिंग में दुकान संचालक पर रिपोर्ट

सीजेआई सूर्यकांत ने एक कार्यक्रम में न्याय तक पहुंच का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि मुकदमेबाजी की लागत कैसे कम की जाए और मामलों के निर्णय के लिए एक उचित समय-सीमा कैसे निर्धारित की जाए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीजेआई ने शक्तियों के पृथक्करण के संवैधानिक दर्शन का उल्लेख किया और कहा कि संविधान ने न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की संबंधित भूमिकाओं को परिभाषित किया है तथा यह सुनिश्चित किया कि कोई एक दूसरे के क्षेत्र का अतिक्रमण नहीं करे।

सीजेआई ने कहा कि उनकी प्राथमिकता लंबित मामलों के लिए निश्चित समय-सीमा और एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति-आधारित शीघ्र निस्तारण की होगी। मैं सभी बकाया मामलों को समाप्त करने की बात नहीं कर रहा हूं। ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि मुकदमेबाजी सतत प्रक्रिया है। मामले तो दायर किए जाएंगे, लेकिन जो पुराने मामले हैं, उनसे निपटने की जरूरत है और इसके लिए मध्यस्थता को शक्तिशाली परिवर्तनकारी उपाय के रूप में तलाशने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि आने वाले दिनों में उच्चतम न्यायालय में कुछ सुधार होंगे, जिनमें कुछ मुकदमों को प्राथमिकता देना भी शामिल है।

> सुप्रीम कोर्ट में कुछ सुधार किए जाएंगे, जिनमें कुछ मुकदमों को प्राथमिकता देना भी शामिल

- **कहा- उनकी प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना कि मुकदमेबाजी की लागत कैसे कम की जाए**

न्यायिक प्रणाली के सामने होंगी नई चुनौतियां

सीजेआई ने माना कि न्यायिक प्रणाली के सामने नई चुनौतियां है और उन्होंने डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराधों का हवाला दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने मानव संसाधन के इष्टतम उपयोग और निष्पक्ष मूल्यांकन पर कहा कि संस्थान में योग्यता को मान्यता मिलनी चाहिए। उन्होंने न्यायपालिका में विविधता पर कहा कि जिस तरह से समाज विकसित हुआ और देश आगे बढ़ा है, उसमें न्यायिक प्रणाली में परिवर्तन आया है।

रिलायंस व अन्य 10 कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी

ईडी ने निविदा हासिल करने के लिए 68 करोड़ की फर्जी बैंक गारंटी जारी करने से जुड़े धन शोधन के मामले में व्यवसायी अनिल अंबानी की समूह कंपनी रिलायंस पावर और 10 अन्य कंपनियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। ईडी के अनुसार, रिलायंस समूह के अधिकारियों को अच्छी तरह पता था कि यह 'फर्जी' बैंक गारंटी है।

- **ईडी ने कहा- रिलायंस समूह के अधिकारियों को पता था यह 'फर्जी' बैंक गारंटी है**

अभियोजन पक्ष की शिकायत में नामजद अन्य आरोपियों में रिलायंस पावर के पूर्व सीएफओ (मुख्य वित्तीय अधिकारी) अशोक पाल, रिलायंस एनयू बीईएसएस, रोजा पावर सप्लाई कंपनी (रिलायंस पावर की सहायक), ओडिशा स्थित फर्जी कंपनी बिस्वाल ट्रेडलिंक, कंपनी के प्रबंधन निदेशक पी सारथी बिस्वाल, बायोथेन केमिकल्स और व्यापार वित्तपोषण सलाहकार अमर नाथ दत्ता हैं। एजेंसी के अनुसार, कुछ अन्य आरोपियों में रविंदर पाल सिंह चड्ढा, मनोज भैयासाहेब पोंगड़े और पुनीत नरेंद्र गर्ग शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत आरोपपत्र दाखिल किया गया।

परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण जनवरी में, पंजीकरण शुरू

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी का चर्चा कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का नौवां संस्करण जनवरी 2026 में आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए पंजीकरण 11 जनवरी तक खुले हैं। शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत और विदेश के छात्र, अभिभावक और शिक्षक परीक्षा के तनाव पर चर्चा करने और परीक्षाओं को उत्सव व जीवन का अभिन्न अंग मानने को उनके साथ जुड़ेंगे। प्रतिभागियों के चयन के लिए माइजीओवी पोर्टल पर एक दिसंबर 2025 से 11 जनवरी 2026 तक बहुविकल्पीय प्रश्नों वाली ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

राहुल के खिलाफ मानहानि मामला

ठाणे की अदालत ने सुनवाई 20 दिसंबर तक के लिए की स्थगित

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की अदालत ने आरएसएस के स्वयंसेवक की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले की सुनवाई शनिवार को 20 दिसंबर तक स्थगित कर दी। अदालत ने गवाह की अनुपलब्धता पर यह निर्णय लिया।

राहुल के वकील नारायण अय्यर ने सुनवाई स्थगित किए जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि गवाह अशोक सायकर व्यक्तिगत कारणों से पेश नहीं हो सके। सायकर वर्तमान में सोलापुर के बार्शी में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) हैं। सायकर की गवाही अब 29 दिसंबर को दर्ज किए जाने की संभावना है। उनकी गवाही को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि 2014 में पुलिस उपनिरीक्षक के रूप में उन्होंने दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा-202 के तहत मानहानि मामले की शुरुआती जांच की थी।

दिल्ली में जहरीली हवा से राहत नहीं, एक्यूआई 335

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शनिवार की सुबह भी वायु गुणवत्ता बहेद खराब श्रेणी में बनी रही और सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 335 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर एप के अनुसार, राजधानी के 36 निगरानी केंद्रों पर भी वायु गुणवत्ता बेहद खराब दर्ज की गई। इन केंद्रों में से वायु गुणवत्ता का सबसे खराब स्तर मुंडका में दर्ज किया गया, जहां एक्यूआई 387 रहा।

- **36 निगरानी केंद्रों पर भी वायु गुणवत्ता दर्ज हुई बेहद खराब**

जानकारी के अनुसार रविवार को एक्यूआई 279 दर्ज किया गया और सोमवार को यह बढ़कर 304 पहुंच गया। वहीं मंगलवार को एक्यूआई बढ़कर 372 पर पुहंच गया तथा बुधवार को यह 342 रहा। राजधानी में गुरुवार और शुक्रवार को एक्यूआई क्रमशः 304 और 327 रहा जो बेहद खराब श्रेणी में आता है। इस बीच, आज यानी शनिवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस कम है तथा सुबह सापेक्षिक आर्द्रता 95 प्रतिशत रही। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

नेशनल हेराल्ड मामला

दिल्ली पुलिस ने भेजा नोटिस शिवकुमार ने बताया उत्पीड़न

बेंगलुरु। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने नेशनल हेराल्ड मामले की जांच के तहत वित्तीय और लेनदेन संबंधी विवरण मांगने के लिए दिल्ली पुलिस से जारी नोटिस को उत्पीड़न करार दिया। उन्होंने कहा कि वह इसे कानूनी रूप से चुनौती देंगे।

कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार ने इस कदम की निंदा करते हुए सवाल किया कि जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पहले ही इस मामले में आरोप पत्र दाखिल कर चुका है, तो अलग से पुलिस जांच की क्या जरूरत है। आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) से जारी नोटिस में कहा गया है कि शिवकुमार के पास नेशनल हेराल्ड मामले से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी होने की संभावना है। इस साल अक्टूबर को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था। शिवकुमार ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत चौंकाने वाला है।

वर्ल्ड ब्रीफ

गाजा चलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय निकाय की घोषणा इसी महीने

दोहा। अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम समझौते के अगले चरण के तहत गाजा का संचालन करने के लिए वर्ष के अंत तक एक अंतरराष्ट्रीय निकाय की घोषणा होने की संभावना है। एक अरब अधिकारी और पश्चिमी राजनयिक के मुताबिक समझौते के अनुसार, शांति बोर्ड के नाम से जाना जाने वाला और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अध्यक्षता वाला यह निकाय दो साल के संयुक्त राष्ट्र अधिदेश के तहत गाजा के पुनर्निर्माण की देखरेख करेगा। अरब अधिकारी और पश्चिमी राजनयिक ने नाम सार्वजनिक नहीं करने की शर्त पर बताया कि इस निकाय में पश्चिम एशिया और पश्चिमी देशों के लगभग एक दर्जन अन्य नेता भी शामिल होंगे।

दक्षिण अफ्रीका के हॉस्टल में फिर गोलीबारी, 11 की मौत

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के शहर एटरिजविल के सॉल्सविल हॉस्टल में गोलीबारी की घटना में तीन नाबालिगों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। यह हमला शनिवार सुबह हॉस्टल के अंदर चल रहे एक गैरकानूनी शराबखाने में हुआ। पुलिस के मुताबिक, 25 लोगों को गोली मारी गई, जिसमें चौदह लोग घायल हो गए और 11 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक तीन साल का लड़का, एक 12 साल का लड़का, एक 16 साल की लड़की और आठ वयस्क शामिल थे। इस हत्याकांड ने देश के शहरी हॉस्टलों में बढ़ती अराजकता से जुड़ी चिंताओं को एक बार फिर हवा दी है। हालिया घटनाओं का पैटर्न बताता है कि ये हॉस्टल ऐसा ठिकाना बन गए हैं जहां आपराधिक गिरोह बेरोकटोक काम करते हैं।

इटली को 100 जेएसएसएम मिसाइलें बेचेगा अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिका ने आकाश से धरती पर मार करने वाली ज्वाइंट एयर-टू-सरफेस स्टैंडऑफ (जेएएसएसएम) मिसाइलों और उनसे संबंधित उपकरणों को इटली को बेचने पर सहमति जताई है। इस सौदे की अनुमानित लागत 30 करोड़ 10लाख अमेरिकी डॉलर है। अमेरिका की डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी (डीएससीए) ने एक बयान में कहा, स्टेट डिपार्टमेंट ने इटली सरकार को विस्तारित रेंज वाली जेएएसएसएम मिसाइलें और संबंधित उपकरण बेचने की संभावित विदेश सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस बारे में कांग्रेस को आवश्यक सूचना भेज दी गई है। इटली सरकार ने अमेरिका से विस्तारित रेंज की 100 जेएएसएसएम मिसाइलें खरीदने का अनुरोध किया है, जिनकी लागत 30 करोड़ 10 लाख डॉलर है।

अमेरिका: घर में आग लगने से झुलसी भारतीय छात्रा की मौत

न्यूयॉर्क, एजेंसी

● न्यूयॉर्क के अल्बानी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं सहजा रेड्डी

अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक घर में आग लगने से गंभीर रूप से झुलसी 24 वर्षीय एक भारतीय छात्रा की मौत हो गई। भारतीय मिशन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक सहजा रेड्डी उदुमाला न्यूयॉर्क के अल्बानी में मास्टर डिग्री की पढ़ाई कर रही थीं।

न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उन्हें उदुमाला के असामयिक निधन पर गहरा दुख है, जिन्होंने अल्बानी के एक घर में आग लगने की घटना में अपनी जान गंवा दी। वाणिज्य दूतावास ने कहा, इस कठिन समय में हम उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। दूतावास ने यह भी कहा कि वह उदुमाला के परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। अल्बानी पुलिस विभाग ने एक बयान में बताया कि पुलिसकर्मियों और अल्बानी अग्निशमन विभाग ने चार दिसंबर की सुबह घर में लगी आग पर तुरंत कार्रवाई की।

विलुप्त होने से फिर बसाए जाने तक

भारत में चीतों का कुनबा

भारत में चीतों का एक लंबा इतिहास रहा है, खासकर मुगल सम्राटों के शासनकाल में। सम्राट अकबर के शासन में तो नौ से दस हजार चीते थे, जिनका वे शिकार करते थे और पालतू भी बनाते थे। शिकार और प्राकृतिक आवास की कमी की वजह से ही चीतों की संख्या में धीरे-धीरे कमी आनी शुरू हुई। 20वीं शताब्दी तक चीतों की आबादी में भारी गिरावट आई। भारत सरकार ने 1952 में आधिकारिक तौर पर एशियाई चीता को देश में विलुप्त घोषित कर दिया था। इसके 70 साल बाद, भारत सरकार ने 'प्रोजेक्ट चीता' लॉन्च किया जिसके तहत सितंबर 2022 में नामीबिया से आठ और 2023 में दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाया गया। इन चीतों को लंबे समय तक भारतीय जलवायु के साथ सामंजस्य बनाने के लिए संघर्ष करना

भारत में विलुप्त होने के कारण

- मुगल और ब्रिटिश काल के दौरान बड़े पैमाने पर शिकार और उन्हें पालतू बनाने के लिए के कारण संख्या में चीतों की संख्या में भारी कमी आई।
- घास के मैदानों और खुले जंगलों का कृषि और अन्य मानवीय गतिविधियों के लिए उपयोग करने से चीतों के प्राकृतिक आवास नष्ट हो गए।
- प्राकृतिक आवास के नुकसान के कारण चीतों के प्राथमिक शिकार जानवरों की संख्या भी कम हो गई, इससे उनके लिए भोजन की कमी हुई।

विलुप्तीकरण की घोषणा

- 1947 में छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह देव द्वारा देश में बचे अंतिम तीन चीतों का शिकार करने की पुष्टि हुई थी।
- काफी समय तक कोई चीता न दिखने पर आधिकारिक तौर पर भारत सरकार की ओर से 1952 में चीतों को देश से विलुप्त घोषित कर दिया गया था।

भारत की पारिस्थितिकी में महत्व

- चीता घासभूमि पारिस्थितिकी तंत्र में शीर्ष शिकारी है और कृषि को नुकसान पहुंचाने वाले हिरण और चीसिंगा का शिकार करता है।
- चीता प्रमुख प्रजाति है जिसके संरक्षण से उसके पूरे आवास घासभूमि व अर्ध शुष्क क्षेत्र और कमजोर प्रजातियों का भी संरक्षण होता है।
- चीतों की मौजूदगी से पारिस्थितिक संतुलन बहाल होता है, जिससे क्षेत्र में जैव विविधता विकसित होने का महत्वपूर्ण लाभ मिलता है।

- नामीबिया में चीतों की सबसे बड़ी आबादी है। अधिकांश चीते अफ्रीका के छह देशों में हैं। कुछ एशियाई चीते ईरान में ही बचे हैं।

भारत में चीतों का पुनर्वास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके लिए पहल की। प्रोजेक्ट चीता के तहत 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लाए गए आठ चीते कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बसाए गए। इसके बाद 2023 में दक्षिण अफ्रीका से भी कुछ चीते लाए गए। कूनो राष्ट्रीय उद्यान के बाद गांधी सागर अभयारण्य में भी इन चीतों को बसाया गया। भारत में चीतों की आधिकारिक तौर पर नवीनतम गिनती दिसंबर 2024 में जारी की गई थी, जिसमें बताया गया था कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में 26 वयस्क चीते और 13 शावक हैं।

अफ्रीकी-एशियाई चीतों में अंतर

- अफ्रीकी चीतों के आहार में विविधता होती है, वे कई तरह के शिकार करते हैं लेकिन एशियाई चीते चिंकारा, काला हिरण जैसे मध्यम शिकार पर ही निर्भर रहते हैं।
- एशियाई चीते तुलनात्मक रूप से छोटे होते हैं, लेकिन उनके शरीर पर फर मोटा और गर्दन अधिक शक्तिशाली होती है। पैर पतले होते हैं जिनकी वजह से तेज दौड़ते हैं।
- डीएनए विश्लेषण से पता चला है कि एशियाई चीते में अलग आनुवंशिक विशिष्टता है जो संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है। वे जलवायु के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं।

भारत-रूस संबंध वैश्विक स्तर पर लंबे समय से सबसे स्थिर : जयशंकर

कहा- पुतिन की यात्रा से अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर नहीं पड़ेगा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत-रूस साझेदारी पिछले 70-80 वर्षों में सबसे स्थिर और अहम संबंधों में से एक रही है और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की नई दिल्ली यात्रा का उद्देश्य आर्थिक सहयोग पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए इन संबंधों को फिर से परिभाषित करना था। जयशंकर ने इस विचार से असहमति जताई कि पुतिन की यात्रा भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी वार्ताओं को जटिल बना सकती है।

जयशंकर ने एक कार्यक्रम में पुतिन की यात्रा से अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर असर पड़ने के सवाल पर कहा, हर कोई जानता है कि भारत के दुनिया के सभी प्रमुख देशों के साथ बेहतर संबंध हैं। मुझे लगता है कि किसी भी देश की ऐसी अपेक्षा उचित नहीं है कि उसे यह कहने या दखल देने का हक है कि हमारे दूसरे देशों के साथ रिश्ते कैसे हों। उन्होंने कहा, क्योंकि याद रखिए, दूसरे देश भी वही अपेक्षा कर सकते हैं। मेरा मानना है कि हमने हमेशा स्पष्ट किया है कि हमारे अनेक देशों के साथ संबंध हैं। हमारे पास अपनी पसंद की आजादी है। जयशंकर ने कहा, हम जिसे रणनीतिक स्वायत्तता कहते हैं,

नई दिल्ली से प्रस्थान की तैयारी के बीच पुतिन से भेंट करते जयशंकर।

चीन के साथ कई मुद्दे हैं, कुछ सरल कुछ कठिन

चीन के साथ भारत के संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि नई दिल्ली ने जो मुख्य बात कही वह यह थी कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द अच्छे संबंधों के लिए पूर्व शर्त है और इसे बनाए रखा जा रहा है तथा इसे और मजबूत बनाया जा रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है कि संबंधों में यही एकमात्र मुद्दा था। कई अन्य मुद्दे भी थे, जिनमें से कुछ गलवान से पहले के थे। इसलिए व्यापार के मुद्दे हैं, निवेश के मुद्दे हैं, प्रतिस्पर्धा के मुद्दे हैं, सब्सिडी के मुद्दे हैं, निष्पक्षता के मुद्दे हैं, पारदर्शिता के मुद्दे हैं। उन्होंने कहा, ये भी वास्तविक मुद्दे हैं। हम इनमें से कुछ को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। इनमें से कुछ सरल हैं, कुछ कठिन।

उसके बारे में लगातार बात करते रहे हैं और वह जारी भी है। मुझे समझ नहीं आता कि किसी के पास इसके विपरीत अपेक्षा करने का कोई कारण क्यों होना चाहिए।

पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा पर जयशंकर ने कहा कि भारत जैसे बड़े और उभरते देश के लिए अपनी पसंद की स्वतंत्रता के अनुरूप दुनिया में अधिक से अधिक देशों के साथ बेहतर सहयोग को बनाए रखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अगर आप भारत-रूस संबंधों को देखें, तो दुनिया ने पिछले 70-80 सालों में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। मैंने पहले भी कहा है और मैं फिर से कहूंगा कि भारत और रूस के बीच संबंध दुनिया के सबसे स्थिर और मजबूत संबंधों में से एक रहे हैं। जयशंकर ने कहा, यहां तक कि रूस के चीन, अमेरिका या यूरोप के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। इनमें से कई देशों के साथ हमारे संबंधों में भी उतार-चढ़ाव आए हैं।

व्यापार वाशिंगटन की सोच का केंद्र बिंदु, हम सामना करने को तैयार

विदेश मंत्री ने स्वीकार किया कि ट्रंप प्रशासन का ध्यान व्यापार पर रहा है। कहा, इस दिशा में भारत का दृष्टिकोण पूरी तरह राष्ट्रीय हितों से प्रेरित है। उन्होंने कहा, इस समय व्यापार सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह स्पष्ट रूप से वाशिंगटन की सोच का केन्द्र बिन्दु है, यह पहले की सरकारों की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण है, जिसे हमने पहचाना है और हम उचित शर्तों पर इसका सामना करने के लिए तैयार हैं। मेरा मतलब है, आपमें से जो लोग सोचते हैं कि कूटनीति का मतलब किसी और को खुश करना है तो माफ कीजिए, मेरी कूटनीति की यह धारणा नहीं है। मेरे लिए कूटनीति का मतलब हमारे राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है।

● पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारत की तुलना में दूसरी समस्याएं उस देश की सेना से उत्पन्न होती हैं और उन्होंने आतंकवादी समूहों को उसके समर्थन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जैसे अच्छे आतंकवादी और बुरे आतंकवादी होते हैं, वैसे ही अच्छे सैन्य नेता भी होते हैं और कुछ इतने अच्छे नहीं भी होते।

डीआरडीओ ने सशस्त्र बलों को सात नव विकसित प्रौद्योगिकियां सौंपीं

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने लंबे समय तक पानी में सेंसरिंग एवं निगरानी के लिए उपयोगी 'लॉन्ग लाइफ सीवाटर बैटरी सिस्टम' और तेज इंटरसेप्टर नौकाओं के लिए वॉटरजेट प्रणोदन प्रणाली समेत सात प्रौद्योगिकियां सशस्त्र बलों को सौंपी हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये प्रौद्योगिकियां प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) योजना के तहत विकसित की गई हैं।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, डीआरडीओ ने टीडीएफ योजना के तहत विकसित सात प्रौद्योगिकियां सेना के तीनों अंगों को सौंप दी हैं। इन प्रौद्योगिकियों में हवाई आत्म सुरक्षा जैमर्स के लिए स्वदेशी उच्च-वोल्टेज विद्युत आपूर्ति, नौसेना जेटी के लिए ज्वार-कुशल गैंगवे, उन्नत अति निम्न आवृत्ति-उच्च आवृत्ति 'स्विचिंग

● प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना के तहत की गई हैं विकसित, सेना के तीनों अंग करेंगे इस्तेमाल

मैट्रिक्स' प्रणालियां, पानी के नीचे प्लेटफार्म के लिए 'वीएलएफ लूप एरियल', तीव्र अवरोधक के लिए स्वदेशी वॉटरजेट प्रणोदन प्रणाली, प्रयुक्त लिथियम-आयन बैटरियों से 'लिथियम प्रीकर्सर' की पुनर्प्राप्ति की नई प्रक्रिया और पानी के भीतर दीर्घकालीन संवेदन एवं निगरानी अनुप्रयोगों के लिए दीर्घ समय तक काम करने में सक्षम समुद्री जल बैटरी प्रणाली शामिल हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इन सभी प्रौद्योगिकियों/उत्पादों को भारतीय रक्षा उद्योग द्वारा डीआरडीओ के विशेषज्ञों एवं तीनों सेनाओं के निकट सहयोग एवं मार्गदर्शन के साथ डिजाइन, विकसित और व्यापक परीक्षणों के माध्यम से तैयार किया गया है। मंत्रालय के अनुसार यह सफलता आयात प्रतिस्थापन एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के स्वदेशी विकास पर टीडीएफ योजना के बढ़ते प्रभाव को प्रदर्शित किए जाने को दर्शाती है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत की अध्यक्षता में दो दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली स्थित डीआरडीओ भवन में डीआरडीओ की उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सशस्त्र बलों, रक्षा उत्पादन विभाग और डीआरडीओ के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। इस दौरान इन प्रौद्योगिकियों को सशस्त्र बलों को औपचारिक रूप से सौंपा गया।

पाकिस्तान: 10 लाख डॉलर से ज्यादा की नशीली गोलियां जब्त

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में एक तस्कर-विरोधी अभियान में प्रशासन ने लगभग 29.98 करोड़ पाकिस्तानी रुपये (लगभग 10 लाख अमेरिकी डॉलर) की नशीली गोलियों की एक बड़ी खेप बरामद की है। हवाई अड्डे पर बरामद नशे की इस खेप को जर्मनी से लाया गया था और स्पीकर और एलईडी लैंप के अंदर छिपाया गया था।

इजराइल से नए साल के शुरू में भारत को मिलेगी एलएमजी की पहली खेप

यरुशलम, एजेंसी

● नए जमाने की कार्बाइन की आपूर्ति के लिए अनुबंध भी अंतिम चरण में

इजराइल की एक प्रमुख रक्षा कंपनी ने बताया कि उसकी योजना अगले साल की शुरुआत में भारत को 40,000 लाइट मशीन गन (एलएमजी) की पहली खेप की आपूर्ति करने की है जबकि लगभग 1,70,000 नए जमाने की कार्बाइन की आपूर्ति के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर से जुड़ी प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

'इजराइल वेपन इंडस्ट्रीज' (आईडब्ल्यूआई) के सीईओ शुकी श्वाट्र्ज ने यह भी बताया कि उनकी कंपनी वर्तमान में भारत के गृह मंत्रालय की विभिन्न एजेंसियों के साथ मिलकर पिस्टल, राइफल और मशीन गन सहित उनके उत्पादों का विपणन कर रही है। श्वाट्र्ज ने कहा, हम अभी तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल हैं। पहला, 40,000 लाइट मशीन गन का अनुबंध, जिस पर पिछले साल हस्ताक्षर किए गए थे। हमने सभी परीक्षण और सरकारी जांच पूरी कर ली है तथा हमें उत्पादन का लाइसेंस मिल गया है। हमारा इरादा साल की शुरुआत में पहली खेप की आपूर्ति करना का है। उन्होंने कहा, एलएमजी की आपूर्ति पांच साल के लिए है। हम इसे और भी जल्दी दे सकते हैं लेकिन पहली आपूर्ति साल की शुरुआत में होगी। श्वाट्र्ज ने बताया कि दूसरे कार्यक्रम में सीक्यूबी (क्लोज क्वार्टर्स बैटल) कार्बाइन निविदा शामिल है।

उन्होंने बताया, हमारा इरादा अनुबंध का 40 प्रतिशत आपूर्ति करने का है। हम अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में हैं और मेरा मानना है कि इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत तक इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। 'सीक्यूबी कार्बाइन' की आपूर्ति का 60 प्रतिशत 'भारत फोर्ज' करेगा जबकि शेष 40 प्रतिशत (170,000 इकाइयां) अदाणी समूह की सहायक कंपनी पीएलआर सिस्टम्स द्वारा वितरित की जाएंगी।

सशस्त्र सेना दिवस मना रहे यूक्रेन पर रूस का बड़ा हमला

कीव, एजेंसी

● अमेरिका और यूक्रेन में वार्ता होने से पहले बरसाए ड्रोन, मिसाइलें

रूस ने शुक्रवार को पूरी रात अपना सशस्त्र सेना दिवस मना रहे यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। इससे पहले, अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा था कि वे चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के वास्ते तीसरे दिन की वार्ता के लिए शनिवार को मिलेंगे।

बातचीत में युद्ध के बाद यूक्रेन के लिए एक सुरक्षा तंत्र तैयार करने की दिशा में हुई प्रगति के उपरांत दोनों पक्षों ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी समझौते की दिशा में आगे बढ़ना इस पर निर्भर करेगा कि रूस कितनी गंभीरता दिखाता है। अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और यूक्रेन के वार्ताकार रुस्टम उमेरोव तथा आंद्रिय ह्नातोव की ओर से यह बयान शुक्रवार को फ्लोरिडा में हुई दूसरे दिन की बैठक के बाद आया। उन्होंने अब तक हुई प्रगति के बारे में मोटे तौर पर कुछ ही बातें बताईं। ट्रंप चाहते हैं कि कीव और मॉस्को युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिका की ओर से तैयार मध्यस्थता प्रस्ताव पर सहमत हों।

पाकिस्तान व अफगान बलों के बीच चमन सीमा पर गोलीबारी

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी और अफगान बलों के बीच चमन सीमा पर भारी गोलीबारी हुई है। जिला अस्पताल में घायलों को लाया गया है लेकिन इस गोलीबारी में कोई मारा नहीं गया है।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर देर रात बलूचिस्तान प्रांत से लगी सीमा पर गोलीबारी का आरोप लगाया। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि अफगान बलों ने बदानी इलाके में मोर्टार दागे थे, अफगान तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने आरोप लगाया कि स्पिन बोल्डक पर हमला पाकिस्तान ने किया था।

भारत-अमेरिका ने लश्कर, जैश के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

● कहा- संपत्ति कुर्की और हथियार प्रतिबंध जैसे अतिरिक्त दंड लगें

भारत और अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र से पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद, उनके छद्म समूहों और समर्थकों के खिलाफ संपत्ति कुर्क करने और हथियार प्रतिबंध जैसे अतिरिक्त दंडात्मक उपायों की मांग की है। दोनों पक्षों ने आईएसआईएस और अलकायदा से जुड़े संगठनों पर और अधिक प्रतिबंध घोषित करने की भी मांग की।

इन समूहों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा आतंकवादी घोषित किया गया था और वे पहले से ही वैश्विक निकाय की प्रतिबंध व्यवस्था के तहत विभिन्न दंडात्मक कार्रवाइयों का सामना कर रहे हैं। भारत और अमेरिका ने अपने आतंकवाद-रोधी संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की बैठक के साथ-साथ तीन दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित 'डेजिगनेशंस डायलॉग' के दौरान आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

वार्ता में, भारतीय पक्ष ने लश्कर से जुड़े 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) को एक विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी की सूची में डालने के लिए अमेरिकी विदेश विभाग को धन्यवाद दिया।

टीआरएफ ने पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। शनिवार को जारी संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों पक्षों ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए सतत और व्यापक तरीके से ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है।

आज की ग्रह स्थिति: 7 दिसंबर, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 06.24 तक तत्पश्चात चतुर्थी।



दिशाशूल- पश्चिम, **ऋतु**- हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- पुनर्वसु 08 दिसंबर 04.11 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष आज राजनीतिक लोगों को काफी अच्छे अवसर मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ महत्वपूर्ण चर्चाओं का आनंद लेंगे। घर का वातावरण अनुशासित और मर्यादित रहेगा। व्यवसाय में आपको बड़ी उपलब्धियां मिलने के योग बन रहे हैं।

वृष आज तकनीकी शिक्षा ले रहे लोगों को पढ़ाई में परेशानी होगी। मनोरंजक यात्राओं का आनंद लेंगे। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें। अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसी से अधिक अपेक्षा रखना उचित नहीं है।

मिथुन आज अपने काम पर विश्वास बनाए रखें। विदेशी कंपनियों से जॉब के नए विकल्प मिल सकते हैं। कला और खेलकूद में आप अत्यधिक रुचि ले सकते हैं। जो भी काम करें उसे पूरे मनोयोग से करें। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

कर्क आज पुराने रोग उभर के सामने आ सकते हैं। खांसी-जुकाम की समस्या होने की संभावना है। बदलते मौसम और ठंड से आपको बचना चाहिए। माता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आपको आज काफी थकाऊ यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

सिंह आज परिजनों पर धन खर्च करेंगे। गैरकानूनी कार्यों में रुचि ले सकते हैं। आप लोगों की सहायता करने को लेकर अत्यधिक प्रसिद्ध हो सकते हैं। आपकी दबी हुई इच्छाएं पूर्ण हो सकती हैं। सभी कार्य तीव्र गति से पूर्ण होंगे।

कन्या आज कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती हैं। समाजसेवा में आप अत्यधिक रुचि लेंगे। स्थाई संपत्ति में वृद्धि होगी। किसी उत्सव के लिए जा सकते हैं। वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा।

तुला आज कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा नहीं होगी। मेहनत करने के बाद ही इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी। उधार में किसी को धन न दें। जीवनसाथी के साथ कलह हो सकती है। यात्रा में काफी परेशानियां होंगी।

वृश्चिक आज व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोतरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं। समय रहते समस्याओं को सुलझाना अत्यन्त आवश्यक है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। शुगर के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका है।

धनु आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारियों की मदद मिलेगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। जीवनसाथी की सलाह आपके आत्मबल को बढ़ायेगी। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे। धन के मामलों में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

मकर आज पैतृक व्यवसाय में आपको कुछ सुधार करने की आवश्यकता है। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। नए लोगों के साथ आपके संपर्क बनेंगे। घर में धर्म-कर्म का वातावरण रहेगा। बिना विचार करे कोई काम न करें। मैं अत्यधिक परिश्रम करेंगे।

कुंभ आज बुरे लोगों की संगत से बचें। अनावश्यक बातों को महत्व न दें। कमीशन संबंधी कार्यों में धन हानि हो सकती है। शंकालु स्वभाव के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अत्यधिक व्यस्तता के कारण थोड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

मीन आज जीवनसाथी से आपकी अपेक्षाएं बढ़ सकती हैं, जो कई बार अव्यवहारिक हो सकती हैं। नए कार्यों की शुरुआत करना उचित नहीं है। अपनी महत्वाकांक्षाओं को अनजान लोगों से व्यक्त न करें। अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। वाहन चलाते समय सावधानी रखनी चाहिए।

सुडोकू-183

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1			3					
7								
			2	6				
8								
				9				
						8		
	1							9

सुडोकू - 182 का हल

5	1	6	8	2	7	4	3	9
4	2	8	5	9	3	1	6	7
7	3	9	1	6	4	5	8	2
8	4	5	9	7	2	6	1	3
1	7	3	6	5	8	9	2	4
6	9	2	3	4	1	7	5	8
2	5	4	7	8	6	3	9	1
3	6	7	2	1	9	8	4	5
9	8	1	4	3	5	2	7	6



> सीनियर हॉकी विश्व कप के लिए कई पहलुओं पर विचार करना होगा। हम अभी टीमों की संख्या बढ़ाने के लिए तैयार नहीं हैं, क्योंकि शीर्ष देश वैसे भी प्रो लीग में खेल रहे हैं।
>
> **-तैयब इकराम, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष**

स्टेडियम

बरेली, रविवार, 7 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

मंधाना सोशल मीडिया मंच पर फिर सक्रिय

नई दिल्ली : भारतीय महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना अपनी शादी टलने के लगभग दो हफ्ते बाद करियर और क्रिकेट सफर पर फोकस करते हुए सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम फिर से सक्रिय हो गई हैं। सिंगर-कंपोजर पलाश मुच्छल के साथ उनकी शादी 23 नवंबर को होने वाली थी। उनके पिता की अचानक तबीयत खराब होने के कारण इसे टाल दिया गया है। मंधाना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक पेड पार्टनरशिप वीडियो साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने क्रिकेट सफर और करियर के बारे में बात की। शादी कैंसिल होने के बाद यह उनकी पहली पब्लिक अपीयरेंस है। फैंस ने तुरंत कमेंट्स में सपोर्ट और खुशी के मैसेज भेजे।

प्रो कुश्ती लीग 15 जनवरी से होगी

नई दिल्ली : प्रो कुश्ती लीग (पीडब्ल्यूएल) अगले साल 15 जनवरी से शुरू होगी और एक फरवरी तक चलेगी। इसके सभी मैच नोएडा इंडोर स्टेडियम में होंगे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने शनिवार को यह घोषणा की। आयोजकों ने पहले घोषणा की थी कि लीग के लिए दिल्ली एकमात्र स्थल होगा। इस लीग को कोविड-19 महामारी के कारण चार सत्रों के बाद निलंबित कर दिया गया था। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय सिंह के अनुसार 20 से अधिक देशों के 300 से अधिक पहलवानों ने नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। इन खिलाड़ियों में ओलंपिक पदक विजेता, विश्व चैंपियनशिप के फाइनलिस्ट और भारत के शीर्ष पहलवान शामिल हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छह टीमों में चार महिला पहलवानों सहित नौ पहलवान शामिल होंगे।

भारत ने दक्षिण अफ्रीका से हिसाब किया बराबर

वनडे सीरीज 2-1 से जीती, कुलदीप, कृष्णा व शतकवीर यशस्वी चमके

116* रन

यशस्वी जायसवाल।

04 विकेट

कुलदीप यादव।

विशाखापत्तनम, एजेंसी

कुलदीप यादव और प्रसिद्ध कृष्णा की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद यशस्वी जायसवाल (नाबाद 116) की शतकीय पारी के बूते भारतीय टीम ने तीसरे और निर्णायक वनडे में शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को 61 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली। कुलदीप (10 ओवर में 41 रन) और कृष्णा (9.5 ओवर में 66 रन) ने चार-चार विकेट लिए जिससे क्विंटन डिकॉक (106) की शतकीय पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका की टीम 47.5 ओवर में 270 रन पर आउट हो गई। भारत ने 39.5 ओवर में एक विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस तरह उसने टेस्ट श्रृंखला में मिली 0-2 की हार की निराशा को कुछ हद तक कम किया। दोनों टीमें अब नौ दिसंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भिड़ेंगी।

जायसवाल ने अपनी नाबाद शतकीय पारी के दौरान 121 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के लगाने के अलावा रोहित शर्मा (75) के साथ पहले विकेट के लिए 155 और विराट कोहली (नाबाद 65) के साथ दूसरे विकेट के लिए 116 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत पक्की की। रोहित ने 73 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के जड़े जिसमें लुंगी एनगिडी के खिलाफ पुल शॉट पर लगाया छक्का दिलकश था।

कोहली ने भी शानदार लय जारी रखते हुए 45 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और तीन छक्के जड़ें। दक्षिण अफ्रीका के लिए एकमात्र सफलता केशव महाराज (40 ओवर में 44 रन को मिली। डिकॉक ने 89 गेंद की पारी में आठ चौके और छह छक्के की मदद से 106 रन बनाने के अलावा कप्तान तेम्बा बावुमा (48) के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 और मैथ्यू ब्रीट्जके (24) के साथ तीसरे विकेट के लिए 54 रन की साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका 28वें ओवर तक दो विकेट पर 167 रन बनाकर बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहा था लेकिन कृष्णा ने 29वें ओवर में ब्रीट्जके और एडेन मारक्रम (एक) के रूप में दो विकेट लेकर भारत को वापसी कराने के बाद डिकॉक को भी चलता किया। इसके बाद कुलदीप ने डेवाल्ड ब्रेविस (29), मार्को यानसन (17) और कोर्बिन बोश (नौ) जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को आउट कर मैच पर भारत का दबदबा बनाये रखा। लक्ष्य का बचाव करते हुए दूधिया रोशनी में दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नयी गेंद से स्विंग हासिल कर रहे थे जिससे रोहित और जायसवाल ने शुरुआत में सतर्कता बरती। रोहित ने चौथे ओवर में एनगिडी के खिलाफ पारी का पहला चौका जड़ा तो वहीं जायसवाल ने यानसेन की गेंद पर चार रन बटोर कर हाथ खोले।

दक्षिण अफ्रीका

270/10 (47.5 ओवर)

क्विंटन डिकॉक बो कृष्णा	106
रिकलटन का राहुल बो अर्शदीप	00
तेम्बा बावुमा का कोहली बो जडेजा	48
मैथ्यू ब्रीट्जके पगबाधा कृष्णा	24
मार्कर का कोहली बो कृष्णा	01
ब्रेविस का रोहित बो कुलदीप	29
यानसेन का जडेजा बो कुलदीप	17
कोर्बिन बोश का एवं बो कुलदीप	09
केशव महाराज नाबाद	20
लुंगी एनगिडी पगबाधा कुलदीप	01
ओर्टनील बार्टमैन बो कृष्णा	03

गेंदबाजी : अर्शदीप 8-1-36-1, हर्षित 8-2-44-0, कृष्णा 9 .5-0-66-4, जडेजा 9-0-50-1, कुलदीप 10-1-41-4, तिलक 3-0-29-0

भारत

271/1 (39.5 ओवर)

यशस्वी जायसवाल नाबाद	116
रोहित का ब्रीट्जके बो महाराज	75
विराट कोहली नाबाद	65

गेंदबाजी : यानसन 8-1-39-0, एनगिडी 6 .5-0-56-0, महाराज 10-0-44-1, बार्टमैन 7-0-60-0, बोश 6-0-53-0, मारक्रम 2-0-17-0

रोहित शर्मा के 20,000 रन पूरे

रोहित ने 14 ओवर में महाराज के खिलाफ एक रन चुरा 27 रन के स्कोर पर पहुंचते ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट (तीनों प्रारूपों को मिला) में 20,000 रन पूरे किए। वह महान सचिन तेंदुलकर (34357), विराट कोहली (27910) और राहुल द्रविड़ (24208) के बाद ऐसा करने वाले केवल चौथे भारतीय बल्लेबाज है।

भारत के कप्तान केएल राहुल ट्रॉफी के साथ।

स्टार्क का बल्ले व गेंद से शानदार प्रदर्शन

ब्रिस्बेन, एजेंसी

ब्रिस्बेन टेस्ट

- ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बनाए
- दूसरी पारी में इंग्लैंड छह विकेट गवां कर संघर्षरत

ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने शनिवार को बल्ले से बेहतरीन प्रदर्शन के बाद गेंद से भी कमाल दिखाया जिससे इंग्लैंड की टीम दूसरे एशेज क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में छह विकेट पर 134 रन बनाकर जूझ रही थी।

पैंतीस साल के स्टार्क ने इस दिन रात्रि मैच में 141 गेंद में 77 रन बनाए जो 2016 के बाद टेस्ट में उनका सबसे बड़ा स्कोर है। उनकी इस पारी से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बनाकर 177 रन की बढ़त हासिल की।

स्टंप तक इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और ऑलराउंडर विल जैक्स दोनों चार रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया को फिर से बल्लेबाजी कराने के लिए 43 रन और बनाने होंगे। स्टार्क को पर्थ में सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की आठ विकेट से शानदार जीत में 10 विकेट लेने के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया था। अब वह एक और पुरस्कार की दौड़ में हैं।स्टार्क ने जो रूट (15 रन) को आउट कर इंग्लैंड का अहम विकेट झटका।

इसके बाद उन्होंने अपने अगले ओवर में जेमी स्मिथ को आउट करके इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 128 रन कर दिया जिससे सीरीज में उनके विकेट की संख्या 18 पहुंच गई। स्कॉट बोलैंड और माइकल नेसर ने दो दो विकेट झटके। बोलैंड ने बेन डकेट (15 रन) और हैरी ब्रूक (15) तथा नेसर ने ओली पोप (26) और जैक क्रॉली (44) के विकेट लिए। ऑस्ट्रेलियाई टीम रविवार को जल्दी से चार विकेट झटककर पांच मैच की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल करना चाहेगी।

गिल को पहले टी-20 में खेलने के लिए हरी झंडी

कटक : भारत की टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की खेल विज्ञान टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में खेलने की मंजूरी दे दी है।

गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। तब उनकी गर्दन में अकड़न आ गई थी लेकिन अब उन्होंने सफलतापूर्वक रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है।

जर्मनी के खिलाफ गलतियों से बचना होगा भारत को

चेन्नई, एजेंसी

बेल्जियम को शूटआउट में हराकर जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची भारतीय टीम को मौजूदा और सात बार की चैंपियन जर्मनी के खिलाफ रविवार को होने वाले मुकाबले में पिछली गलतियों से सबक लेकर उतरना होगा।

मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर शुक्रवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में 45 मिनट तक एक गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने तीन मिनट में दो गोल करके बढत बना ली थी लेकिन 59वें मिनट में बेल्जियम ने गोल करके मैच को शूटआउट में खींच दिया जिसमे गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह के उम्दा प्रदर्शन से मेजबान टीम ने 4-3 से जीत दर्ज की। पिछली उपविजेता फ्रांस को शूटआउट में हराकर अंतिम चार में पहुंची जर्मनी के खिलाफ इस तरह की कोई भी चूक भारी पड़ सकती है और मुख्य कोच पी आर श्रीजेश ने भी स्वीकार किया कि प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

श्रीजेश ने मैच के बाद कहा नॉकआउट मैचों में इस तरह की गलतियां नहीं कर सकते। सबसे पहले तो गोल करने के मौके बर्बाद करने से बचना होगा और आखिरी क्षणों में गोल गंवाने की गलती से पार पाना होगा। हम खिताब से दो जीत दूर हैं और खिलाड़ियों को बखूबी पता है कि यह खिताब जीतना उनके लिए कितना जरूरी है। पिछली बार 2023 में कुआलालम्पुर में हुए जूनियर विश्व कप में जर्मनी के खिलाफ ही सेमीफाइनल में भारत को 1-4 से पराजय झेलनी पड़ी थी जब वह दर्जन भर पेनल्टी कॉर्नर में से एक पर भी गोल नहीं हो सका था। दूसरी ओर जर्मनी ने दोनों पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये थे। कांस्य पदक के मुकाबले में स्पेन से 1-3 से हारकर भारत चौथे स्थान पर रहा था।

इस बार राउंड रॉबिन चरण में चिली, ओमान और स्विटजरलैंड के खिलाफ भारत ने एक भी गोल नहीं गंवाते हुए सबसे ज्यादा 29 गोल दागे थे । क्वार्टर फाइनल से पहले तक गोलकीपर और डिफेंस को कोई चुनौती नहीं मिली थी और बेल्जियम के खिलाफ 13वें मिनट में भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट का पहला गोल गंवाया।

अभी काम पूरा नहीं हुआ है : कोच श्रीजेश

चेन्नई : खिताब से दो जीत दूर भारतीय टीम को जर्मनी के खिलाफ जूनियर हॉकी विश्व कप सेमीफाइनल से पहले मुख्य कोच पी आर श्रीजेश से एक ही सलाह मिली है कि अभी काम पूरा नहीं हुआ है और अपने पैर जमीन पर रखने हैं। भारत ने आखिरी मिनट में गोल गंवाने के बाद शूटआउट तक खिंचे क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम को 4-3 से हराया लेकिन दो बार के ओलंपिक पदक विजेता रहे कोच श्रीजेश का कहना है कि सात बार की चैम्पियन जर्मनी के खिलाफ इस तरह की गलतियों की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने भाषा से कहा बेल्जियम के खिलाफ पहले 45 मिनट एक गोल से पीछे रहना और फर आखिरी एक मिनट में उन्हें बराबरी का गोल करने का मौका देना, यह मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। आखिरी मिनट में गोल गंवाना, शूटआउट इससे बचना चाहिए।

- सात बार के चैंपियन के खिलाफ मुकाबला आज

FIH HOCKEY MEN'S JUNIOR WORLD CUP TAMIL NADU 2025

फुटबॉल विश्व कप

11 जून से शुरू होगा महामुकाबला, 48 देशों की टीमें लेंगी भाग, स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी पर रहेंगी निगाहें

अल्जीरिया के खिलाफ अभियान शुरू करेगा मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना

वॉशिंगटन, एजेंसी

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो वाशिंगटन के केनेडी सेंटर में 2026 सॉकर वर्ल्ड कप के ड्रॉ के दौरान देशों के नाम दिखाते हुए। एजेंसी

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपने खिताब बचाने के अभियान की शुरुआत अल्जीरिया के खिलाफ करेगा। जिसमें सभी की निगाहें स्टार स्ट्राइकर लियोनेल मेसी पर टिकी रहेंगी, जो रिकॉर्ड छठी बार इस टूर्नामेंट में खेलेंगे।

लगभग डेढ़ लाख की आबादी वाला कुराकाओ जनसंख्या के लिहाज से विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे छोटा देश बन गया है। उसका पहला मुकाबला चार बार के चैंपियन जर्मनी से होगा।

विश्व कप ड्रॉ के लिए आयोजित समारोह बेहद भव्य था। कैनेडी सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स में आयोजित समारोह में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फुटबॉल की नियामक संस्था फीफा ने एक नया शांति पुरस्कार भी प्रदान किया। ट्रंप, मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अपने-अपने देशों के नाम लिखे प्लास्टिक के गोले उठाए। ट्रंप की तुलना में शीनबाम ने ज्यादा तालियां बटोरीं। फीफा का यह कार्यक्रम एक फुटबॉल मैच के समय के बराबर 90 मिनट तक चला जिसमें संगीत और खेल व मनोरंजन जगत के सितारे शामिल थे। असली ड्रॉ लगभग डेढ़ घंटे बाद शुरू हुआ। टॉम ब्रैडी, शैक्विल ओ नील, आरोन जज और वेन ग्रेट्ज़की जैसी हस्तियों ने इसमें हिस्सा लिया। न्यूजीलैंड का नंबर सबसे बाद में आया। तीन बार की चैंपियन अर्जेंटीना का पहला मैच 16 जून को मिसौरी के कैनसस सिटी या कैलिफ़ोर्निया के सांता क्लारा में होगा। इसके बाद ग्रुप जे में उसका सामना ऑस्ट्रिया और जॉर्डन से होगा। टूर्नामेंट के दौरान 39 वर्ष के हो जाने वाले मेस्सी ने अभी तक इस टूर्नामेंट में खेलने की प्रतिबद्धता नहीं जताई है, लेकिन यदि वह रिकॉर्ड छठे विश्व कप में खेलने से इन्कार कर देते हैं तो यह चौंकाने वाली बात होगी।

मेजबान अमेरिका ग्रुप डी में अपना पहला मैच 12 जून को कैलिफोर्निया के इंगलवुड में पैराग्वे के खिलाफ खेलेगा। अमेरिकी टीम छह दिन बाद सिएटल में ऑस्ट्रेलिया से और फिर 25 जून को सोफी स्टेडियम में तुर्की, रोमानिया, स्लोवाकिया या कोसोवो से भिड़ेगी। मैक्सिको 11 जून को मैक्सिको सिटी में ग्रुप ए में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगा।

इंग्लैंड ग्रुप एल में क्रोएशिया, घाना और पनामा के साथ खेलेगा। पांच बार के चैंपियन ब्राजील का पहला मुकाबला मोरक्को से होगा। इसके बाद वह ग्रुप सी में हैती और स्कॉटलैंड का सामना करेगा। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने कहा यह बहुत मुश्किल ग्रुप है। शीर्ष रैंकिंग वाली स्पेन की टीम ग्रुप एच में केप वर्डे, सऊदी अरब और उरुग्वे से भिड़ेगी, जबकि चार बार की चैंपियन जर्मनी का सामना ग्रुप ई में कुराकाओ, आइवरी कोस्ट और इक्वाडोर से होगा।

दो बार की चैंपियन फ्रांस की टीम 16 जून को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी या फॉक्सबोरो, मैसाचुसेट्स में सेनेगल के खिलाफ़ मुकाबला खेलेगी। इसके बाद फ्रांस ग्रुप आई में बोलीविया, इराक या सूरीनाम से भिड़ेगा। पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो भी मेस्सी की तरह रिकॉर्ड छठे विश्व कप में खेलने की उम्मीद कर रहे हैं। अगर पुर्तगाल और अर्जेंटीना अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहते हैं तो रोनाल्डो और मेस्सी एरोहेड स्टेडियम में क्वार्टर फाइनल में एक दूसरे का सामना कर सकते हैं।

ब्राजील ने 1958 और 1962 में लगातार दो बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। इटली के नाम चार और उरुग्वे के नाम दो ख़िताब हैं। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने ट्रंप को एक बड़ी सुनहरे रंग की शांति पुरस्कार ट्रॉफी और नीले रिबन से लटका एक सुनहरे रंग का पदक दिया, जिसे ट्रंप ने अपने गले में लटका लिया।

न्यू जर्सी में 19 जुलाई को होगा फाइनल

विश्व कप 2026 के क्वालीफाइंग मुकाबले 27 महीने पहले शुरू हो गए थे। इस टूर्नामेंट में पांच बार के चैंपियन ब्राजील से लेकर पदार्पण करने वाले केप वर्डे, कुराकाओ, जॉर्डन और उज्बेकिस्तान सहित 48 देशों की टीम अपना कौशल दिखाएंगी। अगले साल 11 जून से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 104 मैच होंगे। विश्व कप में भाग लेने वाली 48 में से 42 टीमों का निर्धारण हो चुका है, जबकि 22 टीमें बाकी बचे छह स्थानों के लिए प्लेऑफ में खेलेंगी। इन टीमों का निर्धारण अगले साल 31 मार्च तक हो जाएगा। टीमों को 12 ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप में चार-चार टीम हैं। प्रत्येक ग्रुप से पहले दो स्थान पर रहने वाली टीम और तीसरे स्थान पर रहने वाली शीर्ष आठ टीम राउंड ऑफ 32 में जगह बनाएंगी। क्वार्टर फाइनल से आगे के सभी मैच अमेरिका में होंगे, जिनका समापन 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में होने वाले फाइनल में होगा।

अन्य ग्रुपों की स्थिति इस प्रकार है

जी : बेल्जियम, मिस्र, ईरान, न्यूजीलैंड।

बी : कनाडा, स्विट्जरलैंड, कतर और इटली, बोस्निया-हर्जेगोविना, वेल्स या उत्तरी आयरलैंड।

एफ : नीदरलैंड, जापान, ट्यूनीशिया और स्वीडन, यूक्रेन, अल्बानिया और पोलैंड।

सुरुचि ने स्वर्ण व संयम ने रजत पदक जीता

दोहा, एजेंसी

निशानेबाजी विश्व कप फाइनल

सुरुचि सिंह।

प्रतिभाशाली निशानेबाज सुरुचि सिंह ने एक और शानदार प्रदर्शन हुए महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनकी साथी संयम ने रजत पदक हासिल किया जिससे भारत ने सत्र के आखिर में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के पहले दिन शानदार शुरुआत की।

दिन में पहले 10 मीटर राइफल निशानेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सुरुचि ने फाइनल में 245.1 का शानदार स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीतकर भारत के लिए दिन चमका दिया। वहीं पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन संयम ने 243.3 के स्कोर के साथ देश के लिए रजत पदक पक्का किया।

दो बार की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर फाइनल में पहुंची लेकिन 179.2 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। इस साल की शुरुआत में लगातार चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के बाद सुरुचि सितंबर-अक्टूबर में विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर थीं। वह शानदार फॉर्म में थीं और उन्होंने 586 के कुल स्कोर के साथ 12 निशानेबाजों के एलीट ग्रुप में क्वालिफिकेशन दौर में दूसरा स्थान हासिल किया। भाकर (578) छठे स्थान पर रहीं जबकि 2023 की जूनियर विश्व चैंपियन संयम (573) क्वालिफिकेशन में आठवें स्थान पर रहने के बाद मुश्किल से फाइनल में पहुंच पाईं। हालांकि फाइनल में 21 साल की संयम बिल्कुल अलग रंग में दिखीं। वह फाइनल के बड़े हिस्से में सबसे आगे रहीं लेकिन एलिमिनेशन दौर में चार बार 9.5 का स्कोर से शीर्ष स्थान सुरुचि को गंवा बैठीं।